e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 82

रविवार

26.03.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 3 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**

महत्व इस बात का नहीं है कि आप कितने अच्छे है, महत्व इस बात का है कि आप कितना अच्छा बनना चाहते है।

ताजा खबरों के लिए देखें

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रोजा का समय**

इफ्तार (26/03/23) 06:03

सेहरी (27/03/23) 04:24

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

**रांची का तापमान**

अधिकतम 26°

न्युनतम 12°

## स्कन्दमाता



सिंहासनगता नित्यं पद्मश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी स्कन्दमाता यशस्विनी।।

मां दुर्गा के पांचवें स्वरूप को स्कन्दमाता कहा जाता है। ये भगवान स्कन्द कुमार कार्तिकेय के नाम से भी जाने जाते हैं। इन्हीं भगवान स्कन्द अर्थात कार्तिकेय की माता होने के कारण मां दुर्गा के इस पांचवें स्वरूप को स्कन्दमाता के नाम से जाना जाता है। इनकी उपासना नवरात्रि पूजा के पांचवें दिन की जाती है इस दिन साधक का मन विशुद्ध चक्र में स्थित रहता है। इनका वर्ण शुभ्र है। ये कमल के आसन पर विराजमान हैं। इसलिए इन्हें पद्मासन देवी भी कहा जाता है। इनका वाहन भी सिंह है। नवरात्रि पूजन के पांचवें दिन का शास्त्रों में पुष्कल महत्व बताया गया है। इस चक्र में अवस्थित रहने वाले साधक की समस्त बाह्य क्रियाएं एवं चित्र वृत्तियों का लोप हो जाता है।

### सदस्यता खत्म होने के बाद कांग्रेस मुख्यालय में राहुल ने की प्रेस कॉन्फ्रेंस, कहा

# सवाल पूछना बंद नहीं करूंगा

एजेंसी

**नई दिल्ली** : राहुल गांधी ने संसद की सदस्यता गंवाने के बाद शनिवार को कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की. इस दौरान उन्होंने बीजेपी सरकार पर जमकर हमला बोला. उन्होंने मोदी अडानी के रिश्तों पर सवाल पूछे. उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र पर हमला हो रहा है. इसके अलावा उन्होंने संसद में अपनी स्पीच हटाने पर भी बात की. कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मोदी सरनेम केस में दो साल की सजा सुनाने के बाद शुक्रवार को स्पीकर ओम बिरला ने उनकी संसद सदस्यता रद्द कर दी.इधर राहुल के खिलाफ इस ऐक्शन पर कांग्रेस ने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र की स्थिति के बारे में दुनिया को एक बहुत ही खराब संकेत भेज रहा है.राहुल ने कहा कि देश में ओबीसी का मामला नहीं है. ये अडानी और मोदीजी के रिश्ते का मामला है. भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दिए गए मेरे बयानों को अगर आप देखेंगे तो मैंने कभी भी ऐसी बात नहीं कही है. मैंने हर वर्ग को एकजुट होने के लिए बात कही. उन्होंने कहा कि सब एक हैं, देश में भाईचारा हो.कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि भले ही वे मुझे स्थायी रूप से अयोग्य घोषित कर दें, मैं अपना काम करता रहूंगा. मुझे इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं संसद के अंदर हूं या नहीं. मैं देश के लिए लड़ता रहूंगा. कहा कि चाहे जो हो जाए मैं सवाल पूछना बंद नहीं करूंगा. अडानी का नरेंद्र मोदी जी से क्या रिश्ता है? यह मैं पूछता रहूंगा. मैं हिंदुस्तान के लोकतंत्र के लिए लड़ रहा हूं. मैं लोकतंत्र के लिए लड़ता रहूंगा. मैं किसी से नहीं डरता. उन्होंने कहा कि मोदी जी और अडानी का रिश्ता काफी पुराना है. जब नरेंद्र मोदी जी गुजरात के सीएम बने थे, तब से रिश्ता है. मैंने हवाई जहाज में बैठे उनकी फोटो भी दिखाई है. वह अपने मित्र के साथ बड़े आराम से बैठे हुए थे.राहुल ने कहा कि देश में लोकतंत्र पर आक्रमण हो रहा है. संसद में मंत्रियों ने मेरे खिलाफ झूठ बोला. उन्होंने कहा कि मैं विदेशी ताकतों से मदद मांगी है. मैंने ऐसी बात नहीं कही है. संसद से मेरे भाषणों को हटा दिया गया. उन्होंने कहा- मैं सवाल पूछना नहीं बंद करूंगा. मैं डरने वाला नहीं हूं.राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मैंने संसद में यह सवाल पूछा कि अडानीजी की शेल कंपनी में 20 हजार करोड़ किसी ने इन्वेस्ट किया. यह पैसा अडानीजी का नहीं है तो यह रकम किसकी की. मैंने संसद में बताया कि पीएम मोदी और अडानी के बीच क्या रिश्ता है. मीडियो रिपोर्ट्स के हवाले से मैंने उन्हें सबूत भी दिए.

**राहुल गांधी का दो टूक**

**अदानी का पीएम नरेंद्र मोदी से क्या रिश्ता है, यह सवाल मैं पूछता रहूंगा**

**सांसद रहूं या न रहूं, लोकतंत्र की रक्षा के लिए लड़ता रहूंगा**



### संसद की सदस्यता रद्द होने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल

राहुल की सदस्यता खत्म करने के प्रावधान के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है. केरल की रहने वाली आभा मुरलीधरन ने राहुल गांधी के मामले का हवाला देते हुए शीर्ष अदालत में याचिका दाखिल की है. याचिका में महिला ने जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 8(3) को असंवैधानिक करार देने की मांग की है. राहुल को संविधान के अनुच्छेद 102 (1) और जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951की धारा 8 के तहत अयोग्य घोषित किया गया है.

### रांची में युवा कांग्रेस ने प्रधानमंत्री का फूंका पुतला

**रांची:** रांची जिला युवा कांग्रेस महानगर के कार्यकारी अध्यक्ष कुमार विक्की के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने सिर पर काला पट्टा बांधकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। कुमार विक्की ने कहा कि कोंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गाँधी की सांसद सदस्यता खत्म करने के विरोध में मोदी का पुतला दहन किया। यह हाइपर आक्टिव डिसीशन है। कोर्ट मोदी के इशारे पर कार्य कर रही है। भारत जोड़ों यात्रा से भाजपा डर गई है। मुख्य रूप से कोंग्रेस संगठन प्रभारी रवीन्द्र सिंह, ओबीसी अध्यक्ष अभिलाष साहू,प्रदेष कोंग्रेस के महासचिव अजयनाथ सहदेव,प्रदेश सचिव अमरेन्द्र सिंह युवा कोंग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजे़श सिन्हा सन्नी ,प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप् रवि, प्रदेश महासचिव प्रियंका सिसोदिया, प्रदेश सचिव सदाब ख़ान,महानगर अध्यक्ष जामिल अखू़तर, महासचिव मोहम्मद एनयतुला,राँची विधान सभा अध्यक्ष गौरव सिंह,हटिया विधान सभा अध्यक्ष रवि सिंह, हटिया विधान सभा के उपाध्यक्ष अंकित सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मोजूद थे।



### अब देश भर में गूंजेगा राहुल का सवाल : प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता की आवाज दबाई नहीं जा सकती है. ये सवाल अब देशभर में गूंजेंगे और जवाब देना होगा. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता रद्द किए जाने पर प्रियंका गांधी ने शनिवार को ट्वीट कर कहा, %इन्हीं सवालों के लिए राहुल गांधी पर हमला किया जा रहा है. जनता द्वारा चुने हुए जनसेवक ने जनता की तरफ से सवाल पूछे तो अडाणी-सेवक ने जनसेवक की आवाज दबाने की साजिशें रच डालीं. लेकिन जनता की आवाज दबाई नहीं जा सकती. ये सवाल अब देशभर में गूंजेंगे और जवाब देना होगा.

## पूर्वोत्तर भारत की सुरक्षा स्थिति में आया सुधार, कम किया जाएगा अफस्पा के तहत अशांत क्षेत्रों का दायरा

**नई दिल्ली :** केन्द्र सरकार का कहना है कि पूर्वोत्तर भारत की सुरक्षा स्थिति पहले की तुलना में बेहतर हुई है। इस लिए केन्द्र सरकार नागालैंड, असम और मणिपुर में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफस्पा) के तहत अशांत क्षेत्रों के दायरे को कम करने जा रही है। इस संबंध में गृह मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के लगातार प्रयासों से पूर्वोत्तर भारत की सुरक्षा स्थिति में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। भारत सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम के तहत दशकों बाद अप्रैल 2022 से नागालैंड, असम और मणिपुर में सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (अफस्पा) के तहत अशांत क्षेत्रों को कम किया था। इस दिशा में आज एक और महत्वपूर्ण निर्णय करते हुए इन तीनों राज्यों (नागालैंड, असम और मणिपुर) में फिर से, 01 अप्रैल, 2023 से अफस्पा के तहत अशांत क्षेत्रों में और कमी किया जा रहा है ।केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि यह निर्णय उत्तर-पूर्व भारत की सुरक्षा स्थिति में आये उल्लेखनीय सुधार को देखते हुए लिया गया है। उत्तर पूर्व की सुरक्षा, शांति और विकास को प्राथमिकता देने का काम पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुआ, आज उसके परिणामस्वरूप पूर्वोत्तर शान्ति और विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हो रहा है।

### केंद्र ने बढ़ते कोरोना को लेकर राज्यों को लिखा पत्र

## टेस्ट-ट्रैक-ट्रीट-टीकाकरण पर दें विशेष ध्यान : स्वास्थ्य मंत्रालय



एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव राजेश भूषण ने कोरोनावायरस की जांच को लेकर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखा है। कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच लिखी गई इस चिट्ठी में सभी राज्यों कोरोना की जांच की रफ्तार बढ़ाने और हालात पर बारीकी से नजर रखने को कहा गया है। दरअसल, पिछले 24 घंटे में 1590 लोगों में संक्रमण की पुष्टि की गई है। इस दौरान छह संक्रमितों की मौत भी हुई है। 146 दिनों में यह कोरोना के एक दिन का सबसे अधिक केस है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक, पिछले पांच हफ्तों में देश में संक्रमण के मामलों में नौ गुना तक बढ़ोतरी आई है।

संक्रमण के बढ़ते जोखिम को देखते हुए मंत्रालय ने सभी राज्यों को सलाह दी कि वे कोविड से मुकाबले के लिए चार टी (टेस्ट-ट्रैक-ट्रीट-टीकाकरण) और कोविड उपयुक्त व्यवहार के पालन पर विशेष ध्यान दें। देश में ओमिक्रॉन के एक्सबीबी.1.16 सब-वैरिएंट को बढ़ते मामलों के लिए जिम्मेदार माना जा रहा है, इसकी संक्रामकता दर अन्य वैरिएंट्स की तुलना में अधिक है। इस नए वैरिएंट की इम्यून स्केप यानी की शरीर में बनी प्रतिरक्षा को चकमा देने की क्षमता इसे कई मामलों में चिंताकारक बनाती है। अलग-अलग राज्यों से भी संक्रमण के मामले में अचानक वृद्धि की खबरें हैं।

**कोरोना से जुड़े अहम तथ्य:** भारत में एक दिन में कोविड-19 के 1,590 नए मामले सामने आए। यह पिछले 146 दिन में सबसे अधिक हैं।

उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 8,601 हो गई है।पिछले 24 घंटे में कोरोना से महाराष्ट्र में तीन और कर्नाटक, राजस्थान एवं उत्तराखंड से एक-एक मरीज की मौत हुई। अब तक मृतक संख्या बढ़कर 5,30,824 हो गई है।

## सबके प्रयास से विकसित हो रहा भारत : मोदी

### पीएम ने बेंगलुरु में किया नई मेट्रो लाइन व मधुसूदन साई इंस्टीट्यूट का उद्घाटन



एजेंसी

**बेंगलुरु :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्री मधुसूदन साई चिकित्सा विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान और नई मेट्रो लाइन का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि चिक्काबल्लापुर की भूमि ने लोगों को शिक्षा और स्वास्थ्य प्रदान करके मानवता की सेवा के मिशन को पोषित किया है। ये उपलब्धियां अद्भुत रही हैं। साथ ही यहां जिस मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन किया जा रहा है। वह इस महान मिशन को और मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव में देश ने विकसित होने का संकल्प लिया है। कई बार लोग पूछते हैं कि भारत इतने कम समय में वकसित कैसे होगा? इतनी चुनौतियां हैं, इतना काम हैं, ये इतने कम समय में ये कैसे पूरा होगा? इस सवाल का एक ही जवाब है सबका प्रयास। बीते 9 सालों में भारत में भी स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बहुत ईमानदारी से बहुत कुशलता से कार्य करने का प्रयास किया गया है। देश में मेडिकल एजुकेशन से जुड़े अनेक रिफॉर्म किए गए हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि चिकबल्लापुर आधुनिक भारत के आर्किटेक्ट में से एक सर एम.विश्वेश्वरय्या की जन्मभूमि है। अभी मुझे सर विश्वेश्वरय्या की समाधि पर पुष्पांजलि का सौभाग्य मिला। इस पुण्य भूमि को मैं सिर झुका प्रणाम करता हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हमारा प्रयास भारत के हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने का रहा है। हमने गरीब मिडिल क्लास के आरोग्य को प्राथमिकता दी है। हमने देश में सस्ती दवाओं की दुकानों, जनऔषधि केंद्र खोले हैं। गरीबों के हित में काम करने वाली हमारी सरकार ने कन्नड़ सहित सभी भारतीय भाषाओं में मेडिकल की पढ़ाई का विकल्प दिया है। लंबे समय तक देश में ऐसी राजनीति चली है, जहां गरीबों को सिर्फ वोट बैंक समझा गया है। भाजपा सरकार ने गरीब की सेवा को अपना सर्वोच्च कर्तव्य माना है। बेंगलुरु मेट्रो की वाइटफील्ड से कृष्णराजपुरा मेट्रो लाइन यात्रियों को आने-जाने में आसानी को बढ़ाएगी और शहर में यातायात की भीड़ को कम करने का भी काम करेगी।

## क्विक न्यूज

### दुमका में रिटायर्ड प्रोफेसर के बंद घर से 20 लाख की चोरी

**दुमका :** जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस लाईन के समीप स्थित रिटायर्ड प्रोफेसर अनिल कुमार झा के बंद घर का ताला तोड़कर बदमाशों ने 20 लाख से अधिक के आभूषण की चोरी कर ली। बताया गया है कि सेवानिवृत्त प्रोफेसर वर्तमान में बंगलुरू में रह रहे हैं। उनके पड़ोस में रहने वाली महिला ने पुलिस को चोरी की सूचना दी। थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर नवल किशोर सिंह मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

### दुष्कर्म के दोषी को 25 वर्ष कारावास की सजा

**चाईबासा।** जिले के अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में दोषी विशाल पाडेया को दोषी करार देते हुए पॉक्सो एक्ट के धारा 6 के तहत 25 साल की कारावास और 15 हजार जुर्माने भरने की सजा सुनाई है। इस मामले में चाईबासा जिले के मुफ्फसिल थाना पुलिस ने वर्ष 2021 में पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। नाबालिग लड़की टीवी देखने विशाल पाडेया के घर गई थी। उस वक्त विशाल घर में अकेले था और उसने अकेला पाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। मामले की जानकारी मिलने पर नाबालिग के परिजनों ने मुफ्फसिल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई।

## पलामू : टीएसपीसी के 5 उग्रवादी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जिले के नावाबाजार थाना क्षेत्र के कंडा में एनएच 98 से सटे एर्क इंट भट्टे पर 20 मार्च को पांच ट्रैक्टर में आगजनी करने वाले उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के पांच उग्रवादियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें एक एरिया कमांडर भी शामिल है। जबकि आगजनी में शामिल पांच में से चार उग्रवादी पकड़े गए हैं। उनके पास से 16 नक्सली पर्चा, मोबाइल और घटना में इस्तेमाल बाइक बरामद हुई है। पलामू के एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने अपने कार्यालय कक्ष में गिरफ्तार नक्सलियों के बारे में जानकारी दी। बताया कि आगजनी की घटना के बाद सीआरपीएफ और जिला पुलिस की अलग अलग टीम कार्रवाई में लगाई गई थी। इसी बीच एक टीम अलग से लगाई गई थी। सबसे पहले टीएसपीसी के एरिया कमांडर को पकड़ा गया। वह सिविल में था। हालांकि उसके पास से पर्चे बरामद हुए। उसकी निशानदेही पर आगजनी में शामिल पांच में से चार उग्रवादी गिरफ्तार किए गए।



इस घटना को टीएसपीसी के शशिकांत, निशांत और रंजन का दस्ता ने मिलकर अंजाम दिया था और घटना के वक्त तीनों मौके पर मौजूद भी थे।

पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि, ईट भट्ठा के मालिक सत्यानंद मेहता द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के आधार पर अनुसंधान के तहत पांच उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। इन्हें अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पकड़ा गया हैं। यह गिरफ्तारी अपर पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग के मार्ग दर्शन में हुई है। गिरफ्तार उग्रवादियों के आपराधिक इतिहास नहीं हैं और ये पहली बार गिरफ्तार हुए हैं। इस हमलावर दस्ते को पकड़ने के लिए तरहसी, नावाजयपुर, छत्तरपुर, पडवा और बिहार के गया जिले भदवर थाना क्षेत्र में छापामारी कर गिरफ्त में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक ने इनके नाम थानावार क्रमशः बसंत भुइयां (26), रंजय कुमार (21), बीरेन्द्र कुमार (20), छोटु दास (34) और सुधीर कुमार मेहता (47) बताया है। गिरफ्तारी टीम में आइपीएस ऋषभ गर्ग, एसडीपीओ सुरजीत कुमार दलबल के साथ शामिल थे।

### रामनवमी पर पांच हजार होमगार्ड होंगे तैनात

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रामनवमी पर विधि व्यवस्था को दुरूस्त रखने के लिए राज्य के 24 जिलों में 5000 होमगार्डो की तैनाती होगी। इस संबंध में एडीजी अभियान ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इन सभी जवानों की तैनाती 28 मार्च से एक अप्रैल तक के लिए होगी। झारखंड पुलिस मुख्यालय ने स्वीकृति आदेश में कहा है कि रामनवमी पर्व पर विधि व्यवस्था के संधारण के लिए सभी जिलों के लिए 28 मार्च से लेकर चार अप्रैल तक पांच दिन के लिए पांच हजार होमगार्ड जवानों की तैनाती पूरे प्रदेश में की जाएगी। 28 मार्च को सभी होमगार्ड अपने-अपने जिलों में योगदान देंगे, जहां से सभी पुलिस अधीक्षकों के जरिए उन्हें जिले की सुरक्षा और विधि व्यवस्था के संधारण के काम में लगाया जाएगा। रांची- 500, खूंटी- 100, रामगढ़- 100, लोहरदगा- 200, गुमला- 200, सिमडेगा- 100, जमशेदपुर- 300, चाईबासा- 200, सरायकेला- 150, धनबाद- 300, बोकारो- 300, पलामू- 250, गढ़वा- 250, लातेहार- 100, हजारीबाग- 500, चतरा- 200, कोडरमा- 100, गिरिडीह- 200, दुमका- 150, जामताड़ा- 300, साहिबगंज- 250, गोंदा- 100 और देवघर जिले में 150 होमगार्ड जवानों की तैनाती करने करने का आदेश है। हजारीबाग और राजधानी रांची में सबसे ज्यादा 500-500 होमगार्ड की तैनाती की जा रही है। क्योंकि, हजारीबाग की रामनवमी बेहद संवेदनशील होती है। अन्य जिलों में योगदान देने के बाद सभी होमगार्ड को जिलों के एसपी संवेदनशील और अतिसंवेदनशील स्थानों पर अन्य सुरक्षा बलों के साथ तैनात करेंगे।

## मेदिनीनगर: रामनवमी जेनरल अध्यक्ष निगम के जनप्रतिनिधियों को करेंगे सम्मानित

### 28 मार्च को निगम के पार्षदों के लिए होगा पार्षद सम्मान समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** श्री महावीर नव नवयुवक दल जनरल के द्वारा इस वर्ष रामनवमी पर्व पर मेदिनीनगर नगर निगम के जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा। इस बात की घोषणा श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के अध्यक्ष युगल किशोर ने वार्ड पार्षदों के बीच मेदिनीनगर के शिवाला घाट स्थित श्री महावीर नवयुवक दल जनरल के प्रधान कार्यालय में आयोजित पार्षदों के साथ बैठक में की। दिन के 11 बजे से आयोजित बैठक में जनरल अध्यक्ष जुगल किशोर ने कहा कि रामनवमी पर्व को भव्यता एवं सुंदरता प्रदान करने में मेदिनीनगर निगम के सभी वार्ड पार्षदों का बहुत ही बहुमूल्य योगदान हर वर्ष रहा है। पार्षदों के सहयोग के बिना रामनवमी पर को ऐतिहासिक नहीं बनाया जा सकता है। रामनवमी पर्व के प्रति सभी वार्ड पार्षदों की एकजुटता एवं समर्पण भावना को देखते हुए श्री महावीर नवयुवक दल जनरल की कमेटी ने निर्णय लिया है कि सभी वार्ड पार्षदों को जनरल की ओर से सम्मानित किया जाए। एक सम्मान समारोह 28 मार्च को शाम 6 बजे से मेदिनीनगर के छह मुहान चौक पर आयोजित किया जाएगा। जिसमें मेदिनीनगर नगर निगम के सभी जनप्रतिनिधि सादर आमंत्रित है। जनरल के प्रधान कार्यालय में आयोजित बैठक में मेदिनीनगर नगर निगम के वार्ड पार्षद अंजना देवी, प्रदीप अकेला, विवेका त्रिपाठी, राजीव कुमार शुक्ला, धीरेंद्र पांडेय, निरंजन प्रसाद, बिल्लू सिंह, रोशन कुमार, राजू राम, इंद्रदेव राम, दिलीप कुमार, चंचला देवी, मनोज कुमार सिंह समेत कई वार्ड पार्षद उपस्थित थे। बैठक में पउपस्थित वार्ड पार्षदों ने अपना - अपना विचार रखते हुए कहा कि पलामू में रामनवमी का एक लंबा इतिहास रहा है। जबसे जुगल किशोर जनरल अध्यक्ष बने हैं, तबसे झारखंड में रामनवमी पलामू का नंबर 1 रहा है। जुगल किशोर के जनरल अध्यक्ष बनने के बाद रामनवमी पर में चार चांद लग गया। इसकी जितनी भी तारीफ की जाए वह कम ही होगी। वार्ड पार्षदों ने कहा कि श्री महावीर नवयुवक दल जनरल की कमेटी ने एक नई और अच्छी परंपरा की शुरुआत किया है कि मेदिनीनगर नगर निगम के जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया जा रहा है। ऐसा रामनवमी कमेटी की ओर से पहली बार हो रहा है यह निर्णय स्वागत योग और प्रशंसनीय है।

## अनुमंडल पदाधिकारी ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (प्लामू) :** हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण ने इंटरमीडिएट की परीक्षा केंद्र हरदोई उच्च विद्यालय का निरीक्षण किया एवं केंद्र केंद्र अधीक्षक वह दीक्षा को निर्देश दिया अनुमंडल पदाधिकारी ने केंद्र अधीक्षक को कहा कि किसी भी कीमत में परीक्षा में नकल ना हो।

## हुसैनाबाद जे पी चौक पर युवक बैठा दो दिवसीय धरना पर



**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद नगर पंचायत के जय प्रकाश चौक पर एक अकेला युवक जिसका नाम नितेश कुमार महंगाई, बालू की किल्लत, आधार कार्ड, बनाने में अधिक राशि लेने, व 5 अन्य समस्याओ की समाधान हेतु गले में तख्ती लेकर धरना पर बैठ गया है, मोदी सरकार के विरोध में सभी सामग्रियों में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, मोदी अडानी प्रकरण तो वही राज्य के हेमंत सरकार के द्वारा आम लोगो को हो रही बालू का किल्लत, बेरोजगारी, आधार कार्ड बनाने में अधिक राशिनलीन, शिक्षा, परिवहन सहित अन्य समस्यायों के समाधान को लेकर दो दिवसीय धरना पर बैठा है।

## अब नगर निगम कचरा डंप कर आहार भरने की हो रही तैयारी : शैलू



**चैनपुर, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर टेंपो स्टैंड स्थित मुख्य आहार को पूर्व में भू माफियाओं द्वारा भरवाया जा रहा था परन्तु अब नगर निगम द्वारा कचरा डंप करवाकर भरवाए जा रहा है यह क्षेत्र घनी आबादी वाला क्षेत्र है यहां किसके इजाजत से कचरा डंप करवाया जा रहा है क्या घनी बस्ती में एवं आहर में कचरा डम करना न्यायसंगत है या साजिश है प्रशासन को प्रेस माध्यम से पूर्व में भी सूचना दी गई थी जिसके बाद आहार भरने का काम रुका था लेकिन किसके आदेश से मुख्य आहार का अतिक्रमण हो रहा है इसी से चैनपुर का जलस्तर बना हुआ है परेशानी कम हो रही है भविष्य में जल स्तर नीचे चला जाएगा पूर्व में कई जल स्त्रोतों का अतिक्रमण हो चुका है। जिला प्रशासन से आग्रह है ऐसे अविलंब रोका जाए और इस प्रकार के अनैतिक जनहित विरोधी कार्य करने वालो पर कड़ी कानूनी कार्रवाई हो ताकि कोई भी इस तरह कार्य ना कर सके।

## पिपरा के भोलानाथ ने झारखंड वासियों को करवाया गौरवान्वित-बने हॉकी एशिया के उपाध्यक्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र के ग्राम अखाड़ा पिपरा निवासी भोलानाथ सिंह ने प्रखंड जिला एवं झारखंड वासियों का सर गर्व से ऊंचा कर दिया गया है। भोलानाथ सिंह को पूरे एशिया महाद्वीप का उभरता हुआ खेल प्रशासक अवार्ड से सम्मानित किया गया है. साथ ही साथ हॉकी इंडिया की ओर से झारखंड हॉकी के अध्यक्ष सह हांकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह को एशियन हॉकी महासंघ के इस चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर नामांकन किया गया था। जिसमें वे निर्विरोध निर्वाचित हुए। झारखंड के इतिहास में यह पहला अवसर होगा कि राज्य के किसी खेल संघ के अध्यक्ष को एशिया महादेश के खेल संघ का उपाध्यक्ष बनाया गया हो. इस प्रकार के पद पर बैठने वाले वे झारखंड के पहले व्यक्ति हैं. भोलानाथ सिंह का पूरा परिवार दशको को से खेलकूद के माध्यम से प्रखंड जिला एवं राज्य का नाम रोशन करते आया है. भोलानाथ सिंह के बड़े चाचा स्व0 पहलवान मथुरा सिंह एवं उनके बड़े भाई काशीनाथ सिंह राष्ट्रीय स्तर के कुश्ती के खिलाडी रहे हैं। वहीं एक अन्य भाई विश्वनाथ सिंह झारखंड वॉलीबॉल कोच के पद पर लगातार अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनका पूरा परिवार लगातार खेल के माध्यम से अपने क्षेत्रवासियों को गौरवान्वित कराता रहता है। इनके बड़े भाई अमरनाथ सिंह उर्फ कान्हा सिंह ने कहा कि पिपरा प्रखंड का निर्माण हुए काफी वर्ष बीत चुका है ।लेकिन हमारा क्षेत्र आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। एंबुलेंस अस्पताल का क्षेत्र में परिचालन नहीं होना बहुत ही दुख देता है। यहां सड़क की स्थिति भी काफी दयनीय है। पिपरा प्रखंड कार्यालय के प्रमुख पदों पर बैठे हुए पदाधिकारी भी बस प्रभार में है। हम लोगों को लगता है। जैसे हम लोग उधार की जिंदगी जी रहे हैं। यहां पर प्रखंड का होना या ना होना एक सा लगता है। इससे अच्छा तो हम लोग हरिहरगंज ही जाया करते थे। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं विधायक कमलेश कुमार सिंह से मैं कहना चाहता हूं कि हमारा प्रखंड काफी पिछड़ा हुआ क्षेत्र है धीरे-धीरे गिलहरी प्रयास लगातार करते रहने से भी हमारे क्षेत्र में सुधार आ सकता है। यहां के लोगों को अपना समझ कर ऊंचे पदों पर बैठे हुए लोगों को अपना कार्य करना चाहिए। जिससे गरीब बुनियादी सुविधाओं से वंचित ना हो पाए।

## दीवार काटकर अज्ञात चोरों ने ज्वेलरी की दुकान में चोरी की घटना को दिया अंजाम

➲ब्रहमोरिया मोड़ बना अपराधियों का अड्डा देर रात तक मोड़ पर लगा रहता है शराबियों का जमावड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** शुक्रवार की देर रात ब्रहमोरिया मोड़ पर अवस्थित एक सोने की दुकान में अज्ञात चोरों के द्वारा दुकान की दीवार काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। दुकान में रखे सोने चांदी के गहने सहित बर्तन आदि ले गए। जिसमें लगभग दो लाख रुपए का नुकसान हुआ। इसके पूर्व भी लगभग 6 माह पहले लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसका उद्भेदन पुलिस प्रशासन के द्वारा आज तक नहीं हो पाई है। इस संबंध में दुकानदार नरेश सोनी के द्वारा नावा बाजार थाना को सूचना दे दी गई है। जानकारी के अनुसार विश्रामपुर-नावाबाजार प्रखंड का ब्रहमोरिया मोड़ अपराधियों का अड्डा बन गया है। यहां देर रात तक अपराधियों का जमावड़ा लगा रहता है। शुक्रवार की रात नरेश सोनी नामक व्यवसाई के ज्वेलरी दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। दुकानदार सोनी ने बताया कि शाम लगभग 7:00 बजे अपनी दुकान को बंद कर अपने घर में चले गए थे। चोरी की घटना कब हुई इस संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं दे पाए। सुबह बगल के होटल संचालक गिरिजा प्रसाद गुप्ता के द्वारा उन्हें जानकारी दी गई। बताया कि जब वह दुकान पहुंचे तो देखा कि दुकान के पिछले हिस्से कि लगभग 10 इंच मोटी ईंट की दीवार को काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। जिसे काटने में लगभग 1 घंटे से भी अधिक समय लगे होंगे। आवाज आसपास के लोगों को नहीं मिलना यह संशय छोड़ जाता है। इसके पहले भी नरेश सोनी के साथ अज्ञात अपराधियों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया था। जब वे गहनों से भरी थैले को मोटरसाइकिल की डिक्की में रखकर अपना दुकान बंद कर रहे थे। इसी बीच अपराधियों ने डिक्की की ताला को तोड़ कर गहनों से भरे बैग को ले भागे। यह सब पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता का परिणाम है। लोगों की माने तो पुलिस रातभर दौड़ती है, लेकिन केवल उद्देश्य बालू गाड़ी को पकड़ना है। आसपास के लोगों ने बताया कि इस घटना में स्थानीय लोगों की भूमिका संदिग्ध है आसपास के लोग भी संलिप्त हो सकते हैं। कुछ लोगों ने घटना के समय अपराधियों को देखा भी लेकिन वे कुछ बताने से भाग रहे हैं। यह सब एक अलग तरह का संशय छोड़ जाता है।?

## चैती छठ महापर्व व रामनवमी को देखते हुये नप अध्यक्ष ने साफ सफाई का दिया है आवश्यक दिशा निर्देश



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महापर्व व रामनवमी को देखते हुये नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने साफ सफाई को लेकर नगर प्रबंधक व सफाई सुपरवाइजर को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है.उन्होंने कहा है कि सूर्यमन्दिर स्थित छठ घाट व प्रांगण की साफ सफाई नहाय खाय से लेकर छठ पर्व सम्पन्न होने तक पूरी तरह रखेंगे ताकि व्रतधारियों को परेशानी नही हो। उन्होंने कहा कि व्रतधारियों को किसी तरह की परेशानी नही हो इसके लिये नगर पंचायत की ओर से सभी व्यवस्था समय पर किया जाय। उन्होंने कहा कि सूर्यमन्दिर व्रतधारियों के लिये आस्था का केंद्र है। यहां बिहार, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़ सही झारखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों से लोग छठ करने आते हैं. व्रतधारियों की सुविधा व सुरक्षा की व्यवस्था नगर पंचायत व प्रभात क्लब की देख रेख में किया जाता है.नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा है कि भवनाथपुर मोड़ से मुख्यमार्ग होते हुये सूर्य मंदिर परिसर तक, सब्जी बाजार से लेकर बंशीधर मंदिर होते छठ घाट व हेन्हों मोड़ से लेकर सरेह रोड होते हुये सूर्यमन्दिर तक साफ सफाई व लाइटिंग की व्यवस्था कराया जायेगा। व्रतधारियों के स्नान के लिए चापानल की मरम्मती शीघ्र कराने का निर्देश दिया है।

## रामनवमी के अवसर पर देवरी ओपी में शान्ति बैठक हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद थाना के देवरी कलां ओपी परिसर में रामनवमी , ईद को ले कर शांति समिति का बैठक संपन्न हुई। इस बैठक के अध्यक्षता देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम ने किया एवम संचालन देवरी कलां ग्रामपंचायत के पंचायत समिति अजीत कुमार सिंह ने किया इस बैठक में देवरी ओपी प्रभारी इंद्रदेव राम ने सरकारी गाइडलाइन एवं नियमों से सफेद समिति में उपस्थित समिति के बैठक में उपस्थित सभी लोगों को अवगत कराया उन्होंने कहा कि जो भी जुलूस निकलेंगे पारंपरिक हथियार रहेगी घातक हथियार पूर्ण प्रतिबंध है ध्वनि विस्तारक यंत्र में डीजे पूर्णता प्रतिबंध रहेगा एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र से 50 डेसिबल के लगभग वॉल्यूम रहेगा रात्रि 10:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग वर्जित रहेगा, उन्होंने आगे का जुलूस जिस रास्ते से जाति और आती है उसी रास्ते में जाने और आने का नियम लागू रहेगा इस मौके पर धन्यवाद ज्ञापन थाना प्रभारी ने किया। इस मौके पर एएसआई अखलेश कुमार, एएसआई कार्तिक उराव, देवरी कलां के मुखिया मनोज भारती, सांसद प्रतिनिधि ग्रामीण अखिलेश मेहता, सुरेंद्र चौधरी, प्रमोद सिंह , जाफर हुसैन , बड़ेपुर पंचायत समिति सदस्य राजवंश यादव, देवरी खुर्द पंचायत के मुखिया ममता देवी भारत पांडे उर्फ मन्नू पाण्डे फोटोग्राफर देवरी खुर्द पंचायत समिति सदस्य अर्जुन मेहता नितेश कुमार सिंह उर्फ सोनू सिंह ,अवस्थी जी, ब्रह्मदेव राम सोनपुर्वा के राजेंद्र चौधरी, जफर इमाम सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## हॉकी संघ के उपाध्यक्ष चुने जाने पर बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू) :** हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पिपरा प्रखंड निवासी भोला नाथ सिंह को एशिया महादेश के हॉकी संघ के उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह ने बधाई और शुभकामनाएं दिया तथा उनके उज्जवल भविष्य के कामना की। उन्होंने कहा कि भोला सिंह खेल जगत में झारखंड ही नहीं भारत का एक अच्छा प्रतिनिधित्व कर एशिया महाद्वीप का उभरता हुआ चेहरा बन गए हैं यह हम सबों के लिए गौरव की बात है। झारखंड में खेल के विकास के लिए जहां भी उनकी जरूरत होगी वे हमेशा मौजूद रहेंगे। उनके उपाध्यक्ष बनने से हुसैनाबाद सहित पूरे झारखंड के युवाओं में भी हॉकी के प्रति रुचि बढ़ेगी तथा भविष्य में हमारे क्षेत्र से भी कई प्रतिभावान खिलाड़ी राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलते हुए देखने को मिल सकते हैं। उनके निर्देशन में हॉकी संघ देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी भारत का नाम रोशन करेगा।

## रमजान ना सिर्फ रहमतों व बरकतों का महीना है बल्कि समूची मानव जाति को प्रेम भाईचारे और इंसानियत का संदेश देता है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** पवित्र माह -ए- रमजान में रोजा अहम इबादत है। रमजान अल्लाह ताला का महीना है उक्त बातें नगर उंटारी के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी आमीन खान ने कही. उन्होंने कहा कि रमजान के पूरे 30 दिन यानी ईद का चांद निकलने तक मुसलमानों को रोजा रखना होता है. रोजा सभी मुसलमान महिलाएं पुरुष एवं नौजवान पर वाजिब है सिर्फ बच्चों एवं बीमार को छोड़कर। उन्होंने कहा कि रोजा का मतलब सिर्फ भूखे रहना ही नहीं बल्कि भूख प्यास के साथ पूरे जिस्म का भी रोजा रखना है. मतलब की हर बुराई एवं गुनाह से दूर रहकर रखा गया रोजा अल्लाह कबूल करता हैं। उन्होंने कहा कि मुसलमानों पर रोजा इसलिए फर्ज है ताकि इस खास बरकत वाले रूहानी महीने में उनसे कोई गुनाह ना हो पाये.यह खुदाई असर का नतीजा है रमजान लगभग हर इस्लामी नजरियों से खुद को बदलता है और हर तरह से अल्लाह की रहमत पाने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि खुद को खुदा की राह में समर्पित कर देने का प्रतीक पाक महीना माह -ए- रमजान ना सिर्फ रहमतों और बरकतों का महीना है बल्कि समूची मानव जाति को प्रेम भाईचारे और इंसानियत का भी संदेश देता है।

## नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय चैती छठ महापर्व शुरू, खरना कल




**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोक आस्था और सूर्योपासना का महापर्व चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान नहाय खाय के साथ शनिवार से शुरू हो गया। छठ व्रतधारियों ने पहले दिन घरों की साफ-सफाई के बाद स्नान कर पूरे विधि विधान के साथ भगवान भास्कर की आराधना की। इसके बाद अरवा चावल, चना दाल व कद्दू की सब्जी भगवान सूर्य को अर्पित करने के बाद व्रती स्वयं प्रसाद स्वरूप ग्रहण कर छठ महापर्व का शुभारंभ किया। चैती छठ महापर्व को लेकर छठ व्रत धारियों के साथ-साथ लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

## शुरू होगी ब्राह्मण जोड़ों अभियान : जिला अध्यक्ष



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव झारखण्ड की इकाई पलामू द्वारा मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में एक भव्य श्री परशुराम मंदिर का निर्माण किया जाना है, इसी के निमित राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव पलामू जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला के नेतृत्व में पूरे पलामू ज़िले में ब्राह्मण जोड़ों अभियान शुरू की जाएगी, मंदिर निर्माण से पहले 22 अप्रैल अक्षय तृतीया श्री परशुराम जन्मों उत्सव के दिन भूमि पूजन किया जाना है। राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव पलामू के द्वारा पूरे झारखण्ड के परशुराम वंशजों को आमंत्रित किया जाएगा। श्री मधुकर शुक्ला को पलामू प्रमंडल के उपाध्यक्ष अरविंद पांडे ने जिला अध्यक्ष के दायित्व दिए जाने पर बधाई देते हुए उन्हें अंगवस्त्र एवं माला पहना कर जिला अध्यक्ष का अभिवादन किया। इस स्वागत कार्यक्रम में उपस्थित पलामू जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने बताया कि 22 अप्रैल को होने वाले भूमि पूजन से पहले पलामू जिला के सभी गांवों का भ्रमण किया जाएगा एवं उनको भूमि पूजन के लिए आमंत्रित किया जाएगा। आगे जिला अध्यक्ष अपनी बात को रखते हुए बताया कि ब्राह्मणसमाज में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, क्योंकि यह समाज शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी है। प्रतिभाओं के सम्मान से प्रतिभाओं में ओर अधिक निखार आता है।ये विचार भगवान परशुराम जयंती पर के उपलक्ष्य में होने वाले भूमि पूजन समिति की ओर से आयोजित सम्मान समारोह में पलामू जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने व्यक्त किए। इस सम्मान समारोह में राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव संगठन के रीढ़ मुकेश तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण समाज को एकजुट होने की जरूरत है साथ ही बिना भेद भाव एक दूसरे के विपरित समय में साथ खड़े रहने की जरुरत है वही अभिषेक तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव समाज हित के लिये सदैव तत्पर है, समाज के कमजोर तबका तक संगठन के लोग मदद करने के लिए तैयार है। राहुल पाठक प्रमंडलीय उपाध्यक्ष आशुतोष तिवारी सहित कई अन्य संगठन के पदाधिकारी की रहीं उपस्थिति।

## राम कथा के तीसरे दिन कथा वाचिका मानस प्रिया ने कहा, भगवान का अवतार भक्तों के लिये होता है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** चैत नवरात्र के अवसर पर चितविश्राम ग्राम में आयोजित श्री राम कथा के तीसरे दिन कथा वाचिका मानस प्रिया सुमित्रा देवी ने कहा कि भगवान का अवतार भक्तों के लिये होता है.उन्होंने कहा कि माता पार्वती द्वारा भगवान शिव से यह पूछने पर की ईश्वर का अवतार धरती पर क्यों होता है.इस पर भगवान शिव ने कई तर्क दिये लेकिन अंततः उन्होंने कहा कि भगवान का अवतार भक्तों के उद्धार के लिये ही होता है.भगवान राम का अवतार राक्षसों के बध के लिये नही,धर्म की रक्षा के लिये नहीं, ऋषि महर्षि की रक्षा के लिये नही बल्कि केवट और सबरी जैसे भक्तों की प्रतीक्षा को पूर्ण करने के लिये हुआ। उन्होंने कहा कि केवट गंगा के तट पर भगवान के दर्शन के लिये बैठा था,अंततः भगवान राम उस केवट के लिए गंगा तट तक पहुंचे.उन्होंने कहा कि मतंग ऋषि द्वारा सबरी को यह कहना कि बिटिया तू इसी जगह बैठकर भगवान की प्रतीक्षा करो,भगवान तुम्हारे लिये जरूर आयेंगे. अंततः भगवान को माता सबरी के लिये आना पड़ा.उन्होंने कहा कि भक्त प्रहलाद, ध्रुव,गज के लिये भगवान मानव रूप में ही नही अन्य रूपो में प्रकट हुये. मानस प्रिया ने कहा कि बच्चों के संस्कार में माता की भूमिका अहम होती है.बच्चों के संस्कार माता के गर्भ से ही विकसित होते हैं. उन्होंने कहा कि यदि माता पिता संस्कारवान, ज्ञानवान पुत्र या पुत्री की इच्छा रखते हो तो माताओं को गर्भ में पल रहे शिशु के लिये अपने विचार, संस्कार और परिवार के माहौल को सुंदर बनाना चाहिए। श्री राम कथा में कमलेश पांडेय,तेज प्रताप पांडेय,हरि पांडेय, दुनिया सिंह, अवध पांडेय, विजय ठाकुर, सुमेद साव, सुग्रीव पांडेय, विनोद कुमार,इंद्रमणि सेठ सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य मेला आयोजित करने को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में प्रखण्ड प्रमुख की अध्यक्षता में किया गया बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्वास्थ्य मेला आयोजित करने को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में शनिवार को प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया.बैठक में विभागीय निर्देशानुसार प्रखंडस्तरीय स्वास्थ्य मेला आयोजित करने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने इस आयोजन का व्यापक प्रचार प्रसार कराने का सुझाव दिया, ताकि आम लोगो को मेला से होनेवाले लाभ की जानकारी उन्हें हो सके। बैठक में सर्वसम्मति से 27 मार्च को अनुमंडलीय अस्पताल नगर उंटारी में, 28 मार्च को उच्च विद्यालय विशुनपुरा तथा 29 मार्च को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रमना में स्वास्थ्य मेला आयोजित करने का निर्णय लिया गया.बैठक के बाद जन प्रतिनिधियों ने कुपोषण उपचार केंद्र का निरीक्षण भी किया। बैठक में अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ सुचित्रा कुमारी, बीडीओ श्रवण राम, प्रखण्ड बीस सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि शशिकांत पाल, विधायक प्रतिनिधि विभूति भूषण चौबे,ओम प्रकाश गुप्ता, अशोक सेठ, डॉ संतोष कुमार, डॉ कैसर आलम, प्रखण्ड लेखा प्रबंधक करुणा कुमारी, सहायक विपेश राज तमांग, एमपीडब्ल्यू अशफाक अहमद, एसटीएस सुनील कुमार ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विधायक ने स्कूलों के समय में बदलाव के लिए मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**रांची।** विधायक प्रदीप यादव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने गर्मी के मद्देनजर स्कूलों के समय में बदलाव करने का आग्रह किया है। प्रदीप यादव ने लिखा है कि 15 मार्च को एक आदेश दिया गया, जिसमें स्कूलों में एक अप्रैल से 30 जून तक प्रात~ सात बजे से दो बजे दिन तक कक्षा संचालन का निर्देश है। इस अवधि में एक बजे दिन से दो बजे तक बच्चों की खेल गतिविधियां का भी आदेश है। यह समय ऐसा है जिस वक्त बहुत ज्यादा गर्मी होती है। विधायक ने लिखा है कि सुबह सात बजे कई बच्चे खाली पेट ही स्कूल जाते हैं। ऐसे में एक तो गर्मी ऊपर से खेल के दौरान कोई भी हादसा हो सकता है। विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन कक्षा संचालन के लिए प्रात सात बजे से बारह बजे तक ही रखा जाना चाहिए, जिसमें बच्चों के पढ़ाई की गतिविधियों के लिए सरल एवं व्यावहारिक होगा।

### बंद घर से चोरों ने की लाखों की चोरी

**रांची।** चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रहिए है। चोरी से संबंधित एक और घटना प्रकाश में आया है। मामला है अरगोड़ा थाना क्षेत्र के न्यू एजी कॉलोनी कडरू का। यहां चोरों ने एक बंद घर का ग्रिल तोड़ करीब 70 लाख रुपए मूल्य के जेवरात और 50 हजार रुपए कैश की चोरी की है। इस संबंध में न्यू एजी को ऑपरेटिव कॉलोनी के प्लॉट संख्या 136बी में रहने वाले विजय कुमार (53) ने अरगोड़ा थाना में चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई है।इस पूरे मामले पर पुलिस अपने स्तर से छानबीन कर रही है।

# पुलिस ने शांत कराया दो समुदाय का विवाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार कोउं द्धठु सरहुल पर्व के दिन रात में दो समुदायों के बीच आपस में उलझे गए। एक धार्मिक स्थल के सामने दूसरे पक्ष ने नारेबाजी की जिसे रोका गया,इसी बात को लेकर दोनों उलझ गए थे, लेकिन पुलिस ने दोनों पक्षों को शांति पूर्वक शांत कर दिया। मामला बेड़ो थाना क्षेत्र का है। रांची जिले के बेड़ो थाना क्षेत्र के करांजी गांव में धार्मिक स्थलों पर बजने वाले लाउडस्पीकर को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। इससे पहले कि मामला बढ़ता पुलिस ने दो पक्षों को सुलझा कर मामला हल कर लिया।

**अफवाह पर ध्यान ना दें :** ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया धार्मिक स्थल से ध्वनि विस्तारक यंत्रों के बजने के बाद दोनों पक्ष सड़क पर आमने-सामने हो गए थे। पुलिस ने मोर्चा संभाला और मामले को शांतिपूर्वक खत्म करा दिया स्थिति नियंत्रण में है। डीएसपी रजत मणिक बाखला ने दोनों समुदायों से अपील की है कि वह किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। बेड़ो थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता ने भी इस घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कहा,लाउडस्पीकर को लेकर उनके पास शिकायत आयी थी। मामला बढ़ता देखकर दोनो पक्षों को थाने में बुलाया गया। भीड़ ज्यादा हो गयी तो दोनों तरफ से पांच-पांच लोगों को बुलाया गया था।

**गांव में कैंप कर रहे हैं अधिकारी:** डीएसपी रजत मणिक बाखला, इंस्पेक्टर अरूण कुमार, सीओ सुमंत तिर्की व थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता सशस्त्र बलों के साथ कैंप कर रहे हैं। सरहुल के बाद अब रामनवमी, नवरात्र व रमजान पर्व को लेकर पुलिस पदाधिकारियों का दल शांति व्यवस्था बनाए रखने की पूरी कोशिश कर रहा हैं।

# झारखंड में खेती के लिए मिले 54 लाख : संजय सेठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारत में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार ने परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत वर्ष 2019-20 में काम शुरू किया। इसी योजना के तहत मुख्य रूप से सभी सिंथेटिक, रासायनिक उपादानों के बहिष्कार पर जोर दिया गया और बायोमास, मल्चिंग, गाय के गोबर, गोमूत्र लोगों के उपाय और अन्य पौधे आधारित सामग्री पर जोर देने के साथ साथ खेत में बायोमास रीसाइकलिंग को बढ़ावा देने का काम शुरू हुआ। बीपीकेपी के तहत 500 हेक्टेयर कलस्टर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रति हेक्टेयर 3 वर्षों के लिए 12200 की राशि भी प्रदान की जा रही है। इसका सुखद परिणाम यह रहा है कि अब तक 4 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को बीपीकेपी के तहत लाया गया है। उपरोक्त आशय की जानकारी केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने लोकसभा में दी। सांसद संजय सेठ ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने से संबंधित सवाल लोकसभा में रखा था और पूछा था कि भारत सरकार इस दिशा में क्या काम कर रही है। राज्यों को उसके लिए जारी की गई राशि का ब्यौरा क्या है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिले, इसके लिए सरकार ने बीपीकेपी की राशि कुल 8 राज्यों को जारी की है। इन 8 राज्यों को 409400 हेक्टेयर भूमि पर खेती के लिए 5599 लाख की राशि जारी की गई। इसमें झारखंड में 34100 हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में काम चल रहा है और इसके लिए 54 लाख से अधिक की राशि जारी भी कर दी गई है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सबसे अधिक राशि केरल को दी गई है, जो 1954 लाख रुपया है। जबकि क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे अधिक प्राकृतिक खेती आंध्र प्रदेश में हो रही है जो 100000 हेक्टेयर भूमि पर है।



केंद्रीय मंत्री ने बताया कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार अगले 4 वर्षों में 15000 क्लस्टर विकसित करके 7.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र पर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रही है। इन संस्थाओं के माध्यम से अब तक 22 क्षेत्रीय भाषाओं पर अध्ययन सामग्री तैयार हुई है। प्राकृतिक खेती के लिए 697 मास्टर ट्रेनर विकसित किए गए हैं और मैनेज संस्था के माध्यम से 56952 ग्राम प्रधानों के लिए प्राकृतिक खेती पर 997 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

# सड़क दुर्घटना में मृत महिला के पुत्र को मिलेगा एक लाख




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सड़क दुर्घटना में मृत महिला के पुत्र को जिला प्रशासन की ओर से एक लाख रुपया दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि 26 दिसम्बर 2021 को जगन्नाथपुर थाना निवासी कुंती देवी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी थी। मामले को लेकर मृतका के पुत्र मिन्टु पासवान ने आवदेन दिया था। मृतका के पुत्र को एक लाख रुपये मुआवजा राशि दी गई। विशिष्ट स्थानीय आपदा सड़क दुर्घटना से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को क्षतिपूर्ति के लिए जिला प्रशासन की ओर से आवदेन अनुसार मुआवजा दिया जा रहा है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को रा’य विशिष्ट स्थानीय आपदा सड़क दुर्घटना के तहत क्षतिपूर्ति मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दी है। अंचल अधिकारी नगड़ी, उप समाहर्ता भूमि सुधार, सदर, रांची एवं अनुमंडल पदाधिकारी,सदर, रांची की अनुशंसा के आलोक में सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के आश्रित को क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि एक लाख रूपये मात्र मुआवजा राशि भुगतान की स्वीकृति उपायुक्त की ओर से प्रदान की गई है।

# पूजा सिंघल की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मनी लान्ड्रिंग केस की आरोपित निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में शनिवार को सशरीर हाजिर हुईं। इस दौरान खूंटी जिले से जुड़े मनरेगा घोटाला केस में पूजा सिंघल की ओर से दाखिल डिस्चार्ज पिटीशन पर दोनों ओर से बहस हुई।पूजा सिंघल की ओर से अधिवक्ता विश्वजीत मुखर्जी और विक्रांत सिन्हा ने पक्ष रखा। ईडी की ओर से अधिवक्ता आतिश कुमार ने बहस की। अधिवक्ता विश्वजीत मुखर्जी ने बताया कि उल्लेखनीय है कि पूजा सिंघल पर



खूंटी मनरेगा घोटाला के जरिए करोड़ों रुपये की संपत्ति अर्जित कर घोटाले के जरिये कमाए हुए पैसों को अलग-अलग जगह निवेश करने का आरोप हैं। पूजा सिंघल फिलहाल प्रोविजनल बेल पर हैं। उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने कई शर्तों के साथ दो महीने की जमानत दी है। बहस के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

# मनी लांड्रिंग के आरोपित वकील और व्यवसायी के मामले में सुनवाई 27 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मनी लांड्रिंग के आरोपित वकील राजीव कुमार और व्यवसायी अमित अग्रवाल की ओर से दाखिल डिस्चार्ज अर्जी पर शनिवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में आंशिक सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि 27 मार्च निर्धारित की है। दोनों ने आरोप गठन से पूर्व मामले में खुद को निर्दोष बताते हुए अदालत से आरोप मुक्त करने की अर्जी दाखिल की है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने 31 अक्टूबर, 2022 को राजीव कुमार एवं अमित अग्रवाल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। मामले में अब उनके खिलाफ आरोप गठन होना है।



इसके पहले उनकी ओर से डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की गई है। कोलकाता पुलिस ने 31 जुलाई, 2022 को लगभग 50 लाख नकदी के साथ अधिवक्ता राजीव कुमार को गिरफ्तार किया था। बाद में उनके खिलाफ ईडी ने मनी लांड्रिंग का मामला दर्ज किया था। इसमें अमित अग्रवाल को भी आरोपित बनाया गया था। दोनों जमानत पर बाहर हैं।

# खुद को असहाय महसूस कर रही है कांग्रेस : आशा लकड़ा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता खत्म होने के बाद कांग्रेस खुद को असहाय महसूस कर रही है। देश में लगभग हर जगह कांग्रेस कार्यकर्ता विरोध-प्रदर्शन कर अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। शनिवार को ये बातें भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री सह रांची की मेयर डा. आशा लकड़ा ने कही। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता सूरत कोर्ट के फैसले के आधार पर रद्द की गई है। सूरत कोर्ट ने मानहानि मामले में राहुल गांधी को दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनाई थी। इस फैसले के बाद लोकसभा सचिवालय ने राहुल गांधी की संसद की सदस्यता को रद्द किया है।



जनप्रतिनिधि कानून के अनुसार, यदि सांसद और विधायक को किसी भी मामले में दो साल या उससे अधिक की सजा होने पर उनकी सदस्यता (संसद और विधानसभा से) रद्द हो जाती है। डा. आशा लकड़ा ने कहा कि कांग्रेस को कानून और संविधान का सम्मान करना चाहिए। कुछ माह पूर्व झारखंड में रामगढ़ से कांग्रेस विधायक ममता देवी की विधानसभा सदस्यता भी कोर्ट के फैसले के आधार पर ही रद्द की गई थी। उस समय कांग्रेस ने विधायक की सदस्यता रद्द होने पर चुप्पी साध ली थी, लेकिन जब राहुल गांधी की संसद की सदस्यता कोर्ट के फैसले के बाद रद्द कर दी गई तो कांग्रेस बेतुकी बयानबाजी कर रही है। देश का संविधान और कानून सर्वोपरि है, इसे कोई बदल नहीं सकता।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले कांग्रेसी नेता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कांके।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से रांची महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव सह कांके विधानसभा प्रभारी महेश कुमार मनीष ने मुलाकात की। मुलाकात के दौरान कांग्रेसी नेता ने मुख्यमंत्री को रांची जिले सहित कांके विधानसभा की जन समस्याओं से इन्हें अवगत कराया और इसके समाधान हेतु पहल करने की बात कही। वहीं चेंड़ी मनातू स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय में जमीन रैयतों को मुआवजा नहीं दिए जाने की बात भी बताई। नेताओं ने रांची जिले के सभी अंचलों में जमीन रैयतों का ऑनलाइन गड़बड़ियों का सुधार कार्य नहीं होने की बात बताई और ऑनलाइन जमीन का रकबा, खाता संख्या, प्लॉट संख्या में सुधार कार्य में तेजी लाने हेतु सीओ को आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने की भी बात कही। बताया कि कांके अंचल के कई गांव का खतियान नहीं है। इसे ऑनलाइन अपडेट करने की दिशा में उचित कदम उठाया जाए। रांची शहर सहित रिंग रोड पर आए दिन हो रही बड़े-बड़े दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाने हेतु आवश्यक कदम उठाने की भी बात बताई। साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों जिला परिषद सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्यों को सरकारी स्तर पर उचित मानदेय शीघ्र देने हेतु पहल करने की भी बात कहीं। वही उत्तर प्रदेश राज्य और छत्तीसगढ़ राज्य की तर्ज पर मीडिया कर्मियों सहित खासकर अंचल के मीडिया कर्मियों को सुरक्षा देने हेतु नियम कानून नए सिरे से बनाने की भी बात नेताओं



ने मुख्यमंत्री के सामने रखी। इस पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही आप की बातों पर उचित कदम सरकार उठाएगी।

# फ्लाइट में सिगरेट पीने की आरोपित को मिली जमानत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची सिविल कोर्ट ने मुंबई से रांची आ रही फ्लाइट में सिगरेट पीने वाली युवती ऐश्वर्या राय को जमानत दे दी है। मामले में प्रधान न्यायायुक्त एके राय की अदालत ने में सुनवाई हुई। अदालत ने उसे दस-दस हजार के दो निजी मुचलकों पर जमानत दी है। ऐश्वर्या की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने बहस की। ऐश्वर्या राय जमशेदपुर की रहने वाली है। 18 फरवरी को वह विमान के बाथरुम में सिगरेट पी रही थी। इस दौरान वीडियो भी बना रही थी। विमान में धुएं की महक से उ‘च तकनीक के लगे सेंसर से लाइट जलने लगी। विमान के चालक और क्रू-मेंबर्स में अफरा-तफरी मच गई। क्रू-मेंबर्स विमान के बाथरुम के पास पहुंचे लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था। इस पूरे प्रकरण के बाद रांची के एयरपोर्ट थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके बाद ऐश्वर्या को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था।

## केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 27 मार्च से होंगे शुरू

**रांची :** केंद्रीय विद्यालयों में सत्र 2023-24 के प्रवेश के लिए 27 मार्च से आवेदन जमा होने शुरू हो जाएंगे। इसके लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन ने अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार पहली कक्षा में प्रवेश के लिए 27 मार्च से 17 अप्रैल तक आवेदन जमा किए जा सकते हैं। वही दसवीं कक्षा तक की खाली सीटों पर प्रवेश के लिए 3 अप्रैल से 12 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। केंद्रीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र और अभिभावकों का आधार कार्ड के अलावा निवास प्रमाण पत्र और बच्चे की पासपोर्ट साइज की फोटो जरूरी है।

# रांची : एनआईए ने नक्सली अमन गंझू और जतरू खेरवार बुलबुल को रिमांड पर लिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** एनआईए ने कुख्यात नक्सली कमांडर अमन गंझू और जतरू खेरवार को रिमांड पर लिया है। अगले तीन दिन तक अमन और जतरू से एनआईए बुलबुल जंगल में आईईडी ब्लास्ट को लेकर पूछताछ करेगी। एनआईए की तरफ से दोनों ही कुख्यात नक्सलियों से पूछताछ के लिए पांच दिनों की रिमांड की अवधि की डिमांड की गई थी। हालांकि अदालत ने फिलहाल मात्र दो दिनों तक की ही रिमांड को मंजूर किया है। दोनों नक्सली कमांडर रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में




बंद हैं। एनआईए ने नक्सली अमन और जतरू को बुलबुल जंगल में चल रहे नक्सल अभियान के दौरान हुए सीरीज विस्फोट को लेकर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। उल्लेखनीय है कि झारखंड के लोहरदगा जिले के घोर नक्सल प्रभावित बिहार थाना क्षेत्र के बुलबुल जंगल में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान कई आईईडी ब्लास्ट हुए थे। इस दौरान नक्सलियों ने कई तकनीकों का भी इस्तेमाल किया था। इस आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ में कई जवान भी घायल हुए थे। लोहरदगा के पेशरार थाना में इसकी प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसे एनआईए टेकओवर कर जांच कर रही है। इस ब्लास्ट की योजना बनाने में कई बड़े नक्सलियों के हाथ होने की संभावना है। जानकारी यह भी है कि इलाके में कई स्थानों पर अभी भी गोला बारूद छुपाकर रखे गए हैं। एनआईए की सूचना पर कई स्थानों से गोला बारूद बरामद भी किए गए हैं।

# विपक्ष की आवाज को कुचल रही है केंद्र सरकार : महेंद्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ट नेता सह हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने प्रेस बयान जारी कर कहा केंद्र की राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त कर आना और 2 साल की सजा दिलाना, केंद्र सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए हर हथकंडे अपना रही है। देश में कार्यपालिका विधायिका ,न्यायपालिका और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ भी मोदी सरकार में प्रभावित हो रही है। सरकार के खिलाफ खड़े होने वाले, उनके खिलाफ बोलने वाले ,लिखने वाले सब उनके विरोधी खेमे में खड़े हैं। सब की आवाज को दबाने के लिए सीबीआई, ईडी ,न्यायालय सभी को अपने व्यक्तिगत एजेंसी के रूप में इस्तेमाल कर रही है। देश में आपातकाल की स्थिति पैदा हो गई है। पूर्व में तानाशाह सरकार ने इंदिरा गांधी को भी जेल में डाला था, परिणाम उन्हें सत्ता गवाना पड़ा और इंदिरा गांधी प्रचंड बहुमत के साथ केंद्र की सत्ता में आई, आज देश के अंदर एक एक कर के तमाम विपक्षी पार्टी के बड़े नेताओं




से लेकर निचले तबके के लोगों को भी केंद्र की सरकार परेशान कर रही है। उन्हें हर हथकंडे को अपनाकर लोकसभा विधानसभा की सदस्यता समाप्त करा रही है । उन्हें जेल भेजने के लिए हर साजिश को कामयाब बनाने के लिए लगी हुई है। नेताओं ने कहा ए मन शुबा मोदी सरकार का पूरा नहीं होने वाला है । आने वाले दिन 2024 लोकसभा के चुनाव में भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए तमाम विपक्षी पार्टियों को एक मंच पर आने की जरूरत है। नेताओं ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के विरोध में पूरे देश में विपक्षी चट्टानी एकता के साथ सड़कों पर उतरना चाहिए। केंद्र सरकार के विरोध में बड़े लड़ाई की शंखनाद करनी चाहिए । नेताओं ने कहा केंद्र की मोदी सरकार के हाथ में देश की सुरक्षा ,लोकतंत्र और संविधान दोनों खतरे में हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पीके पांडे ,वरिष्ठ साथी राजेंद्र यादव, जिला सचिव अजय कुमार सिंह उपस्थित थे।

# ओवरब्रिज पर राजेंद्र चौक से रेडिशन चौक तक 33 घंटो के लिए बंद हुआ आवागमन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मेकॉन से सिरोमटोली फ्लाईओवर निर्माण कार्य के दौरान मेन रोड ओवरब्रिज के निर्माण कार्य में कार्यरत कंपनी द्वारा लोड टेस्ट किया जाना है। इसे लेकर ओवर ब्रिज पर आवागमन नहीं हो सकेगा। शहर वासियों से अनुरोध है किया गया है कि वह आवागमन के लिए वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करें।

**जानिए! कब से कब तक रहेगा रोड ब्लॉकेज**

राजेन्द्र चौक से ओवर ब्रिज के समीप रेडिसन चौक तक 33 घंटे का रोड ब्लॉकेज रहेगा। शनिवार 25 मार्च 2023 की रात 09:00 बजे से सोमवार 27 मार्च 2023 की सुबह 06:00 तक आवागमन बंद रहेगा।

**ये होंगे वैकल्पिक मार्ग**

रोड ब्लॉकेज के दौरान रांचीवासी वैकल्पिक मार्ग से आवागमन कर सकेंगे, जो निम्न है:

1. मेन रोड सुजाता चौक की तरफ से राजेन्द्र चौक की ओर जाने वाले सभी वाहन रेडिसन ब्लू होटल के रास्ते कडरू ब्रिज के रास्ते कडरू ब्रिज के ऊपर से देवेन्द्र मांझी चौक, राजेन्द्र चौक होकर अपने गंतव्य तक जा सकेंगे।
2. सुजाता चौक से मेन रोड ओवरब्रिज के नीचे जाने वाले वाहन ओवर ब्रिज के नीचे जा सकते हैं।
3. राजेन्द्र चौक की तरफ से सुजाता चौक मेन रोड जाने वाले वाहन मेकॉन चौक, देवेन्द्र मांझी चौक, कडरू ओवरब्रिज के ऊपर के रास्ते रेडिसन ब्लू होकर अपने गंतव्य तक जा सकते हैं।

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य शिविर में सभी तरह के रोगियों को मिला लाभ



**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सराइकेला खरसावां जिला के कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र में उप स्वस्थ केन्द्र के समक्ष प्राथमिक स्वस्थ केन्द्र ईचागढ़ के तत्वाधन से एक दिवसीय स्वस्थ शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का उदघाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो, सीएचसी ईचागढ़ प्रभारी डॉक्टर दीपक माझी,मुखिया श्रीमती राधिका सिंह मुंडा, उप मुखिया मनोज मछुआ ने संयुक्त रूप से फीता कटकर किया। शिविर में दो रोगी पंजीकरण स्टॉल समेत 12 स्टॉल महिला एवं पुरुष के लिए लगाए गए थे,जिसमे प्रधानमंत्री जन आरोग्य केंद्र ,योग केंद्र सहित पूर्णिमा नेत्रलय द्वारा नेत्र जांच का भी स्टॉल शामिल था। शिविर को संबोधन करते हुए जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो कहा आज के इस स्वस्थ शिविर का आयोजन मुख्यत सुदूरवर्ती ग्रामीणों के लिए चिकित्सीय लाभ पहुंचाने उद्द्येश से किया गया, उन्होंने कहा जल्द ही हमारे कुकड़ू प्रखंड स्तरीय स्वस्थ केन्द्र का संचालन जल्द से जल्द चालू करने के संबंधित विभागों को सूचित किए जायेंगे। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार गोप,प्रखंड स्वस्थ प्रभारी डॉक्टर दीपक माझी,जिला परिषद उपाध्यक्ष मधुश्री महतो,मुखिया राधिका सिंह, असीम कुमार बनर्जी आदि उपस्थित थे

## मासिक लोक अदालत में किया गया 17 मामलों का निष्पादन

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला व्यवहार न्यायालय सरायकेला में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा मार्च 2023 के लोक अदालत का आयोजन किया गया। मासिक लोक अदालत में 17 वादों का निष्पादन द्विपक्षीय समझौते के तहत किया गया। जिसमें विद्युत विभाग, उत्पाद विभाग, मोटर यान एवं हढ्ढ एक्ट आदि से संबंधित मामले थे। उक्त मामलों के निष्पादन के साथ 2,04,500 रुपए की प्राप्ति हुई।

## गुंज व दया ऑर्गेनाइजेशन ने स्कूली बच्चों के बीच बांटे पाठ्य सामग्री

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दया व गूंज ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय ,मुकुरुडीह, प्राथमिक विद्यालय भुनी, प्राथमिक विद्यालय तेंतुलडीह, प्राथमिक विद्यालय चामीडीह तथा बेलडीह पंचायत अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय जारकी में 300 स्कूली बच्चों के बीच बैग, कॉपी (खाता), कलम, पेंसिल, रबड़, साबुन, कंघी और नाखुन काटने वाले सामग्री का वितरण किया गया। इस संबंध में बोड़ाम प्रखंड संयोजक प्रबोध कुमार महतो ने बताया कि दया व गूंज ऑर्गेनाइजेशन की ओर से काम के बदले अनाज, वस्त्र व अन्य सामग्रियों का वितरण किया जाता है। पाठ्य सामग्री वितरण में मुख्य रूप से बेलडीह पंसस प्रतिनिधि सह गुंज ऑर्गेनाइजेशन बोड़ाम प्रखंड संयोजक प्रबोध कुमार महतो, मुकरुडीह पंसस प्रतिनिधि अरुण महतो, रथु महतो, आदि शामिल थे।

## रामनवमी को लेकर गम्हरिया थाना में शांति समिति की बैठक



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामनवमी पूजनोत्सव को लेकर गम्हरिया थाना परिसर में बीडीओ मारुति मिंज की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस मौके पर उन्होंने शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूजनोत्सव आयोजित करने की अपील अखाड़ा समिति के सदस्यों व आमलोगों से किया। इस मौके पर उपस्थित थाना प्रभारी सुषमा कुमारी ने कहा कि सभी पूजा कमेटी झंडा विसर्जन जुलूस का आयोजन निर्धारित समय का पालन करते हुए शांतिपूर्ण वातावरण में निकालना सुनिश्चित करें ताकि समाज मे एक अच्छा सन्देश जाए। शांति भंग करने वाले उपद्रवी तत्वों पर नजर रखने के लिए सादे लिबास में भी पुलिस बलों की तैनाती रहेगी। उपद्रवी तत्वों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पूजा कमेटी के सदस्यों व आमलोगों से भी जुलूस के दौरान कोई घातक हथियार नहीं रखने का निर्देश दिया। बैठक में मुखिया निरोला सरदार, पार्वती सरदार, पंसस अजीत सिंह, विकाश शर्मा, समेत कई पूजा कमेटी के सदस्य व स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## माझी परगना महाल ने पटमदा में जलाया विधायक सीपी सिंह का पुतला

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** माझी परगना महाल पटमदा प्रखंड



कमेटी की ओर से शनिवार को पटमदा के बेलटांड़ चौक में भाजपा विधायक सीपी सिंह की शवयात्रा निकाल संथाल समुदाय के लोगों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। बाबा तिलका पार्क से शवयात्रा निकालने के बाद बेलटांड़ चौक पर सीपी सिंह का पुतला फूंका गया। मौके पर जितुलाल मुर्मू के नेतृत्व में लोगों ने सीपी सिंह होश में आओ, सीपी सिंह झारखंड छोड़ो, संथाली भाषा के संबंध में उलूल जुलूल बयानबाजी बंद करो आदि नारे लगाए गए। मौके पर अजित हांसदा, मदाड़िया दिवाकर टुडू, जितुलाल मुर्मू, हरिहर टुडू, चुनाराम टुडू, आदि मौजूद थे।

## जेवियर स्कूल में पेरेंट्स-टीचर मीटिंग आयोजित

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जेवियर स्कूल गम्हरिया में शनिवार को दसवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों के अभिभावकों और शिक्षकों के बीच आईसीएसई तथा इंटरमीडिएट 2024 की परीक्षा के मद्देनजर एक बैठक(पेरेंट्स-टीचर मीटिंग)का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर डॉ टोनी राज एस.जे ने अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को पूर्ण रुप से समय नहीं दे पाते हैं। कई अभिभावकों द्वारा भी विभिन्न प्रकार का सुझाव दिया गया। बैठक में ब्रदर अमलराज, प्रभात मिश्रा, रेखा सिंह, ज्योति सलूजा, राजीव रंजन, संगीता राय, अमित, अनामिका दीक्षित, बंदना झा, सरोज रंजन, अर्शी समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

## पोटका संसाधन केंद्र में बुनियादी साक्षरता पर शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड संसाधन केंद्र पोटका में बीते 10 फरवरी से 25 मार्च तक चलने वाली गैर आवासीय एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आज शनिवार को समापन हो गया। इस बाबत प्रशिक्षण श्यामल कुमार मंडल ने कहा कि प्रत्येक प्राथमिक व मध्य विद्यालयों से दो-दो शिक्षकों और शिक्षिकाओं को वर्ग 1 से 3 तक बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान वर्ग अनुसार दक्ष बनाने हेतु दिया गया। पोटका प्रखंड के कुल 560 शिक्षक शिक्षिकाएं 14 बैचों में प्रशिक्षण प्राप्त किया। ज्ञात हो कि विगत वर्ष भी यह प्रशिक्षण दिया गया था। जानकारी हो की एफ एल एन प्रशिक्षण निपुण भारत मिशन का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसका लक्ष्य है वर्ष 26-27 तक वर्ग 1 से 3 तक के सभी बच्चे अपने वर्ग के अनुसार दक्षता प्राप्त कर ले। प्रशिक्षण में प्रशिक्षक के रूप में श्री प्रदीप कुमार मंडल,मोंटू पातर, श्यामल कुमार मंडल एवं खोगेन सरदार ने हिस्सा लिया।

# रामवनवमी व माह-ए-रमजान को लेकर डीसी ने की पेश-ए-इमाम के साथ बैठक

**रावनवमी पर्व को लेकर विधि व्यवस्था संधारण पर हुई चर्चा, जनसमस्याओं को भी सुना गया, सकारात्मक पहल का दिया भरोसा**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रामवनवमी एवं माह-ए-रमजान के दौरान विधि व्यवस्था संधारण को लेकर उपायुक्त विजया जाधव ने समाहरणालय सभागार में शहर के पेश-ए-इमाम तथा मस्जिदों के अध्यक्ष एवं महासचिव के साथ बैठक की। उपायुक्त ने उपस्थित सदस्यों से विधि व्यवस्था बनाए रखने में अपने स्तर से भी सहयोग करने की अपील की । उन्होंने कहा कि आप सभी की बातों का व्यापक असर होता है, ऐसे में मस्जिदों में नमाज के समय भी जिला प्रशासन की भावनाओं से सभी आयु वर्ग के लोगों को अवगत कराएं ताकि सौहार्द्रपूर्ण एवं शांति के वातावरण में त्यौहार मनाया जाए । उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि दूसरों की भावनाओं का सम्मान करते हुए



त्योहार मनाएं, रामनवमी विसर्जन जुलूस के दौरान सड़क पर या धार्मिक स्थलों के पास अड्डाबाजी न हो इसे सभी प्रबुद्ध लोग अपने स्तर से सुनिश्चित करें।

**स्टंट करने वालों से सख्ती से निपटेगा प्रशासनः** अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम श्री पीयूष सिन्हा ने कहा कि सभी धर्मों के लोग हर्षोल्लास से त्यौहार मनायें, शांति एवं विधि व्यवस्था को बनाये रखें, ऐसी कोई उद्दंडता नहीं करें कि कानूनी प्रक्रिया अपनानी पड़े । बाइक से स्टंट करने वाले तथा हुल्लड़बाज किस्म के युवाओं को चिन्हित कर काउंसिलिंग का सुझाव दिया । उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों पर प्रशासन द्वारा नजर रखी जाएगी एवं सख्ती से निपटा जाएगा। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर दीपू कुमार ने कहा कि असामान्य परिस्थितियों में कानून को हाथ में नहीं लेते हुए नजदीकी थाना या प्रशासन के उच्चाधिकारी को सूचना दें। अवांछित तत्व किसी भी धर्म या समुदाय के हों उन्हें चिन्हित करने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की । मौके पर मौजूद पेश-ए-इमाम तथा मस्जिदों के अध्यक्ष एवं महासचिव ने प्रशासन को अपनी ओर से आश्वस्त किया कि विधि व्यवस्था संधारण में हर संभव सहयोग मिलेगा। कुछ समस्याओं जैसे बिजली, पानी, साफ-सफाई आदि से उपायुक्त को अवगत कराया, साथ ही कुछ जगहों पर अतिरिक्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति एवं बैरिकेडिंग कराने की मांग की। उपायुक्त ने सभी को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी, साथ ही समस्याओं का निदान जल्द किया जाएगा ।

## विधायक ने किया कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र का दौरा, कई कार्यक्रमों में हुई शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र का शनिवार को स्थानीय विधायक सविता महतो ने तुफानी दौरा किया। विधायक ने क्षेत्र दौरा के क्रम में स्वास्थ्य मेला, तिरूलडीह में नव परायण महायज्ञ ,कुकड़ु में हरी नाम संकिर्तन बुरूडीह में नव परायण महायज्ञ में भी शामिल हुए। वहीं उन्होंने तिरूलडीह, बुरूडीह ,सिरकाडीह आदि कई गांवों में ग्रामीणों के साथ बैठकर क्षेत्र के समस्याओं से भी अवगत हुए। विधायक ने अपने कार्यकाल में किए जा रहे विकास कार्यों का भी ग्रामीणों को जानकारी दिया। उन्होंने तिरूलडीह में नव परायण महायज्ञ में महिलाओं के साथ जमीन पर बैठकर महायज्ञ में राम चरित मानस पाठ का रसास्वादन किया। विधायक सविता महतो ने कहा कि आज क्षेत्र दौरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र दौरा के दौरान कई कार्यक्रमों में भी भाग लिया और लोगों से भी मिलकर समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर झामुमो केन्द्रीय सदस्य काबलु महतो, 20 सुत्री अध्यक्ष शक्ति पद महतो, शमशेर अली आदि उपस्थित थे।

## कोल्हान प्रमंडलीय बैठक से मिशन 2024 की तैयारी में जुटी भाजपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शनिवार को भाजपा की कोल्हान प्रमंडलीय बैठक बिस्टुपुर स्थित तुलसी भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव में बड़ी विजय के लिए कई जरूरी निर्देश दिए गए। 2024 के लोकसभा चुनाव में कोल्हान के दो लोकसभा सीट, आंशिक अन्य दो सीट एवं विधानसभा चुनाव में 14 सीटों पर विजयी का प्लान तैयार किया गया। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश एवं प्रदेश मंत्री सह जमशेदपुर महानगर प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू मुख्यरूप से शामिल हुए। वहीं, इस बैठक में पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, मेयर, डिप्टी मेयर, जिला परिषद अध्यक्ष, जिला परिषद उपाध्यक्ष, भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, पूर्व जिला अध्यक्ष, भाजपा जिला पदाधिकारी, प्रदेश मोर्चा के पदाधिकारी, मोर्चो के जिला अध्यक्षगण, विभिन्न मंडल के अध्यक्ष एवं महामंत्री, बूथ सशक्तिकरण अभियान के 4 सदस्यीय जिला टोली, मा. राष्ट्रपति जी के अभिभाषण के 4 सदस्यीय जिला टोली मौजूद रहे। बैठक में उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए रघुवर दास ने बूथ सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि कार्यकर्ता बूथ जीता-चुनाव जीता के ध्येय के साथ कार्य करें। श्री दास ने कहा कि झारखंड में परिस्तिथिया बदल रही है वर्तमान सरकार सभी मोर्चो पर पूरी तरह से नाकाम सबित हुई है। सभी कार्यकर्ताओं से 11 अप्रैल को रांची में हेमंत सरकार के खिलाफ प्रस्तावित प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शमिल होने का आह्वान किया। वहीं, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने सभी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने बूथ को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा कि चुनाव जीतने के लिए बूथ सशक्तिकरण अत्यंत आवश्यक है। दीपक प्रकाश ने वर्तमान हेमंत सरकार पर भी जमकर निशाना साधते हुए कहा कि आज झारखंड में बीमार सरकार चल रही है।

**27 मार्च को फदलोगोड़ा में आजसू पार्टी की केंद्रीय समिति की होगी बैठक**

## आजसू पार्टी सकारात्मक राजनीति में विश्वास रखती है : हरेलाल

**आजसू केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों पर होगा मंथन**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** आगामी 27 मार्च, सोमवार को चांडिल प्रखंड के फदलोगोड़ा स्थित होटल गोल्डन लीफ में आजसू पार्टी के केंद्रीय समिति की बैठक होगी। शनिवार को चिलगु स्थित प्रधान कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में उक्त जानकारी आजसू केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो ने दी। उन्होंने बताया कि केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में केंद्रीय समिति की बैठक होगी, जिसमें कई महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन किया जाएगा तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार किया जाएगा। हरेलाल महतो ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारी कर ली गई हैं। हरेलाल महतो ने कहा कि आजसू पार्टी हमेशा से सकारात्मक राजनीति करती आई हैं और सकारात्मक राजनीति में विश्वास रखती हैं। प्रेस वार्ता में नीमडीह जिला परिषद सदस्य असित सिंह पात्र, केंद्रीय सचिव रविशंकर मौर्या, सरायकेला खरसावां जिलाध्यक्ष सचिन महतो, जमशेदपुर जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह, पश्चिमी सिंहभूम जिलाध्यक्ष रामलाल सिंह मुंडा आदि मौजूद थे।

### सूरज कालिंदी के हत्यारों को पुलिस जल्द गिरफ्तार करें : हरेलाल

**चांडिल :** डोबो निवासी सूरज कालिंदी जो कि आजसू का एक सक्रिय कार्यकर्ता भी था। शुक्रवार शाम को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर सूरज कालिंदी की हत्या कर दी। शनिवार दोपहर को आजसू केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो



डोबो स्थित सूरज कालिंदी के घर पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली। इस दौरान हरेलाल महतो ने दिवंगत सूरज कालिंदी के पत्नी, बच्चों तथा परिजनों का ढांढस बंधाया। इस दौरान केंद्रीय सचिव रविशंकर मोरया, सरायकेला खरसावां जिलाध्यक्ष सचिन महतो, जमशेदपुर जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह, पश्चिमी सिंहभूम जिलाध्यक्ष रामलाल सिंह मुंडा समेत सैकड़ों आजसू कार्यकर्ता मौजूद थे। हरेलाल महतो ने कहा कि सूरज कालिंदी आजसू पार्टी का सक्रिय कार्यकर्ता था। सूरज कालिंदी के हत्यारों को सजा दिलाने के लिए आजसू पार्टी उग्र आंदोलन शुरू करेगी।

## पंचायत स्तरीय आजसू पार्टी का हुआ गठन, उद्धव बने अध्यक्ष व सुफल सचिव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खरसावां प्रखंड के बुरूडीह पंचायत में आजसू पार्टी की बैठक शनिवार को प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा महतो की अध्यक्षता में हुई। जिसमें आगामी 2024 में लोकसभा वह विधानसभा चुनाव की रूपरेखा का तैयारी व पार्टी की मजबूती को लेकर विचार विमर्श किया गया। संगठन की विस्तार और मजबूती को



लेकर बुरूडीह पंचायत समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से पंचायत प्रभारी के रूप में मनोज महतो,अध्यक्ष में उद्धव नायक एवं सचिव सुफल महतो को मनोनीत किया गया। बैठक में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष राम रतन महतो एवं खरसावां विधानसभा प्रभारी संजय जारिका उपस्थित थे। मौके पर अनिल डे गौतम नायक कपिल महतो मनोज महतो शंकर माली और गुरु महतो विश्वनाथ नायक कुश कुमार मांझी दीनबंधु बेसरा आदि उपस्थित थे।

## विशाल बाहा सेंदरा यात्रा में उमड़ा प्रकृति प्रेमियों का सैलाब

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** आदिवासी समन्वय समिति, पातकोम दिशोम माझी पारगाना माहाल, झारखंड दिशोम बाहा (सरहुल) कमिटी व संयुक्त ग्राम सभा द्वारा पुराना हाई स्कूल मैदान ईचागढ़ से विशाल बाहा सेंदरा यात्रा का शुभारंभ कर खुदियडीह, चौका होते हुए चांडिल गोल चक्कर स्थित सिधु कान्हो के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद सभी एकत्रित होकर चांडिल बस स्टैंड सिनेमा हॉल से चांडिल बाजार,



स्टेशन होते हुए गांगुडीह दिशोम जाहेर गाढ़ पहुंचे। मौके पर पातकोम माझी पारगाना माहाल के महासचिव श्यामल मार्डी सरहुल पुजा प्रकृति की पुजा है। यह झारखंड का एक प्राचीन त्योहार है। इस पर्व पर पुरुष, महिला और बच्चे रंगीन और जातीयरिधानों में पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत करते हैं। इसके पूर्व 24 मार्च को झारखंड दिशोम सरहुल कमिटी द्वारा चांडिल गोल चक्कर, आदिवासी समन्वय समिति द्वारा खुदियाडीह, पातकोम दिशोम माझी पारगाना माहाल द्वारा गांगुडीह व संयुक्त ग्राम सभा ईचागढ़ द्वारा पुराना ईचागढ़ हाई स्कूल मैदान में सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रकाश मार्डी, भदरू सिंह सरदार, सुचांद उरांव, आदि उपस्थित थे।

## डॉ अजय व बन्ना गुप्ता सहित अन्य साक्ष्य के अभाव में रिहा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शनिवार को न्यायालय एमपी एमएलए कोर्ट चाईबासा के न्यायालय से अभियुक्त डॉ अजय कुमार, फिरोज खान, बन्ना गुप्ता एवं रविंद्र झा साक्ष्य के अभाव में रिहा किए गए। इन सबों के विरुद्ध 26 जून 2011 को पुलिस पदाधिकारी सुनील कुमार चौधरी के द्वारा बागबेड़ा थाना में धारा 3(1) संपत्ति विरूपण अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज



किया गया था जिसमें अभियोजन पक्ष मात्र दो गवाह न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए थे। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू, बाबू दरीबा एवं राहुल गोस्वामी उपस्थित थे।

# टाटा स्टील फाउंडेशन की परियोजना मानसी के समय पर हस्तक्षेप ने दुग्धा गांव के निवासियों के जीवन में लाया बदलाव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** मानसी - मातृ और नवजात जीवन रक्षा पहल - अब गर्भवती और नई माताओं के साथ-साथ उनके नवजात शिशुओं के अच्छे स्वास्थ्य का पर्याय बन गई है। पिछले एक दशक में, इस पहल ने कोल्हान क्षेत्र में कई परिवारों को विपत्ति का सामना करने के दौरान अपने शारीरिक कल्याण की दिशा में बढ़ने और काम करने में मदद की है। इस परिप्रेक्ष्य में, कोल्हान डिवीजन में 3 जिले शामिल हैं - जिसमें 38 ब्लॉक है और जिसकी आबादी 40 लाख है। कोल्हान मंडल में अब तक मानसी पहल लगभग 3 लाख आबादी तक पहुंच बना चुकी है। चिकित्सा सहायता के अलावा, मानसी किशोरों, स्तनपान कराने वाली माताओं, शिशुओं और बच्चों के बीच पोषण के महत्व को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। किचन गार्डन आदिवासी समुदायों के बीच पोषण की अवधारणा और महत्व को स्थापित करने का एक ऐसा ही उदाहरण है। मानसी पहल के केंद्र में अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ता हैं, जिन्हें हम सहिया साथी या मानसी मित्र या आशा दीदी के रूप में जानते हैं - जो गर्भावस्था और बाल स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न पहलुओं में चिकित्सा प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इस कड़ी में हम एक सहिया और एक नई माँ के बीच के जुड़ाव की एक ऐसी दिल को छू लेने वाली कहानी पर प्रकाश



डालना चाहते हैं जिसने एक समय से पहले पैदा हुए बच्चे को नया जीवन दिया। सात महीने के शांतिपूर्ण गर्भावस्था के बाद, दुग्धा पंचायत की रहने वाली संजू केवर्ट ने लगभग दो महीने पहले एक जनवरी की सुबह अपने बच्चे का जन्म दिया। प्रीमेच्योर होने के कारण नवजात को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी और उसका शरीर नीला पड़ रहा था। उसी समय, बच्चे पर टाटा स्टील फाउंडेशन की मानसी टीम की लगातार निगरानी रख रही थी और देखभाल कर रही थी। अपने बेटे की सलामती को लेकर चिंतित परिजन नवजात को अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने बताया कि संजू और दिनेश के नवजात शिशु को दिल से संबंधित जटिलता थी, लेकिन परिवार के पास आजीविका के सीमित साधन थे और वे अस्पताल में लंबे समय तक इलाज कराने में सक्षम नहीं थे। इसलिए, उनके कठिन समय में और सहायता के लिए, संजू केवर्ट ने मानसी से मदद मांगी। इसके तुरंत बाद, मानसी के अधिकारियों और मित्रों की सलाह पर परिवार एमजीएम अस्पताल पहुंचा। वहां, बच्चे को अगले 2.5 महीनों के लिए ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया, जहां मानसी मित्र, करोरपति महतो के समय पर हस्तक्षेप ने परिवार को एक नया जीवन प्रदान किया। करोरपति महतो के अनुभव - होम बेस्ड न्यूबॉर्न केयरतकनीक, और कंगारू मदर केयर - मानसी पहल के तहत प्रशिक्षण मॉड्यूल, ने नवजात को दो महीने की अवधि में स्वस्थ बनाने में मदद की। बच्चा अब 1 साल 5 महीने का हो गया है, मुस्कुराते हुए और घर के चारों ओर दौड़ रहा है, दिनेश और संजू के जीवन को रोशन कर रहा है। संजू खुशी के साथ कहती हैं, करोरपति महतो, जो हमारी मानसी मित्र रहीं हैं, ने मुझे घर पर नवजात की देखभाल, विशेष रूप से कंगारू केअर के विभिन्न पहलुओं के बारे में सिखाया। मैं उनकी आभारी हूं कि साथ मिलकर, हम अपने बच्चे को बचा सके और उसे बढ़ते हुए देख सके।

संपादकीय

# आत्मनिर्भर अस्तित्व के लिए

**आत्मनिर्भर** पर्वतीय राज्य को अपने प्राकृतिक संसाधनों के लिए लडऩा और राष्ट्रीय अनुपात पर जमी बर्फ को अपने पक्ष में हटाने को संघर्ष करना ही पड़ेगा। हिमाचल ने वाटर सेस के जरिए अपनी आर्थिकी के आत्मबल को जिस पटरी पर रखा है, वहां पंजाब व हरियाणा की मूंछें तनी हुई नजर आ रही हैं। आश्चर्य यह कि जो पंजाब कल तक हिमाचल की नदियों से निकले पानी की बूंदों पर हरियाणा के अधिकार पर ताला लगाने की हर मुमकिन कोशिश करता रहा है, उसे भी हिमाचल के आत्मनिर्भर अस्तित्व पर एतराज है। यह जलविवाद नहीं है और न ही पंजाब पुनर्गठन की आत्मा से कोई धोखा। सबसे पहले तो यही कि किसी सरकार ने पानी में बहती आर्थिकी को निचोडऩे की हिम्मत दिखाई है। अगर गौर से देखें तो पर्वतीय राज्यों को समझने में केंद्रीय नीतियों का भी दोष रहा है। आज तक न तो पानी को कच्चा माल स्वीकार करके रायल्टी तय हुई और न ही पर्वतीय जिम्मेदारियों व लेनदारियों के एवज में केंद्र सरकारों ने न्याय किया। हिमाचली अधिकारों की बात सर्वप्रथम शांता कुमार ने दिल्ली मार्च के माध्यम से उठाई थी, तो प्रेम कुमार धूमल के समय में आया औद्योगिक पैकेज एक खूबसूरत पैगाम रहा। विद्युत उत्पादन में मिलने वाली मुफ्त बिजली जरूर एक सांचे की तरह हिमाचल को आश्रय देती है, लेकिन आगे बढऩे के लिए इनसाफ की डगर पानी से निकलेगी या जंगल के बदले वित्तीय भरपाई का कोई फार्मूला ढूंढना पड़ेगा। आश्चर्य यह कि हिमाचल वाटर सेस उन विद्युत इकाइयों से हासिल करना चाहता है जो प्रदेश की धरती पर स्थापित होने के बदले पहले ही हजारों लोगों को उजाड़ चुकी हैं। यह कैसे संभव हो सकता है कि उजड़े तो हिमाचल, लेकिन मालामाल केवल पड़ोसी राज्य ही होते रहें। पौंग डैम का ही उदाहरण लें, तो इससे एक यूनिट बिजली भी हिमाचल को नहीं मिली। यह कैसा दस्तूर कि सतलुज, ब्यास या रावी में बाढ़ आए तो हमारी, लेकिन इसके बदले पड़ोसी राज्यों के अधिकार बरकरार रहेंगे। आज भी पंजाब पुनर्गठन की लकीरों में फंसे हिमाचल का 7.19 प्रतिशत हिस्सा इसलिए गुम है क्योंकि न तो प्रदेश सरकारों ने संघर्ष को अंजाम तक पहुंचाया है और न ही केंद्र ने ईमानदारी से प्रदेश के साथ इनसाफ किया। अब तो पर्वतीय राज्यों की वित्तीय मदद से पूरी तरह 90:10 की औसत से योजनाओं-परियोजनाओं के पोषण से भी केंद्र न-नुकर करने लगा है। स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में वित्तीय पोषण की 50:50 प्रतिशत की शर्त से हिमाचल का शहरी विकास अवरुद्ध हुआ है। पड़ोसी राज्यों से जमीन जैसे मसले अगर नहीं सुलझे तो इसलिए भी कि केंद्र ने हमें महत्त्व ही नहीं दिया या हमारा प्रतिनिधित्व संसद में सोया रहा। देश के लिए कुर्बानियों का इतिहास रचने वाले हिमाचल को न तो सैन्य संस्थान मिले और न ही आज तक राष्ट्रीय निर्माण योजनाओं में पूर्ण अधिकार मिले। सिर्फ एक बार जब अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने राज्य को औद्योगिक पैकेज दिया था, तब लगने लगा था कि इसके मार्फत प्रदेश आर्थिक आधार पर खड़ा हो पाएगा, लेकिन बड़े राज्यों के विरोध के कारण यह भी अधूरे संकल्प के साथ समाप्त हो गया। हमारा मानना है कि प्रदेश को आर्थिक तौर पर आगे बढऩे के लिए सबसे पहले उस ताक-झांक को छोडऩा होगा, जो केवल केंद्रीय रहमोकर्म पर पल्लवित होती रही है। दूसरी ओर वित्तीय संरचना के आर्थिक संचार के लिए कठिन विकल्प चुनने होंगे और तीसरे युवा पीढ़ी को गैर सरकारी सोच व स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बनने का माहौल व प्रोत्साहन देना होगा। एक पानी पर सेस लगा कर हिमाचल को पता चल गया कि उसे 'पप्पू' बना कर रखने वाली प्रवृत्तियां किस तरह व्यवहार करती हैं। हमें आत्मनिर्भर होने के लिए एक नई जमीन व वातावरण चाहिए और यह केवल जंगलों की मिलकीयत से मिलेगा। हम प्रदेश की 70 फीसदी जमीन जंगलों को देकर हासिल क्या कर रहे हैं। सिर्फ यही कि चारे की कमी ने पशुओं को आवारा बना दिया या बंदरों ने जंगल से बाहर निकल कर हमारा जीवन उजाड़ दिया।

विद्युत उत्पादन में मिलने वाली मुफ्त बिजली जरूर एक सांचे की तरह हिमाचल को आश्रय देती है, लेकिन आगे बढ़ने के लिए इनसाफ की डगर पानी से निकलेगी या जंगल के बदले वित्तीय भरपाई का कोई फार्मूला ढूंढना पड़ेगा। आश्चर्य यह कि हिमाचल वाटर सेस उन विद्युत इकाइयों से हासिल करना चाहता है जो प्रदेश की धरती पर स्थापित होने के बदले पहले ही हजारों लोगों को उजाड़ चुकी हैं। यह कैसे संभव हो सकता है कि उजड़े तो हिमाचल, लेकिन मालामाल केवल पड़ोसी राज्य ही होते रहें। पौंग डैम का ही उदाहरण लें, तो इससे एक यूनिट बिजली भी हिमाचल को नहीं मिली।

## बोध कथा

# अन्याय का प्रतिरोध

**महर्षि** कश्यप धर्मशास्त्रों के अध्ययन में लगे रहते थे। वह अपने आश्रम के शिष्यों को उपदेश देते थे कि धर्म का स्वयं पालन करना चाहिए तथा यदि कोई धर्म के विरुद्ध किसी का उत्पीड़न करता है, तो उस दुष्ट से उसकी रक्षा के लिए तत्पर रहना चाहिए। अन्याय सहन करना घोर पाप है। एक दिन महर्षि कश्यप के पुत्र महोत्कट काशी नरेश के पुत्र का विवाह संपन्न कराने जा रहे थे। रास्ते में उन्होंने धूम्राक्ष राक्षस को एक दिव्य शस्त्र के साथ देखा। धूम्राक्ष ने काशी क्षेत्र में आतंक फैला रखा था। ऋषि महोत्कट को पिता का उपदेश याद आ गया। उन्होंने राक्षस धूम्राक्ष को चुनौती दे डाली तथा शस्त्र छीनकर उसी से उसका वध कर डाला। पता चलते ही धूम्राक्ष के पुत्र जघन और मनु ने महोत्कट ऋषि को काशी नरेश के महल में घेर लिया। ऋषि ने अपने तेज से इन राक्षसों का भी वध कर डाला। काशी के एक विद्वान पंडित ने ऋषि से कहा, 'आप ऋषि हैं। आपको धर्म-कर्म में ही रत रहना चाहिए। आपको धूम्राक्ष से बैर मोल लेने की क्या आवश्यकता थीं ?' महोत्कट ने कहा, 'साधु-संतों और ऋषियों का यह कर्तव्य भी होता है कि वे अधर्म और अन्याय को मूक बने रहकर सहन न करें। मैंने राक्षसों का संहार कर धर्म का ही पालन किया है।' काशी नरेश के पुत्र का विवाह कराकर वह अपने आश्रम लौट गए।

## अमृत कलश

# क्षमा और क्रोध

**भीतर** क्षमा हो, तो क्षमा निकलेगी। क्रोध हो, तो क्रोध निकलेगा। इस बात को एक मौलिक सूत्र की तरह अपने रदय में लिख कर रख छोड़ें कि जो आपके भीतर है, वही निकलेगा। हम मित्र उनको कहते हैं- नासमझी हमारी हद की है - हम मित्र उनको कहते हैंङ्कजो हमारे भीतर नहीं है, उसका हमें दर्शन कराते रहते हैं। और हम शत्रु उनको कहते हैं - नासमझी हमारी हद की है-कि जो हमारे भीतर है, उसका दर्शन कराएं, तो हम उन्हें शत्रु मान लेते हैं ! अगर कोई गाली दे और भीतर क्रोध आए, तो उसे धन्यवाद देना कि उसने एक अवसर दिया, परिस्थिति बनाई, जिसमें आपका क्रोध आपको दिखाई पड़ा। और अगर कोई व्यक्ति गाली देने वाले को भी धन्यवाद दे पाए, तो एक दिन उसके भीतर क्षमा की शक्ति पैदा होगी। वह क्षमा पाजिटिव है। वह क्षमा किसी क्रोध का पछतावा नहीं है; किसी क्रोध के लिए मांगी गई माफी नहीं है। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि आप क्रोध करना, तो माफी मत मांगना। लेकिन उस माफी को कृष्ण की क्षमा मत समझना। कृष्ण की क्षमा कोई और बात है। कृष्ण कहते हैं, क्षमा मैं हूं, सत्य मैं हूं, इंद्रियों का वश में करना मैं हूं, मन का निग्रह मैं हूं। मन का निग्रह, इंद्रियों को वश में करना - इस संबंध में थोड़ी-सी बात खयाल में ले लें। एक, व्यापक रूप से गलत धारणा हमारे भीतर है। जब भी हम सोचते हैं, इंद्रियों को वश में करना, तो कोई संघर्ष, कोई युद्ध, कोई लड़ाई, कोई भीतरी कलह का खयाल आता है। जब भी हम सोचते हैं, मन का निग्रह करना, तो कोई जबरदस्ती, कोई दमन, कोई रिप्रेशन करने का खयाल मन में आता है। वे बड़े गलत खयाल हैं। और जो व्यक्ति भी अपनी इंद्रियों को दुश्मन की तरह वश में करने जाएगा, वह मुसीबत में पड़ेगा। वह मालिक तो कभी न हो पाएगा, विक्षिप्त हो सकता है। और जो व्यक्ति जबरदस्ती अपने मन को ठोंक-पीटकर वश में करने की चेष्टा में लगेगा, उसका मन विद्रोही हो जाएगा, मन बगावती हो जाएगा; और मन उसे ऐसी जगह ले जाने लगेगा, जहां-जहां वह चाहता है कि मन न जाए। जहां-जहां चाहेगा कि न जाए मन, वहां-वहां जाने लगेगा। जहां-जहां रोकेगा मन, मन वहां-वहां और भी बहने लगेगा।

### दुनिया के खुश देशों के आकलन में त्रुटि की पूरी संभावनाएं होने को दर्शाता है

# सवालों के घेरे में हैं खुशहाल देशों की रैंकिंग

ललित गर्ग

फिर भी एक बड़ा सवाल है कि हम प्रसन्न समाजों की सूची में क्यों नहीं अव्वल आ पा रहे हैं। यह सवाल सत्ता के शीर्ष नेतृत्व को आत्ममंथन करने का अवसर दे रहा है, वहीं नीति-निर्माताओं को भी सोचना होगा कि कहां समाज निर्माण में त्रुटि हो रही है कि हम लगातार खुशहाल देशों की सूची में सम्मानजनक स्थान नहीं बना पा रहे हैं। भारत सरकार इस रिपोर्ट को कितनी गंभीरता से लेती है, यह देखने वाली बात है। वैसे इस सूचकांक के अलावा भी जो दो अन्य सर्वे जारी हुए हैं, जिनमें एक कंसल्टिंग फर्म हैप्पीप्लस की 'द स्टेट ऑफ हैप्पीनेस 2023' रिपोर्ट के अनुसार, देश में करीब 35 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने 2022 में नकारात्मकता और दुख का अनुभव किया है, यानी 65 प्रतिशत भारतीय लोग अपेक्षाकृत खुश हैं।

**साल** 2023 के लिए 'ग्लोबल हैप्पीनेस इंडेक्स' जारी कर दिया गया है, जिसमें फिनलैंड ने लगातार छठीं बार सर्वोच्च स्थान पाया है। यह बात भी गौर करने की है कि तीन अंकों का सुधार करके भारत इसमें 136वें स्थान पर पहुंचा है, जो आश्चर्यकारी है। इस सूची को जारी करने में अवश्य ही कोई पूर्वाग्रह या आग्रह दिखाई देता है। क्योंकि ऋण की गुहार लगाता एवं त्राहिमाम करता पाकिस्तान 103वें स्थान पर है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि शीर्ष 20 देशों की सूची में एशिया का एक भी देश शामिल नहीं है। कुछ ऐसी ही विडंबनाएं एवं विसंगतियां भी हैं, जो इस सूचकांक के महत्व को घटा देती हैं। जो दुनिया के खुश देशों के आकलन में त्रुटि की पूरी संभावनाएं होने को दर्शाता है। अनेक सवाल खड़े करती है यह खुशहाल देशों की रैंकिंग। चीन में लोगों को धार्मिक-आर्थिक आजादी भी सही ढंग से नहीं मिली है, पर वह 82वें स्थान पर है। नेपाल 85वें, तो बांग्लादेश 99वें स्थान पर है। आर्थिक रूप से बदहाल श्रीलंका 126वें स्थान पर है। ऐसे में, भारत की 136वीं रैंकिंग किसी को अचंभित कर सकती है, इस आकलन की गुणवत्ता एवं निष्पक्षता पर सवाल भी खड़े कर सकती है। हैप्पीनेस इंडेक्स में किसी देश की स्थिति जानने के लिए उसकी जीडीपी, वहां जीवन की गुणवत्ता और जीवन प्रत्याशा का देखा जाता है। इस साल में रैंकिंग में 150 से ज्यादा देशों के इन डाटा का अध्ययन करने के बाद सूची तैयार की गई है। इस बार 2020 से 2022 तक देशों के औसत जीवन मूल्यांकन के आधार पर रिपोर्ट तैयार की गई है। दो अन्य मोर्चों पर खुशहाली को मापने की कोशिश हुई है जिसमें भारत की इतनी बुरी हालात को नहीं दर्शाया गया है। फिर भी एक बड़ा सवाल है कि हम प्रसन्न समाजों की सूची में क्यों नहीं अव्वल आ पा रहे हैं। यह सवाल सत्ता के शीर्ष नेतृत्व को आत्ममंथन करने का अवसर दे रहा है, वहीं नीति-निर्माताओं को भी सोचना होगा कि कहां समाज निर्माण में त्रुटि हो रही है कि हम लगातार खुशहाल देशों की सूची में सम्मानजनक स्थान नहीं बना पा रहे हैं। भारत सरकार इस रिपोर्ट को कितनी गंभीरता से लेती है, यह देखने वाली बात है। वैसे इस सूचकांक के अलावा भी जो दो अन्य सर्वे जारी हुए हैं, जिनमें एक कंसल्टिंग फर्म हैप्पीप्लस की 'द स्टेट ऑफ हैप्पीनेस 2023' रिपोर्ट के अनुसार, देश में करीब 35 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने 2022 में नकारात्मकता और दुख का अनुभव किया है, यानी 65 प्रतिशत भारतीय लोग अपेक्षाकृत खुश हैं। यह रिपोर्ट 36 राज्यों व



केंद्रशासित क्षेत्रों के 14 हजार लोगों की प्रतिक्रिया के आधार पर तैयार की गई है। एक अन्य सर्वे भी है, जिसके अनुसार, भारत में कम से कम 84 प्रतिशत लोगों ने खुश होने का दावा किया है। जीवन संतुष्टि पर आधारित यह 'इप्सोस ग्लोबल हैप्पीनेस सर्वे' बताता है कि दुनिया भर में 73 प्रतिशत लोग संतुष्ट हैं। वैसे दुख या खुशी एक ऐसी अवस्था है, जिस पर किसी सर्वे के जरिये एकमत नहीं हुआ जा सकता। फिर भी, ऐसी सूचियों से सकारात्मक प्रेरणा लेते हुए प्रसन्न समाज की संरचना के लिये तमाम तरह के प्रयास करने में ही भलाई है। खुशहाली सूचकांक के लिए अर्थशास्त्रियों एवं विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की एक टीम व्यापक स्तर पर शोध करती है, यह टीम समाज में सुशासन, प्रति व्यक्ति आय, स्वास्थ्य, जीवित रहने की उम्र, भरोसा, सामाजिक सहयोग, परोपकार, दान भावना, स्वतंत्रता और उदारता आदि को आधार बनाती है। रिपोर्ट का मकसद विभिन्न देशों के शासकों को आईना दिखाना है कि उनकी नीतियां लोगों की जिंदगी खुशहाल बनाने में कोई भूमिका निभा रही हैं या नहीं? हमारा शीर्ष नेतृत्व आजादी के बाद से ही निरन्तर आदर्शवाद और अच्छाई का झूठ रचते हुए सच्चे आदर्शवाद के प्रकट होने की असंभव कामना करता रहा है, इसी से जीवन की समस्याएं सघन होती गयी है, नकारात्मकता का व्यूह मजबूत होता गया है, खुशी एवं प्रसन्न जीवन का लक्ष्य अधूरा ही रहा है, इनसे बाहर निकलना असंभव-सा होता जा रहा है। दूषित और दमघोंटू वातावरण में आदमी अपने आपको टूटा-टूटा सा अनुभव कर रहा है। आर्थिक असंतुलन, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, बिगड़ी कानून व्यवस्था एवं भ्रष्टाचार उसकी धमनियों में कुत्सित विचारों का रक्त संचरित कर रहा है। ऐसे जटिल हालातों में इंसान कैसे खुशहाल जीवन जी सकता है? इन गहन अंधेरों से बाहर निकलते हुए विगत एक दशक में सरकारों के कामकाज एवं नीतियों से एक आशावाद झलका है, कोरोना महामारी से निपटने में भी वर्तमान सरकारों की सकारात्मक भूमिका रही है। इसी से एक और खास बात सामने आयी है वह यह है कि तीन साल की महामारी का समग्रता में भारत की खुशी पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है। भारत में खुशहाली को बढ़ावा देने में यहां की जनसंख्या सबसे बड़ी बाधा है। भारत जैसे विशाल और असमान विकास वाले देश के लिए 136वां स्थान कितना मायने रखता है? भारत में कई तरह का भारत है, एक अमीर व खुशहाल भारत है, तो उसमें एक गरीब भारत भी है। गरीब भारत भी विकास कर रहा है, लेकिन आबादी इतनी ज्यादा है कि अभी देश को समग्रता में खुशहाल देशों में अव्वल स्थान बनाने में वक्त लगेगा। सबसे खुशहाल देश फिनलैंड की आबादी महज 55 लाख है, उसके लिए विकास आसान है। भारत के मुम्बई, दिल्ली, कोलकता शहर में इसमें कहीं ज्यादा लोग रहते हैं। खुश देशों की सूची में दूसरे स्थान रहे डेनामार्क में 58.6 लाख लोग रहते हैं, तीसरे स्थान पर रहे देश आइसलैंड में तो महज 3.73 लाख लोग होते हैं। वैसे भी खुशी महसूस करना व्यक्ति के खुद की सोच पर निर्भर करता है। इसलिये प्रश्न है कि हमारी खुशी का पैमाना क्या हो? अधिकतर लोग छोटी-छोटी जरूरतें पूरी होने को ही खुशी मान लेते हैं। इससे उन्हें उस पल तो संतुष्टि मिल जाती है, उनका मन खिल जाता है। लेकिन यह खुशी ज्यादा देर नहीं टिकती, स्थायी नहीं होती। इच्छा पूरी होने के साथ ही उनकी खुशी भी कमजोर होने लगती है। खुशी एवं प्रसन्नता हम सबकी जरूरत है, लेकिन प्रश्न है कि क्या हमारी यह जरूरत पूरी हो पा रही है, ताजा आकलन से तो यही सिद्ध हो रहा है कि हम खुशी एवं प्रसन्नता के मामले में लगातार पिछड़ रहे हैं। विडम्बनापूर्ण स्थिति तो यह है कि हमारा भारतीय समाज एवं यहां के लोग अपने ज्यादातर पड़ोसी समाजों से कम खुश है। खुशहाली की रिसर्च में खुशहाली को राष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध भौतिक सुविधाओं से मापा जाता है। लेकिन खुशियां का दायरा इतना छोटा तो नहीं होता। विकास की सार्थकता इस बात में है कि देश का आम नागरिक खुद को संतुष्ट और आशावान महसूस करे। स्वयं आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ बने, कम-से-कम कानूनी एवं प्रशासनिक औपचारिकताओं का सामना करना पड़े, तभी वह खुशहाल हो सकेगा। डिजिलीकरण, आर्थिक नवाचार जैसी घटनाओं ने आम आदमी को अधिक परेशानी एवं कंकाली दी है।

# किस्सा अमृतपाल का

अमृतपाल सिंह के भाषणों की तार्किक व्याख्या कर उसे अकादमिक रूप में पेश करना उसी गिरोह का काम था जो उसने बखूबी निभाया और निभा रहा है। इस बार अमृतपाल सिंह और उसको पंजाब के मैदान में उतारने वाले लोगों ने इस बात का ध्यान रखा कि सारा खेल जन कल्याण के नाम पर खेला जाए। यही कारण है कि अभियान नशा मुक्ति केन्द्रों के आवरण में ही छेड़ा गया। इन केन्द्रों को धार्मिक स्थानों से संचालित किया गया। लेकिन समय रहते अमृतपाल सिंह ने अपने सारे अभियान का बाटम लाईन खुद ही स्पष्ट कर दी थी कि मैं अपने आप को भारतीय नागरिक नहीं मानता हूं। उसका आभामंडल स्थापित करने के लिए सार्वजनिक रूप से हथियारों का प्रदर्शन करते हुए, एक जत्था निरंतर साथ चलता रहता था। इससे आम जनता में यह भ्रम फैलता है कि सरकार स्वयं ही इस नए समूह से भयभीत रहती है।

**अमृतपाल** सिंह के किस्से का पटाक्षेप अभी तक नहीं हुआ है। यानी वह अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। कहा जा रहा है कि पुलिस उसे ढूंढ रही है। इसमें तो कोई संशय नहीं कि देर-सवेर वह पकड़ में आ ही जाएगा। कहा जा रहा है कि अमृतपाल सिंह जिस समय दुबई में वाहन चलाने का काम कर रहा था तभी वह विदेशी एजेंसियों की पकड़ में आ गया था। अमृतपाल सिंह के व्यवहार, चाल-ढाल और भाषा से अन्दाज़ा लगाया जा सकता है कि विदेशी एजेंसियों ने उसे प्रशिक्षित करने में काफी समय खपाया है। लेकिन एक प्रश्न सहज ही उठाया जा सकता है कि कुछ लोग प्रश्न करते हैं कि यदि यह काम विदेशी एजेंसियों का ही होता तो वे कनाडा-अमेरिका से किसी अच्छे पढ़े लिखे व्यक्ति पर दांव लगातीं। दरअसल पंजाब में इन विदेशी एजेंसियों ने पंजाब में जिस काम को अंजाम देना है, उसके लिए ग्रामीण पृष्ठभूमि का कोई अर्ध शिक्षित रस्टिक व्यक्तित्व का व्यक्ति ही उपयोगी हो सकता है। उस ढांचे में अमृतपाल सिंह ही फिट बैठ सकता था। इस आन्दोलन में विदेशी एजेंसियां चाहती हैं कि उन द्वारा निर्माण किए गए हीरो के पीछे गांव के उस युवा को जोडऩा है जो एडवेंचरिजम से जल्दी प्रभावित हो जाता हो। अच्छी तरह प्रशिक्षित अमृतपाल सिंह ही इसके लिए सर्वाधिक उपयुक्त हो सकता था। लेकिन असली प्रश्न यह है कि जब कुछ विदेशी एजेंसियां इस सारे अभियान में लगी हुईं थीं, उस समय इसकी भनक हमारी एजेंसियों को क्यों नहीं लगी? आखिर यह सारा प्रशिक्षण और रणनीति कुछ महीनों में तो बनी नहीं होगी। एक बात और आश्चर्यचकित करती है कि अमृतपाल सिंह को कवरिंग फायर प्रदान करने के लिए बुद्धिजीवियों का एक पूरा गिरोह योजनाबद्ध तरीके से काम कर रहा था। अमृतपाल सिंह के भाषणों की तार्किक व्याख्या कर उसे अकादमिक रूप में पेश करना उसी गिरोह का काम था जो उसने बखूबी निभाया और निभा रहा है। इस बार अमृतपाल सिंह और उसको पंजाब के मैदान में उतारने वाले लोगों ने इस बात का ध्यान रखा कि सारा खेल जन कल्याण के नाम पर खेला जाए। यही कारण है कि अभियान नशा मुक्ति केन्द्रों के आवरण में ही छेड़ा गया। इन केन्द्रों को धार्मिक स्थानों से संचालित किया गया। लेकिन समय रहते अमृतपाल सिंह ने अपने सारे अभियान का बाटम लाईन खुद ही स्पष्ट कर दी थी कि मैं अपने आप को भारतीय नागरिक नहीं मानता हूं। उसका आभामंडल स्थापित करने के लिए सार्वजनिक रूप से हथियारों का प्रदर्शन करते हुए, एक जत्था निरंतर साथ चलता रहता था। इससे आम जनता में यह भ्रम फैलता है कि सरकार स्वयं ही इस नए समूह से भयभीत रहती है। सरकार के इस रवैए से नौकरशाही संकेत ग्रहण करती है। इसका उदाहरण तो सामने है ही। पंजाब के मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री के आचरण और भाषा से संकेत लेते हुए प्रधानमंत्री की सुरक्षा से ही समझौता कर लिया था। जो नौकरशाही अपने स्वार्थ के लिए प्रधानमंत्री की सुरक्षा से खिलवाड़ कर सकती है, उसके लिए आम पंजाबियों की सुरक्षा भला क्या मायना रखती होगी। जो लोग अमृतपाल सिंह को आगे करके सारा खेल खेल रहे थे, उनकी रणनीति में एक ऐसा पत्ता भी था जिसके चलते 'चित्त भी मेरी और पट भी मेरी' वाला मामला बनता था। अजनाला में वह खेल उन्होंने श्री गुरु ग्रन्थ साहिब जी की पालकी को आगे करते किया। अजनाला थाने पर कब्जा करने का यह सारा प्रकरण इसी पद्धति से हुआ। पुलिस गोली चला देती तो बेअदबी का मामला बनता था। इस काम के लिए पुलिस को उत्तेजित भी किया गया। यदि पुलिस इसके बाद भी उत्तेजित नहीं होती तब थाने पर कब्जा तो पक्का ही था। दोनों स्थितियों में लाभ यह सारी व्यूह रचना करने वालों को ही होता और ऐसा हुआ भी। सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले से उनके परिवार में उपजी निराशा और आम जनता में उत्पन्न भय को 'वारिस पंजाब दे' के साथ जोड़ कर एक नई लहर उत्पन्न करने का गहरा षड्यन्त्र था। हैरत की बात यह है कि आम आदमी पार्टी की सरकार मूसेवाला की निर्मम हत्या के बाद भी गैंगस्टरों पर काबू नहीं पा सकी। उसके पिता ने सार्वजनिक रूप से नाम लेकर कुछ लोगों के नाम लिए लेकिन सरकार के कानों पर जूं नहीं रेंगी। सरकार के इस व्यवहार से आम आदमी पार्टी पर ही इस मामले को लेकर शक की सुई घूमने लगी कि कहीं यह पार्टी इस हत्या का किसी न किसी प्रकार से राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश तो नहीं कर रही? सरकार की इस अकर्मण्यता से दुखी बलकौर सिंह से अमृतपाल सिंह के लोगों ने भी यदि सम्पर्क कर लिया हो तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए। सिद्धू मूसेवाला की बरसी पर उसके माता-पिता की बातों से यही लगता था कि सरकार यदि कुछ नहीं करती तो वे कहां जाएं? इतिहास गवाह है कि ऐसे मौके पर गैंग आशा बंधाने चले जाते हैं। लेकिन इस प्रश्न का उत्तर तो भगवन्त सिंह मान को देना ही होगा कि क्या पुलिस में से ही किसी ने अमृतपाल सिंह को चलाने वालों को पुलिस के अभियान की ख़बर दे दी थी? फिलहाल जांच पड़ताल के बाद इस पूरे षड्यन्त्र की जितनी परतें खुलती जा रही हैं, उससे इतना तो पता चलता ही है कि पंजाब में इस अभियान का आधार नहीं है। विदेशों से संचालित गिरोह, विदेश से ही ज्यादा हलचल कर रहा है। भारत सरकार को यह तो पूछना ही चाहिए कि अमेरिका, कनाडा व लंदन की सरकारें इस अभियान को हवा क्यों दे रही हैं? यह राजनयिक शिष्टाचार व नियमों के खिलाफ है। पाकिस्तान को भी चेतावनी दी जानी चाहिए। अमृतपाल के संबंध पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से बताए गए हैं। पाकिस्तान भारत में आतंकवादी गतिविधियों को प्रोत्साहन देता रहा है। इसलिए इस बार उसे कड़ी चेतावनी दी जाए। पंजाब के सीमावर्ती जिलों में पक्के सुरक्षा बंदोबस्त करने होंगे। हमें किसी आतंकवादी घटना का इंतजार करने के बजाय पहले से ही कड़े सुरक्षा प्रबंध करने हैं।



## नागरिक बोध

# लगा पोस्टर, निकली सियासत

**राजधानी** दिल्ली की दीवारों पर अचानक कुछ पोस्टर चिपका दिए गए-'मोदी हटाओ, देश बचाओ।' यह कोई देश-विरोध का नारा नहीं है और न ही चुनावी मौसम में अप्रत्याशित माना जा सकता है। भारतीय लोकतंत्र में ऐसे नारों और पोस्टरों की परंपरा नेहरू-कालखंड से रही है। 1962 में भारत-चीन युद्ध जारी था, लेकिन तब विपक्षी जनसंघ ने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के खिलाफ नारों और पोस्टरों का अभियान छेड़ा था। आपातकाल के दौरान जयप्रकाश नारायण ने यह भी नारा दिया था-'इंदिरा हटाओ, देश बचाओ।' उस दौर में पोस्टर ही नहीं छापे गए, बल्कि काली स्याही से दीवारों पर भी नारे लिखे गए। भारतीय राजनीति में और भी उदाहरण होंगे, लेकिन दिल्ली में प्रधानमंत्री-विरोधी पोस्टर नजर आए, तो पुलिस ने करीब 140 प्राथमिकियां दर्ज कर लीं और 30 से अधिक लोगों को गिरफ्तार भी किया। यह सिलसिला अभी जारी है। यकीनन प्राथमिकी के संदर्भ में ये आंकड़े अभूतपूर्व हैं, क्योंकि पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराना टेढ़ी खीर है। पहले और अब की राजनीति में फर्क इतना ही है कि 2009 में एक कानून बनाया गया था। उसके मुताबिक, किसी भी पोस्टर पर प्रिंटिंग प्रेस और प्रकाशक का नाम छापना अनिवार्य है और पोस्टरों की संख्या सार्वजनिक करना भी लाजिमी है। ऐसा नहीं करना 'अपराध' माना जाता है। कुछ घंटों तक यह रहस्य बना रहा कि प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ पोस्टर-अभियान किसने छेड़ा है? लेकिन 'आम आदमी पार्टी' (आप) के दफ्तर से पोस्टरों से भरी एक वैन निकल रही थी, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। बाद में 'आप' के कुछ मंत्रीनुमा नेताओं ने भी कबूल किया कि पोस्टर 'आप' ने ही छपवाए हैं। यह प्रधानमंत्री का विरोध-अभियान है, क्योंकि उन्होंने देश को ठगा है और अपने वायदे पूरे नहीं किए हैं। 'आप' ने यह मौका जानबूझ कर चुना है, क्योंकि पोस्टर कांड के अगले ही दिन 23 मार्च को भगत सिंह, राजगुरू, सुखदेव सरीखे क्रांतिकारियों का 'शहीदी दिवस' था।

## देश दुनीया से

# खेल सामान की खरीद में पारदर्शिता बरतें

**खेलों** में आज उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए खेल उपकरणों से लेकर कृत्रिम प्ले फील्ड तक में काफी सुधार किया जा रहा है। अच्छे खेल परिणामों के लिए खेल सामान की क्वालिटी का योगदान भी बहुत महत्वपूर्ण है, मगर खेल सामान की खरीददारी में बहुत बड़ा गोलमाल है। खेलों की बुनियादी जरूरत से जुड़े विषय पर पहले भी कई बार इस कॉलम के माध्यम से सचेत करवाया जा चुका है, मगर अभी तक इसमें कोई भी सुधार नहीं हो पाया है। हिमाचल प्रदेश के जिला युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के कार्यालयों व शिक्षा संस्थानों में हर वर्ष करोड़ों रुपए का खेल सामान जैम व अन्य माध्यमों से खेल विभाग व शिक्षा निदेशालय खरीद कर आगे देता है जो बेहद निम्न दर्जे का होता है। इस कॉलम के माध्यम से बार बार सरकार को सचेत किया जा रहा है कि इस खरीद पर लगाम लगा कर अच्छी क्वालिटी का खेल सामान प्रदेश के विद्यार्थी खिलाडियों को मिले ताकि हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन कर सकें। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आज खेलों का स्तर बहुत ही ऊपर उठ चुका है। उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर खिलाड़ी पूरे विश्व में अपने देश का डंका बजा रहे हैं। इस अद्भुत खेल प्रदर्शन के लिए उच्च स्तरीय प्रशिक्षकों व प्रतिभाशाली खिलाडियों के साथ-साथ उनके पास स्तरीय खेल किट व उच्च तकनीकी के खेल उपकरणों का होना भी बहुत ही जरूरी होता है। चिकित्सा क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की बीमारियों को ठीक करने के लिए आज प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर कई प्रकार के उपकरण विकसित हो चुके हैं, ठीक उसी प्रकार खेल जगत में भी आज के अति मानवीय खेल परिणामों में विकसित प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर बनाई गई आधुनिक खेल सामग्री का विशेष योगदान है। जैसे-जैसे सभ्यता का विकास हो रहा है, हम स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हो रहे हैं। इंसान को फिट रहने के लिए किसी न किसी खेल का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में जब लाखों नहीं करोड़ों खेलेंगे तो उसके लिए खेल उपकरण भी चाहिए। पूरे विश्व में खेल बहुत बड़ा उद्योग बन कर उभरे हैं। हमारे देश में आज खेल उपकरणों का उद्योग अरबों रुपये का कारोबार हर वर्ष कर रहा है। खेल किट व खेल उपकरणों के बाजार में अच्छे से अच्छा व घटिया से घटिया सामान उपलब्ध है। जब सरकारी स्तर पर खेल सामान खरीदा जाता है तो कीमत बढिया या मध्यम स्तर के सामान की होगी और सामग्री निम्न दर्जे की होगी। इस तरह मूल्य उच्च क्वालिटी का तय कर शेष राशि हड़प ली जाती है। व्यापारी व सामग्री खरीदने वाले अधिकारी मिलकर अधिकांश राशि को चट कर जाते हैं। प्रदेश के महाविद्यालयों में जहां अधिकतर खेल सामग्री महाविद्यालय प्रशासन स्वयं खरीदता है, वहीं पर कुछ खेल सामान पहले शिक्षा निदेशालय मटीरियल्स एण्ड सप्लाई के अंतर्गत खरीद कर महाविद्यालय को दिया जाता था और अब जैम के माध्यम से खरीदा जा रहा है। मटीरियल्स एण्ड सप्लाई के अंतर्गत खरीदा गया खेल सामान बिल्कुल घटिया किस्म का मिलता रहा है। निम्न दर्जे के हाई जम्प व कबड्डी मैट, मुक्केबाजी रिंग व अन्य खेलों के घटिया उपकरण इसके उदाहरण आज भी देखे जा सकते हैं। इस स्कीम के अंतर्गत खरीदे जिम्म एक साल तो दूर, कुछ महीनों बाद ही कबाड़ हो जाते हैं। लाखों रुपये का खेल सामान तो खरीद लिया, मगर यह कोई नहीं सोचता है कि यह काम में भी लाया जा सकता है या नहीं। ये खेल सामान खरीदने के लिए बनी कमेटी में निदेशालय के अधिकारी व बाबू होते हैं जिन्होंने अपनी जिंदगी में शायद ही कोई खेल खेला हो और जो थोड़ा बहुत खेल खेले हैं और खेल सामान की परख भी रखते हैं वे भी अपने थोड़े लाभ के लिए आंखें बंद कर लेते हैं। आज जब खेल-खेल में स्वास्थ्य स्कीम के अंतर्गत कई करोड़ रुपयों की कृत्रिम प्ले फील्ड जूडो, कुश्ती व खो-खो आदि खेलों के लिए खरीद कर विद्यालयों व महविद्यालय को दी जा रही है, जहां भी खेल सामान खरीदना हो वहां पर खरीददारी के लिए जो कमेटी बने उसमें जिस भी खेल का सामान खरीदना है उस खेल का प्रशिक्षक व कम से कम दो राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ी भी विभागीय अधिकारियों के साथ हों। जिस संस्थान को सामग्री मिले वहां भी कमेटी देखे कि वह घटिया स्तर का तो नहीं दे दिया।

खेल प्रदर्शन के लिए उच्च स्तरीय प्रशिक्षकों व प्रतिभाशाली खिलाडिय़ों के साथ-साथ उनके पास स्तरीय खेल किट व उच्च तकनीकी के खेल उपकरणों का होना भी बहुत ही जरूरी होता है। चिकित्सा क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की बीमारियों को ठीक करने के लिए आज प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर कई प्रकार के उपकरण विकसित हो चुके हैं, ठीक उसी प्रकार खेल जगत में भी आज के अति मानवीय खेल परिणामों में विकसित प्रौद्योगिकी का सहारा लेकर बनाई गई आधुनिक खेल सामग्री का विशेष योगदान है।

## संक्षिप्त खबरे

### अंतर्राजीय चार वाहन लुटेरा गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** लातेहार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापामारी अभियान चलाकर वाहन लूट कर भाग रहे चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। वही अपराधियों के द्वारा अगवा किए गए वाहन के चालक और खलासी को भी सकुशल मुक्त करा लिया गया। इस संबंध में प्रेस वार्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि उड़िसा एवं झारखण्ड के सीमावर्ती क्षेत्र से 6 चक्का कंटेनर की लूट कर अज्ञात अपराधी राँची कुडू, होते हुए चन्दवा की ओर आ रहा है। इस सूचना पर चंदवा के थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित छापामारी दल के द्वारा चन्दवा थानान्तर्गत देवनद नदी के पास वाहन चेकिंग प्रारंभ किया गया। वाहन चेकिंग के क्रम में लूटा गया कंटेनर को बरामद किया गया।

# जिला स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री सत्यानन्द भोगता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** मंत्री सत्यानन्द भोगता कृषि, पशुपालन, सहकारिता विभाग चतरा के सौजन्य से जिला स्तरीय किसान मेला सह फल-फूल एवं सब्जी प्रदर्शनी में शामिल हुए। मंत्री श्री भोगता ने प्रदर्शनी मेला का विधिवत दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। मंत्री श्री भोगता को जिला कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट ने पौधा देकर स्वागत किया। इस मौके पर मंत्री श्री भोगता ने किसानों को कृषि यंत्र एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कृषि मेला में लगे हुए स्टॉल का मंत्री ने निरीक्षण किया। इसके अलावे उन्होंने सदर प्रखंड के उटा में टपक योजना के तहत खेती कर रहे किसानों से भी मिले और खेत का जायजा भी लिया।इस मौके पर मंत्री सत्यानंद भोगता ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा किसानों के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है। इन योजनाएं से किसान लाभ उठाकर अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम में उपायुक्त अबू इमरान, राजद जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष बृजकिशोर तिवारी, जिला 20सूत्री उपाध्यक्ष प्रभु दयाल यादव, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, जिला परिषद अध्यक्ष चंद्रदेव यादव महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष शारदा देवी, समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

# मुआवजा भुगतान के लिए किया गया शिविर का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** लातेहार उपायुक्त भोर सिंह यादव के निर्देशानुसार परियोजना टोरी-शिवपुर रेलवे लाइन मे अधिगृहित ग्राम बनवार, अमरवाडीह फूलबसिया, चेडरा व मनातू के भू- रैयतों को मुआवजा भुगतान हेतु अंचलाधिकारी दीपाली भगत के अध्यक्षता मे बारियातू प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय सभागार मे शनिवार को शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी दीपाली भगत व अंचल निरीक्षक सुरेश राम ने बताया कि शिविर मे आये भू- रैयतो, द्वारा भूमि सम्बंधित कागजात प्रस्तुत नहीं की गई। एक आवेदन पूर्ण रूप से प्राप्त हुआ। चार आवेदन मे आपत्ति दर्ज की गई। सभी भू-रैयतों को खतियान, केवाला का छाया प्रति, लगान रसीद, वोटर आईडी कार्ड, बैंक पासबुक, शपथ पत्र, वंशावली, हाल का रंगीन दो फोटो, व नोटिस के मूल प्रति के साथ 27 मार्च को ग्यारह बजे तक बारियातू प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में उपस्थित होने की अपील की है। ताकि जंचोपरान्त मुवावजा भुगतान हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी .मौके पर जिला परिषद सदस्य रमेश राम, प्रखण्ड प्रमुख उर्मिला देवी, राजस्व कर्मचारी लाल बिहारी उरांव, सोयेब अख्तर, अमीन संजय यादव सहित ग्रामीण सुरेन्द्र कुजुर, महेंद्र उरांव, सोमनाथ के अलावे कई ग्रामीण मौजूद थे।

# सरहुल पर्व के दौरान चना-गुड़ का किया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ :** प्रखंड मुख्यायल में आदिवासी सरना समाज ने प्रकृति पर्व सरहुल धूमधाम से मनाया. इस मौके पर शोभायात्रा निकाली गयी। सरना समिति महुआडांड़ के तत्वावधान में शोभायात्रा फुलवार बगीचा सरना स्थल से प्रारंभ हुई और बिरसा मुंडा चौक, रामपुर चौक, डीपाटोली, पकरी मुहल्ला मुख्य बाजार व शास्त्री चौक होते हुए वापस फुलवार बगीचा पहुंची. यहां एक सभा का आयोजन किया गया. शोभायात्रा के दौरान बिरसा चौक पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। शोभा यात्रा के दौरान थाना प्रभारी आशुतोष यादव और बजरंग दल के सदस्यों द्वारा शास्त्री चौक पर चना, गुड़ व पानी की व्यवस्था की गयी थी.।वही हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने प्रथम स्थान लाने वाले टीम को पुरस्कार दिया एवम् बजरंग दल के द्वारा भी पुरस्कार दिया गया। मौके पर ये थे मौजूद मौके पर बतौर मुख्य अतिथि रांची जिला के जनजाति सुरक्षा मंच के अध्यक्ष मनोज भगत, पवन कुमार यादव, जंपा भगत, आदिवासी सरना समाज महुआडांड़ के अध्यक्ष छत्रपति बड़ाइक, कोषाध्यक्ष रूपम राकेश भगत, जिला परिषद सदस्य इस्टेला नागेसिया हिंदू महासभा के अध्यक्ष मनोज जायसवाल, बजरंग दल के प्रदीप जयसवाल, सूरज कुमार साहू विभाग सह संयोजक , संजय जयसवाल, विकास उरांव, नीतीश साहू, सुभम कुमार उर्फ राजा, प्रदीप कुमार नगेसिया, विजय कुमार नगेसिया, जगरनाथ भगत, शंकर बड़ाइक, बिरजू नगेसिया, राजेंद्र नगेसिया समेत कई लोग मौजूद थे।

# लातेहार में जंगली जानवरों का आतंक, ग्रामीण परेशान



**संजय प्रजापति @ प्रभात मंत्र**

**लातेहार :** मनिका प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जोबिला पंचायत की बड़ी घटना पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र के छिपादोहर पूर्वी वनक्षेत्र में 24 घंटे के अंदर 3 ग्रामीणों पर हमला कर दिया, हमले में दो युवक और एक यूवती की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को लातेहार सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है।कहा जा रहा है, कि पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र के छिपादोहर पूर्वी वनक्षेत्र में महज चौबीस घंटे के अंदर बाघ ने 3 ग्रामीणों पर हमला कर दिया। बाघ के हमले में दो व्यक्ति और एक महिला घायल हो गई है।घायल व्यक्ति अरविन्द उरांव पिता स्व-बालचंद उरांव, उम्र लगभग 30 वर्ष ग्राम अमवाटिकर दुसरा धनपतिया कूंवर उम्र 32वर्ष पत्ति स्व-महेंदर उरांव ग्राम जोबिला दोनों पंचायत बड़काडीह का रहने वाला है। घटना कुमंडीह के जोबांग जंगल की है। घटना में घायल महिला धनपतिया कूंवर ने बतायी कि जलावन को लेकर लकड़ी चुनने जंगल गयी थी इसी दौरान झाड़ियों के पीछे से अचानक बाघ ने दौड़ाकर हमला कर दिया।घटना में अरविंद के गर्दन में गंभीर जख्म हो गया है।वहीं महिला के शरीर में पंजा के वार से गहरी चोट पहुंची है।दोनों कड़ी संघर्ष के बाद बाघ से पीछा छुड़ाने में सफल रहे।इधर घटना की सूचना के बाद स्थानीय लोग जंगल पहुंच कर घायलों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया,जहां अरविंद की गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। जबकि धनपतिया देवी का उपचार जारी है। बताते चलें कि बीते कल भी चुंगरु, थाना छिपादोहर ,का रहने वाला मनिजर भूईयां पिता नागेश्वर भूईयां उम्र 30वर्ष पर भी बाघ ने हमला किया था। जिसमें मनिजर गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसको बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है।इस तरह से घटना में घायलों की संख्या तीन पहुंच गई है। जानवरों की भय से पूरे ईलाका भयभीत है।पिड़ित परिवारों ने प्रशासन से सहायता राशि की मांग किया है। वहीं पीटीआर अधिकारी भी सूचना के साथ ही हरकत में आ गया है।

## स्कार्पियो का शीशा तोड़ कर अज्ञात चोरों ने उड़ाए एलसीडी

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारियातू प्रखंड स्थित मुख्य मार्ग किनारे घर के ठीक सामने लगे स्कार्पियो वाहन का शीशा तोड़कर अज्ञात चोरों ने बिते रात एलसीडी सहित अन्य सामान का चोरी कर लिया। स्कार्पियो वाहन मालिक बारियातू निवासी महेश प्रसाद पिता डोमन साव ने बताया कि मैं अपना स्कार्पियो वाहन नम्बर जे एच 0 ऐ 1100 को हर दिन की भांति अपने घर के समिप खडा किया था सुबह जब मैं सो कर उठा तो वाहन का पिछे का सिसा टुटा हुआ था। स्कार्पियो वाहन मे पानासोनी कम्पनी का एलसीडी, चार्जर,जक व कागजात सहित अन्य सामान का चोरों ने चोरी कर लिया। चोरी की सुचना बारियातू थाना को दे दिया गया है।

## उपायुक्त ने प्रकृति महापर्व सरहुल के शांतिपूर्ण समापन को लेकर समिति के अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष को किया सम्मानित



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त अबु इमरान ने प्रकृति महापर्व सरहुल महोत्सव व शोभायात्रा के शांतिपूर्ण समापन होने पर जिले वासियों के प्रति आभार जताया है। उन्होंने सरहुल महापर्व के शांतिपूर्ण समापन में विशेष योगदान देने वाले सभी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया है। केंद्रीय सरना समिति चतरा के अध्यक्ष महेश बांडो, सचिव प्रकाश कक्षप एवं कोषाध्यक्ष राजेश बिन्हा को स्मृतिचिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

## अफीम के साथ एक गिरफ्तार भेजा गया जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** गिद्धौर थाना ने पुलिस अधीक्षक महोदय चतरा के गुप्त सूचना के आधार पर 24 मार्च को अफीम के अवैध कारोबारियों के विरुद्ध अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया।जिसमें गुप्त सूचना के आधार पर सिमरातरी जाने वाला रास्ता बघमारी मोड़ के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस क्रम में आ रहा एक मोटरसाइकिल सवार प्रशासन को देख मोटरसाइकिल को पुनः वापस घुमाकर सिमरातरी के तरफ से तेज रफ्तार से भागने लगा। जिसका पीछा कर गिद्धौर थाना प्रभारी मनोज कुमार पाल खदेड़ कर बडकी नदी के पास पकड़ा। प्रेस कॉन्फ्रेंस मे इसकी जानकारी देते हुए एस डी पी ओ अशोक प्रियदर्शी ने बतलाया कि युवक के मोटरसाइकिल की डिक्की से 2 केजी अफीम बरामद किया गया। इस संबंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत गिद्धौर थाना कांड संख्या 24/23 में मामला दर्ज कर अभियुक्त को 25 मार्च को चतरा जेल भेज दिया गया। बताते चलें कि गिरफ्तार व्यक्ति का नाम धीरेंद्र कुमार दांगी उम्र 24 वर्ष पिता चंद्रिका दांगी ग्राम पंचायत थाना गिद्धौर चतरा जिला निवासी है। उसके साथ एक मोटरसाइकिल पैशनप्रो जिसका नंबर जेएच 02 ए जी 5893 है। छापामारी दल में शामिल पुलिस अवर निरीक्षक टिकवानन्दं भगत आज़242सुनील कुमार साव आज़158 पंकज कुमार शामिल थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड पंचायत के अंतर्गत संचालित समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 25 मार्च शनिवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जहां कुल 345 लोग रजिस्ट्रेशन कराकर इलाज करवाएं। मेला आयोजन का शुरुआत फीता काटकर किया गया। जहां मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख अनीता यादव 20 सुत्री अध्यक्ष विनोद पासवान प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक है स्वास्थ्य विभाग प्रभारी सुमित कुमार जायसवाल गिद्धौर पंचायत मुखिया निर्मला देवी उपस्थित हुए।स्वास्थ्य मेला में मुख्य रूप से आंख का जांच किया जा रहा था। जहां कुल 173 लोग जांच करवाएं।एवं निशुल्क चश्मा भी दिया गया। एम सी में 17 लोग जांच करवाएं, कोविड-19 में 35 लोग जांच करवाए। जो सभी नेगेटिव मिले। ओपीडी में 134 लोग जांच करवाया। और आयुष्मान कार्ड 51 लोगों का बनाया गया।मेले मे स्वास्थ्य केंद्र के सभी कर्मचारी स्वास्थ्य सहिया व अन्य पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधि सम्मिलित थे।

## रामनवमी पूजा शांति पूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शांति समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** बारियातू थाना भवन परिसर मे रामनवमी पूजा शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर बीडीओ प्रतिमा कुमारी, सीओ दीपाली भगत व थानेदार मुकेश चौधरी की देखरेख मे बैठक की गई.जहां थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने सरहुल पर्व के शांति पुर्ण आयोजन का उदाहरण देते हुए कहा कि सरहुल पर्व के शोभा यात्रा में लगभग 25 हजार से अधिक महिला पुरुष सामिल हुए लेकिन 25 फोर्स की भी जरूरत नहीं पड़ी , ऐसा शांतिपूर्ण शोभा यात्रा हमने जिवन में नहीं देखा। आदिवासी समुदाय के द्वारा आयोजित सरहुल पर्व शोभा यात्रा से प्रेरना लेकर उपस्थित लोगों से शांति पुर्ण ठंग से रामनवमी पुजा मनाने का आह्वान किया तथा आवश्यक निर्देश दिया सभी रामनवमी पूजा समितियों से लाइसेंस बनाने के लिए आवेदन देने की बात कहा। सभी पूजा समितियों को वीडियो रिकॉडिंग करने का निर्देश दिया गया. वहीं कहा कि पूजा मे गाना बजाने से पहले थाना मे पेनड्रईव मे गाना को परख लिया जायेगा। तय किए गए गाना के अलावे अन्य गाना नहीं बजाना है. पुजा समिति के सभी वोलेंटियरों को आईडी कार्ड थाना व अंचल से बनाना बनवाने को कहा गया।. पूजा स्थल व जुलुस मे किसी को भी शराब की सेवन नहीं करने का नशीहत दी गई।

## फसल प्रदर्शनी में किसान पहुंचे चतरा



**मयूरहंड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरकार द्वारा आयोजित किसान मेला कार्यक्रम में प्रखंड से सैकड़ों किसान अपनी फसलों को लेकर किसान मेला चतरा पहुंचे। किसान मेला प्रस्थान करने से पहले प्रभात मंत्र से विशेष बातचीत करते हुए प्रखंड के ढोढी निवासी सह सामाजसेवी सुभाष कुमार वर्मा ने बताया कि मयूरहंड के ढोढी नदियापर परोरिया समेत अन्य गांव से किसान अपने फसलों में मुख्य रूप से लहसुन गन्ना प्याज धनिया की तैयार फसल को लेकर किसान मेला चतरा पुरस्कार और प्रोत्साहन के दृष्टिकोण से जा रहे हैं आशा करता हूं किसानों का हक सरकार जरूर देगी। इस दौरान कृषक मित्र दीपेंद्र कुमार दांगी ने बताया कि किसानों की हौसला अफजाई और खेती बारी को लेकर सरकार द्वारा किसान मेला कार्यक्रम आयोजित किया गया है जो भी किसान भाई अपने उत्कृष्ट फसलों के साथ चतरा पहुंचेंगे उन्हें निश्चित तौर पर सरकार की तरफ से विशेष लाभ दिया जाएगा।

## कर्मचारी चयन आयोग में दिव्यांग सोमेश को मिली सफलता



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत ग्राम सिसई निवासी दिव्यांग सोमेश कुमार ने सेन्ट्रल लेवल के कर्मचारी चयन आयोग में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट में सर्विस पाकर अपने गांव का नाम रोशन किया है। नेत्रहीन सोमेश के पिता बचपन में ही गुजर गए थे जबकि उसकी देखभाल करने वाली माता का देहान्त कोरोना काल में होने के बाद सोमेश असहाय हो गया। मुसीबतो का पहाड़ टूटने पर सोमेश की मदद के लिए टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने दरियादिली दिखाया और सोमेश की मदद के लिए आगे आए। सोमेश की आगे की पढ़ाई बढ़िया से हो, घर में कठिनाई ना हो इसके लिए चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह को मदद के लिए संज्ञान में दिया जिसके बाद सांसद ने एनटीपीसी टंडवा को बोलकर उसके घर में पानी का बोरवेल (चापानल) लगवाया और एनटीपीसी महाप्रबंधक ने सोमेश की आगे पढ़ाई जारी रहे उसके लिए नया डिवाइस दिया। इसके बाद सोमेश आगे की पढ़ाई करने दिल्ली गए जहां दिल्ली यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करते हुए सेन्ट्रल लेवल के कर्मचारी चयन आयोग में सफलता हासिल किया। सोमेश की सफलता पर सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय, मुखिया संघ जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह, स्थानीय मुखिया निलेश ज्ञासेन, पंचायत समिति सदस्या शशी बाला, भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी, जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता अक्षयवट पांडेय, विजय चौबे, प्रमोद सिंह, उदय पांडेय, संजीव पांडेय, धनंजय पांडेय, अध्यापक संघ टंडवा प्रखंड अध्यक्ष सुमन भारतीय, साकेत पांडेय, छेदी पांडेय, प्रोफेसर जय प्रकाश रजक, सन्तोष पांडेय, रामचंद्र पांडेय, प्रवेश कुमार, राजेश पांडेय, अभिनव मिश्र, सुदर्शन समेत सम्पूर्ण सिसई ग्रामवासियों ने बधाई दिया। वास्तव में सोमेश की सफलता तैयारी में हर वर्ग के युवाओं के लिए प्रेरणाश्रोत है।

# जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से जिले में क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** डीसी अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से जिले में क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा बैठक समाहरणालय के सभागार में हुआ। सभी एजेंसी को निर्देशित किया गया कि जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से स्वीकृत योजनाओं का क्रियान्वयन ससमय प्रारंभ करा कर पूर्ण कराएं। वहीं उन्होंने कहा कि पूर्व से क्रियान्वित योजनाओं को एकरार नामा के अनुसार पूर्ण कराएं। प्राक्लन उपलब्ध कराने को लेकर बचे हुए शेष मामले में प्रस्ताव एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब निर्माण के अवशेष योजनाओं का प्रस्ताव जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिससे शत प्रतिशत अमृतसरोवार योजना के लक्ष्य को पूर्ण किया जा सके। साथ ही उन्होंने सभी कार्य कर रहे एजेंसी को कहा की जन कल्याणकारी विकास योजनाओं में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का प्रयोग हो। निविदा के आलोक में उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया की निविदा प्रक्रिया में पारदर्शिता हो। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, सिविल सर्जन श्यामनंदन सिंह, समाज कल्याण पदाधिकारी सूरजमुनी कुमारी, सभी कार्य कर रहे एजेंसी के कार्यपालक अभियंता समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

# ट्रांसपोर्टिंग सड़क निर्माण के लिए रची गई षड्यंत्र पर ग्रामीणों ने किया महा बैठक जताया विरोध, जमकर की नारेबाजी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** सिसई-शिवपुर कोल ट्रांसपोर्टिंग सड़क निर्माण के विरोध में वृंदा मोड़ के समीप शनिवार को ग्रामीणों ने बैठक कर पिछले दिनों 21 मार्च को सिसई में दिए गए अनापत्ति का कड़ा विरोध किया। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में दलाली करने वाले दलालों व जनप्रतिनिधियों के षडयंत्र के विरुद्ध जमकर नारेबाजी भी किया। आपको बता दें करोड़ों रुपए की लागत से 6.4 कि.मी. सडक निर्माण राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित व प्रक्रियाधीन है। पूर्व में कई बार ग्रामीणों द्वारा कड़ा विरोध जताए जाने के कारण निर्माण प्रक्रिया स्थगित किया जा चुका है। वहीं पिछले दिनो सिसई में अनापत्ति को लेकर किए गए बैठक को गुपचुप तरीके से कराने का आरोप लगाया है। इसपर खैल्हा निवासी जगदीश महतो ने कहा कि जल, जंगल व जमीन की सुरक्षा के लिए वे प्रतिबद्ध है। पेड़ों की संरक्षण करने के लिए उनके द्वारा रक्षाबंधन किया गया है। वहीं जयमंति देवी ने कहा कि ट्रांसपोर्टिंग सड़क से बड़े पैमाने पर जानमाल की क्षति होगी जिसका ग्रामीणों द्वारा विरोध जारी रहेगा। वृंदा निवासी पंचायत समिति सदस्य राणा नितेश अंबानी ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा जताए जा रहे विरोध में उनका पूर्ण समर्थन है। देखा जाए तो ट्रांसपोर्टिंग सड़क निर्माण के विरोध में सिसई निवासी सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय भी अपनी सहमति पूर्व में जता चुके हैं। वहीं जिला परिषद सदस्या देवन्ति देवी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में 11 सदस्यीय टीम गठित किया गया जो ट्रांसपोर्टिंग सड़क के हो रहे निर्माण प्रक्रिया को अविलंब रोकने हेतु प्रखंड व जिला के प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर शीघ्र हीं एक ज्ञापन सौंपेंगे। ग्रामीणों के आंदोलन में कई दल के जनप्रतिनिधियों ने भी समर्थन किया है और साथ दिया है। इस मौके पर आजसू नेता जागेश्वर दास, नागो राम, सुखदेव महतो, देवनारायण उरांव, चितरंजन महतो, जितेन्द्र सिंह, जयनाथ महतो, अभय भुईयां, विमल कुमार, अशोक महतो, केदार महतो समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पिता ने बेटी की हत्या का पति एवं ससुराल वालों पर लगाया आरोप

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 23 मार्च 20323 को गुरुवार गीता कुमारी पति-राजेन्द्र यादव की घर पर ही फंदे से झूलता शव मिला। इस घटना पर दारू प्रखण्ड इरगा निवासी इंद्रदेव यादव,पिता स्व0सारो यादव अपनी पुत्री गीता कुमारी के पति एवं ससुराल वालों पर दहेज की माँग जिसे पूरा ना कर पाने की दशा में गीता कुमारी की उसके परिवार वालो द्वारा सामूहिक हत्या का आरोप लगाया । इस घटना पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विष्णुगढ़ थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने मृतिका गीता कुमारी के पिता द्वारा दिये गए आवेदन पर जल्द ही कार्यवाई की बात कही,घटना की जाँच जारी है,जांचकर जल्द ही घटना की पूरी सच्चाई सभी के समक्ष होगी और दोषी पाए जाने पर किसी को बख्शा नही जायेगा । आवेदन पर कार्यवाई करते हुए आरोपियों के विरुद्ध विष्णुगढ़ थाना कांड संख्या 65/23 प दिनांक 24.03.23 धारा 302 / 34 भादवि और 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम मामला दर्ज कर लिया गया ।

### जिप सदस्य के पहल पर दिव्यांग को मिला ट्राइसाइकिल

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** वर्षो से ट्राई साइकिल के लिए पंचायत बेलकप्पी के ग्राम बण्डासिंगा निवासी दिव्यांग सतीष नायक बरकट्ठा प्रखण्ड कार्यालय का चक्कर काट कर ट्राईसाइकिल मिलने की बांट जोह रहे थे। इसके लिए उन्होंने कई बार आवेदन दिए लेकिन सफलता नहीं मिली।जब इसकी जानकारी जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया को मिला तो उन्होंने वरीय अधिकारियों से बात करके दिव्यांग सतीश नायक को तत्काल ट्राई साइकिल का लाभ दिलाया। ट्राई साइकिल मिलने पर सतीश नायक का खुशी का ठिकाना नही रहा।लाभुक ने जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया को धन्यवाद दिया।

### 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ उद्घाटन

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामनवमी को लेकर स्थानीय नवाबगंज रोड़ में आर्य समाज, हजारीबाग द्वारा संचालित आर्ष कन्या गुरुकुल में अध्ययन ब्रह्मचारी और ब्रह्मचारिणीयों के बीच परंपरागत क्रीड़ा व ÷कला-कौशल÷ के विशेष प्रशिक्षित करने हेतु विराट 10 दिवसीय अस्त्र- शस्त्र प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने केसरिया ओम ध्वज फहराकर किया। इस 10 दिवसीय शिविर में यूपी से पहुंचे देश के जाने- माने प्रशिक्षक सह राष्ट्रिय आर्य वीर दल के प्रमुख आचार्य धर्मवीर त्यागी, कुरुक्षेत्र से ब्रह्मचारिणी रजनी आर्या और ब्रह्मचारिणी समीक्षा आर्या के द्वारा बच्चों को परंपरागत क्रीड़ा संबंधित गुर सिखाए जायेंगे। इस शिविर में सभी को लाठी, तलवा भाला, डंबल, लेजियम, कराटे आदि का उत्तम विधि से प्रशिक्षित किया जाएगा। गुरुकुल के निदेशक आचार्य कोटिल ने आवाहन किया कि हजारीबाग शहर के जितने भी कलम है उनके युवक पीस शिविर में भाग लेकर प्रशिक्षण ले सकते हैं। शिविर की शुरुआत में विधायक मनीष जायसवाल और समाजसेवी श्रद्धानंद सिंह ने गुरुकुल के बच्चों संग कला- कौशल का हैरतअंगेज प्रदर्शन पर हाथ आजमा कर किया। शिविर के उद्घाटन के अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि जब भी गुरुकुल आता हूं मन बड़ा प्रसन्न चित्त हो जाता है। भारत की पौराणिक संस्कृति और सभ्यता को संजोय गुरुकुल बच्चों को शिक्षित और संस्कारित करती है। उन्होंने कहा कि गुरुकुल के बच्चों को हमने वैदिक पाठ और कला- कौशल का बेहतर प्रदर्शन करते देखा है। उन्होंने कहा कि अपने धर्म संस्कृति की रक्षा के लिए शास्त्र के साथ शस्त्र कला में निपुण होना भी अत्यंत जरूरी है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी में पारंपारिक अस्त्र-शस्त्र परिचालन की परंपरा रही है। ऐसे आयोजन से निश्चित रूप से हजारीबाग की पारंपरिक रामनवमी की तरह हैरतअंगेज कला कौशल रामनवमी जुलूस के दौरान सड़कों पर दिखेगा। उन्होंने इस शिविर के लिए गुरुकुल के निदेशक आचार्य कोटिल को धन्यवाद दिया। उद्घाटन समारोह में विशेष रुप से युवा समाजसेवी लखन खंडेलवाल, युवा व्यवसाई राज वर्मा, रामनवमी महासमिति के पूर्व अध्यक्ष पिकू यादव, चंदन मेहता, पत्रकार अरविंद राणा, सचिन खंडेलवाल, मनमीत अकेला, गुरुकुल की प्राचार्या पुष्पा शास्त्री, गणेश शास्त्री, पंकज कुमार, श्वेता गुप्ता सहित स्कूल की सभी अध्यापिकाएं मौजूद रहीं।

### जिलाध्यक्ष की अगुवाई में जदयू ने चलाया सदस्यता अभियान

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):**शनिवार को जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के पदाधिकारियों द्वारा सदस्यता अभियान को फिर से गति दी गई। इस दौरान आज शहर एवं कई ग्रामीण क्षेत्रों में घूम घूमकर जदयू के प्राथमिक सदस्य एवं सक्रिय सदस्य बनाये गये।इसी कड़ी में बड़कागांव विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी विनोद राणा ने अपने ढेर सारे समर्थकों के साथ पार्टी की सक्रिय सदस्यता एवं प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। ज्ञातव्य हो कि पार्टी द्वारा निर्धारित सदस्यता अभियान की पहली कड़ी आगामी 31 मार्च को समाप्त हो रही है।तत्पश्चात सदस्यता अभियान के लिए आगे की तारीख निर्धारित की जाएगी ।आज सदस्यता अभियान की अगुवाई जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने किया, इसमें पार्टी के वरिष्ठ सदस्य चंद्र मोहन पटेल पार्टी के जिला प्रवक्ता राकेश ठाकुर नरेश यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के लिए नियोजन अधिनियम 2021 का अनुपालन सुनिश्चित कराने को लेकर शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला नियोजन पदाधिकारी के द्वारा झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के लिए नियोजन अधिनियम 2021 के विभिन्न प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित अंचल अधिकारियों को उक्त अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित कराने को लेकर जल्द से जल्द अंचल स्तर पर निजी क्षेत्र के संचालकों के साथ बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने कहां की 40000 तक के मानदेय वाले वैसे सभी निजी क्षेत्रों के प्रतिष्ठान( होटल, शॉपिंग मॉल आदि) जहां 10 या 10 से अधिक व्यक्ति नियोजित हो उनमें 75त्न कर्मियों का झारखंड राज्य से होना आवश्यक है इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार कर निजी क्षेत्र के संचालकों का पंजीकरण कराया जाए मौके पर उपायुक्त ने विभिन्न माध्यमों से निजी क्षेत्र के संचालकों का http://jharniyojan.jharkhand.gov.in/ पोर्टल पर निबंधन सुनिश्चित कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

क्या है झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के लिए नियोजन अधिनियम 2021 उपरोक्त अधिनियम सह नियम के अनुसार राज्य अंतर्गत प्रत्येक नियोक्ता (अधिनियम में परिभाषित) द्वारा रू. 40,000/- ( चालीस हजार रूपए) से अनधिक या सरकार द्वारा समय-समय पर यथा अधिसूचित अधिसीमा तक सकल मासिक वेतन या मजदूरी वाले ऐसे पदों जो अधिसूचित होने की तिथि को रिक्त हो एवं उसके उपरान्त उत्पन्न कुल रिक्ति का पचहत्तर प्रतिशत पदों पर स्थानीय उम्मीदवारों को नियोजित किया जाना अनिवार्य होगा । अधिनियम / नियम का विस्तार सम्पूर्ण झारखण्ड राज्य में 10 या 10 से अधिक व्यक्तियों का नियोजन करने वाला कोई व्यक्ति अथवा ऐसी संस्था जिसे सरकार द्वारा समय समय पर अधिसूचित की जाए पर लागू होगी। इसमें केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के उपक्रम शामिल नहीं होगें, किन्तु केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार के प्रतिष्ठानों / उपक्रमों में बाह्यस्त्रोत से सेवा उपलब्ध कराने वाली संस्था पर इस अधिनियम के प्रावधान लागू होगें।

## विश्व टीबी दिवस पर आयोजित हुई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** श्रीनिवास इंस्टीट्यूट ऑफ पारामेडिकल साइंसेस में दिन शुक्रवार को विश्व टीबी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुई। जागरूकता कार्यक्रम में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने बढचढ कर भाग लिया। इस अवसर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीं मरीजों व छात्राओं को चिकित्सकों द्वारा टीबी रोग के लक्षण व बचाव संबंधित आवश्यक जनकारी दी गई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पलक पाण्डे एवं प्रवीण सिंह ने लाया। वहीं दुसरा स्थान तस्नीम एवं रूपा कुमारी ने लाया। सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है। बीमारी को छुपाने से संक्रमण अन्य लोगों में भी फैलता है, इसलिए इसकी जांच और उपचार पूरी तरह निशुल्क है, घबराएं नहीं, इलाज करवाएं।

## प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** अनुमंडलीय अस्पताल में शनिवार को डीएस प्रकाश ज्ञानी के अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक उमाशंकर अकेला एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बरही एसडीपीओ नाजिर अख्तर, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ निजामुद्दीन अंसारी, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी एवं विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू शामिल हुए। सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात विधायक उमाशंकर अकेला ने स्वास्थ्य मेला में लगे सभी विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और डायबिटीज एवं ब्लड प्रेशर का जांच भी करवाया। मेला को संबोधित करते हुए विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा की लोगो की स्वास्थ्य को लेकर हमारी सरकार को बड़ी चिंता है। उन्होंने कहा की गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को अपना इलाज करवाने के लिए जमीन और जेवर को गिरवी रख देना पड़ता है। जो बहुत दुखद है। उन्होंने कहा की मैने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं स्वास्थ्य मंत्री से मांग किया है की प्रत्येक प्रमंडल में एम्स की तरह अस्पताल का निर्माण करवाया जाए। जिससे गरीब परिवार भी अपना इलाज करवा सके। साथ ही साथ उन्होंने कहा की निजी अस्पतालों में मृत व्यक्ति को जीवित बताकर भी पैसा ऐंठा जाता है। उन्होंने कहा की बरही अनुमंडलीय अस्पताल में पहले सर्जन नही थे जिसके कारण छोटी छोटी बीमारी से ग्रसित मरीजों को रेफर कर दिया जाता था। लेकिन अब इसी अनुमंडलीय अस्पताल में सर्जन, हड्डी रोग विशेषज्ञ भी उपलब्ध कराए गए है।

## चेंबर के प्रत्याशियों ने जनसंपर्क अभियान शुरू किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** चेंबर चुनाव सत्र 2023-25 को लेकर चेंबर के प्रत्याशियों ने अपने जीत को सुनिश्चित करने के लिए जनसंपर्क अभियान शुरू किया। इसी के तहत विमल बुधिया ग्रुप के प्रत्याशियों ने शनिवार को मेन रोड स्थित बिंदेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना कर जन संपर्क अभियान शुरू किया। जनसंपर्क अभियान कुजू के ट्रांसपोर्ट नगर, रांची रोड नईसराय और रामगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया और लोगों से मिलकर कर विमल बुधिया ग्रुप को वोट देकर जिताने की अपील किया। मौके पर चेंबर के प्रत्याशी ने बताया कि इस बार बाजार की बदलाव जरूरी है। चेंबर की अच्छे और ईमानदार की जरूरत है। जिसमे रामगढ़ की जनता और व्यवसाई के लिए अच्छा काम कर सके। व्यवसाई के सुख दुख में शामिल होकर उनकी समस्याओं को दूर कर सके।

## तीन दिवसीय यज्ञ शोभायात्रा में शामिल होंगे गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** प्रखंड अंतर्गत पलानी करम टोला के तीन दिवसीय महायज्ञ कि शोभायात्रा में गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी शामिल होंगे। इस बाबत शनिवार को सांसद के रांची आवास में भेट कर पूजा समिति द्वारा आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी पूजा समिति के संरक्षक नागेश्वर महतो ने दी।

उन्होंने आगे बताया पलानी करम टोला में 2 अप्रैल से तीन दिवसीय श्री श्री 108 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी के अलावा आजसू केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रौशन लाल चौधरी हिन्दू ह्रदय सम्राट भैरव सिंह जिला पार्षद रीता देवी पूर्व जिला पार्षद मनोज राम एकल अभियान रामगढ़ अंचल समिति,संच पतरातू एवं संच भुरकुंडा के सभी समिति सदस्य तथा अन्य अतिथि शामिल होंगे।

## राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त किए जाने से आक्रोशित कांग्रेसियों ने देश के प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** राहुल गांधी के सदस्यता समाप्त किए जाने से आक्रोशित कांग्रेसियों ने देश के प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया सभी लोग प्रधानमंत्री मुर्दाबाद का नारा लगाते हुए सुभाष चौक में नरेंद्र मोदी का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया इस दौरान कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या के बराबर रचा गया षड्यंत्र है देश के प्रधानमंत्री इस पूरे मसले पर अपनी चुप्पी साधे हुए हैं भाजपा के इशारे पर सारा तंत्र काम कर रहा है यह लोकतंत्र के लिए खतरा है! इस दौरान प्रदेश सचिव शांतनु मिश्रा ने कहा कि जब जब देश संकट में गिरा है देशवासी एक होकर कांग्रेस के साथ कदमताल किए हैं इस बार भी राहुल गांधी के साथ पूरा देश को कांग्रेस पार्टी खड़ी है हर मोड़ पर उसके साथ कार्यकर्ता कदमताल करेंगे। साथ ही जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान ने कहा कि लोकतंत्र की हत्या करने वाला भाजपा आज पूरे देश में मे लोकतंत्र को खतरा है! इस कार्यक्रम से पूर्व लव मैरिटल हॉल रामगढ़ में वरिष्ठ कांग्रेसी गन एवं सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गन एवं जिला के वरिष्ठ पदाधिकारी गण के द्वारा बैठक सुनिश्चित की गई जिसमें पुतला कार्यक्रम तय की गई ! भाजपा सरकार के मोदी सरकार के द्वारा हमारे नेता राहुल गांधी जी को जिस तरीके से झूठे मुकदमे में फंसा कर सदस्यता को खत्म किया गया है जिससे इस देश के लोकतंत्र को खत्म करने का प्रयास किया गया है हम सभी कांग्रेस जनों ने भाजपा सरकार के विरोध में नरेंद्र मोदी का पुतला दहन मेन रोड सुभाष चौक में किया देश की जनता राहुल गांधी के साथ है और वह पूरी तरह जानती है कि एक षड्यंत्र रचा गया है राहुल गांधी के सदस्यता समाप्त कराने को लेकर इस पुतला कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ,प्रदेश महासचिव बलजीत सिंह बेदी, झारखंड प्रदेश सचिव शांतनु मिश्रा , रामगढ़ विधानसभा पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो प्रदेश सचिव धरमराज राम , प्रदेश महासचिव सी पी संतन ,बरकट्ठा के विधानसभा प्रभारी राजकुमार यादव जी, जिला प्रवक्ता मुकेश यादव, संजय साव, आसिफ इकबाल, बलराम साहू ,गगन करमाली ,कमलेश महतो, राजा खान तारिक अनवर, अनीता देवी, प्रकाश करमाली ,संतोष सोनी ,शमशुद खान संतोष नायक मानिक पटेल, हीरालाल महतो दिगंबर गुप्ता, शहजाद खान सहित सैकड़ों कांग्रेसी उपस्थित रहे।

### नहाय-खाय के साथ आस्था का महापर्व चैती छठ शुरू

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में सूर्योपासना का महापर्व चैती छठ नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। चार दिवसीय आस्था का महापर्व छठ के पहला दिन व्रतियों ने सुबह घर की साफ़-सफाई के बाद स्नान कर कद्दू भात का प्रसाद बनाये। इसके बाद व्रतियों ने विधि-विधान के साथ पूजा कर भगवान भास्कर कि आराधना किए और प्रसाद का भोग लगाएं। तत्पश्चात छठ व्रतियों ने कद्दू भात प्रसाद खाये।

### सुभाषनगर अरगड्डा गैरेज में खड़ी ऑल्टो में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना रामगढ़ क्षेत्र के अरगड्डा सुभाष नगर निजी स्कूल के समीप गैराज में खड़ी सिल्वर अल्टो जेएच 02के 4792 में शनिवार सुबह को आग लगने से वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह जलकर क्षतिग्रस्त हो गया। मामले की जानकारी लोगों के द्वारा वाहन मालिक डॉक्टर रंजीत पासवान को दिया गया। जिसके बाद गैराज के दरवाजे का ताला खोलकर अल्टो कार को बाहर निकाला गया। इसकी सूचना रामगढ़ पुलिस को आवेदन द्वारा दे दी गई हैं। इस संबंध में ऑल्टो कार मालिक डॉक्टर रंजीत पासवान ने बताया कि लोगों के द्वारा शनिवार 7¬30 बजे मेरे गैराज के दरवाजों से काला धुआं निकलने की खबर मिली। गैराज खोलने के बाद यहां खड़ी ऑल्टो के आग लगा देगा। इससे वाहन का आगे का हिस्सा बुरी तरह जल गया था। बताया कि बीते दिन कार बाहर ले जाकर गिराज में खड़ा किया था। संभवत शॉर्ट सर्किट से आग लगी हैं। ऑल्टो कार लगभग 15 साल पुराना था।

### देवशाली मैदान चपरी में सरहुल मिलन समारोह आयोजित

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चपरी के देवशाली मैदान में शनिवार संध्या आदिवासी समाज द्वारा सरहुल महापर्व को लेकर मिलन समारोह आयोजित हुआ। समारोह का उद्घाटन बेदिया विकास परिषद के अध्यक्ष शंकर बेदिया ने फीता काटकर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम मिट्टी के दीप को जलाकर शुरुआत हुआ। अवसर पर मुख्य रूप से बेदिया विकास परिषद के शंकर बेदिया, संचेतक देवकीनंदन बेदिया, बेदिया विकास परिषद के महासचिव रामफल बेदिया, संजीव बेदिया, जगनारायण बेदिया, अशोक करमाली, किसटो राम बेदिया, सुरेंद्र कुमार बेदिया, राजू बेदिया, बिनोद जयसवाल, तिवारी महतो, बुमरी मुखिया करण बेदिया, पंसस लालचंद बेदिया, कुलदीप बेदिया, सदर अस्पताल डॉ अभिषेक अग्रवाल, डॉ. निधि बजाज, विजय मेवाड़, मनमोहन सिंह, अमित सिन्हा, कीर्ति गौरव, राजेश, आदि उपस्थित रहे।कार्यक्रम को सफल बनाने में समारोह के संरक्षक धनेलाल बेदिया का योगदान रहा। मंच का संचालन राजू बेदिया व अमर बेदिया ने एक साथ किया। मुख्य वक्ता शंकर बेदिया व अन्यो ने कहां कि आदिवासी समाज पूर्व से ही प्राकृतिक पुजारी रहा हैं। इसकी पहचान और जान जल जंगल जमीन हैं। प्राकृतिक जड़ी बूटी से अपना इलाज और जीविकोपार्जन करते हैं। आपज के परिवेश में बढ़ने के लिए आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ लगातार संघर्ष की जरूरत हैं। तभी अपने हक अधिकार और लक्ष्य को पाया जा सकता हैं। आदिवासी समाज लगातार अपने सभ्यता को संजोने में लगा हुआ हैं। जिसके लिए हम सभी को मिलकर अपने प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा और इनका देखरेख करना जरूरी हैं। अपने बच्चों को अच्छा संस्कार देकर राज्य और देश की उन्नति में लगातार कार्य करना चाहिए। सरकार भी आदिवासी समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही हैं। लेकिन इसमें तेजी लाने की जरूरत हैं। जिससे सपनों का झारखंड हम लोगों का बन पाए। मिलन समारोह में बुमरी, चपरी, कंजगी, पडरिया, फुलसराय, अरगड्डा झोपड़घ से बड़े संख्या में आदिवासी मूलनिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा, ढोल, नगाड़े के साथ पहुंचे।समारोह को सफल कमेटी के संरक्षण धनेलाल बेदिया, श्याम बेदिया, समिति के अध्यक्ष बालगोविंद बेदिया, सचिव शिवदेव बेदिया, कोषाध्यक्ष दीपक बेदिया, राजू बेदिया,सुभाष बेदिया, शोषित, रामबिलास बेदिया, रामबृक्ष बेदिया आदि रहे।

## बड़कागांव में धूमधाम से प्राकृतिक पर्व सरहुल संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रकृति पर्व सरहुल पूजा बड़कागांव प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव आँगो में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी व विशिष्ट अतिथि मुखिया नीलम मिंज के द्वारा मंच का उद्घाटन फीता काटकर संयुक्त रूप से किया। इसके पश्चात पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात महिला पुरुषों ने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ नृत्य किया। रोशनलाल चौधरी भी ढोल-नगाड़े और मांदर कि थाप थिरकते हुए कहा कि जल, जंगल, जमीन का संरक्षण कर हरियाली लाना हमारे पूर्वजों का प्रतीक है। पेड़ पौधे के बिना जीवन की कल्पना करना मुमकिन नहीं है। श्री चौधरी ने जल जंगल के संरक्षण और अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने का अपील किया। वहीं विशिष्ट अतिथि मुखिया नीलम मिंज ने कहा कि जनजातियों का एक सांस्कृतिक साहित्य परंपरा सरहुल पूजा की पहचान है। सरहुल यह संदेश देता है कि प्राकृतिक के बिना मनुष्य का अस्तित्व आधुनिक युग में जीना बहुत मुश्किल हो गया है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि महेंद्र मांझी, उपमुखिया लालो कुमार, पूजा अध्यक्ष अध्यक्ष जयनाथ मुंडा,सचिव चमन मुंडा, कोषाध्यक्ष राजेश मुंडा,सदस्य फुलेश्वर प्रसाद,बीतेंद्र महतो,मनीलक मुंडा,भीखू महतो,सोनू मुंडा,राजेश महतो,शिबू कुमार सहित भारी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## थाना परिसर में शान्ति समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ में रामनवमीं की विधि-व्यवस्था तथा रमजान के पाक माह को देखते हुए थाना परिसर में शान्ति समिति की बैठक की गई । बैठक की अध्यक्षता विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी रामबालक कुमार ने की तथा बैठक का संचालन थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने किया ।

बैठक का संचालन करते हुए थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने विष्णुगढ प्रखण्ड के चौबीसों पंचायत के मुखिया, पंसस, समाजसेवी एवं प्रबुद्ध जनो को जिला प्रशासन के निर्देश की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि रामनवमी में डीजे पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा, एवं किसी की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले गाने भी प्रतिबंधित है,मधपान से बचें । बनासो पंचायत के कुछ स्थानों में सड़क के किनारे मकान बनाने की सामग्री को हटाकर सड़क को साफ रखने का निर्देश दिया ।जुलूस में जहाँ कही कोई गड़बड़ लगे आपसभी से अपील है,प्रशासन का सहयोग लें,और सूचित करें विष्णुगढ़ प्रशासन आपके लिए सदैव तत्पर है ।इसी माह होली में आपसभी ग्रामीणों एवं प्रबुद्धजनो का सहयोग आशानुरूप रहा,आगे भी इसी तरह शांति की अपेक्षा आपसबो से है । मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी ने कहा कि रामनवमी में भगवान श्रीराम के आदर्शों का पालन करते हुए त्योहार मनाए,परम्परा के अनुसार किसी भी त्योहार को मनाने का अपना ही आनन्द होता है।

इस मौके पर मुख्य रूप प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संजय कोंगारी, उपप्रमुख सरयू साव,झारखण्ड कांग्रेस प्रदेश सदस्य सुरेन्द्र मिश्रा, झामुमो जिलाध्यक्ष शंभूलाल यादव,बीस सूत्री अध्यक्ष गिरजा साव, मध्य जिप सदस्य शेख तैयब, साँसद,साँसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल, साँसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, शम्भूनाथ पाण्डेय,बीस सूत्री सदस्य विश्वेश्वर स्वर्णकार,मुखिया संघ जिला उपाध्यक्ष उत्तम महतो, मुखिया संघ सचिव निर्मल कुमार, रामजन्म,राजू महतो,राजू यादव,विनय कुमार दास,अनुराग बर्मन,सुनील अकेला,धानेश्वर यादव,उमा देवी,मुन्नी देवी,हरि यादव समेत काफी संख्या ग्रामीण मौजूद थे ।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## अमेजन फैशन के स्प्रिंग-समर 2023 कलेक्शन के साथ कीजिए सीज़न के लेटेस्ट ट्रेंड्स की खरीदारी

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अमेजन फैशन ने सीजन के सबसे बेहतरीन फैशन एवं ब्यूटी ट्रेंड्स के साथ अपने स्प्रिंग-समर 2023 कलेक्शन को पेश कर दिया है। फ्लोई सिल्हूट्स और रिलैक्स्ड टी-शर्ट्स से लेकर फैशनेबल ड्ढ2य एक्सेसरीज और जेन ज़ी के लिए एक नॉस्टैल्जिक कलेक्शन तक, यह स्प्रिंग समर कलेक्शन आपके आउटफिट को कंपलीट लुक प्रदान करेगा। इसी के साथ ही अमेजन फैशन का यह कलेक्शन स्प्रिंग एवं समर सीजन के चटख धूप वाले दिनों में खूबसूरत रंगों, डिजाइनों, फैब्रिक और पैटर्न की एक विस्तृत श्रृंखला पेश कर रहा है। आप यहां पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के वेस्टर्न वियर, कैजुअल और एथनिक वियर, खास मौकों से लेकर वर्क वियर, स्पोर्ट्सवियर, फुटवियर, समर ज्वेल्स, ब्यूटी, समर ट्रैवल एसेंशियल, पर्सनल केयर जैसी कैटेगरी में 100 से अधिक ब्रांडों के 1 लाख से अधिक स्टाइल्स के ट्रेंडी और आरामदायक समर फैशन का आनंद ले सकते हैं।



## अमेजन बिजनेस ने एंड ऑफ फाइनेंशियल ईयर सेल इवेंट में एमएसएमई के लिए पेश कीं आकर्षक डील्स

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अमेजन बिजनेस अपने कारोबारी ग्राहकों को एंड ऑफ फाइनेंशियल ईयर सेल इवेंट में शानदार डील्स के साथ अपनी सभी अटकी खरीदारी पूरी करने का मौका दे रहा है। इसके लिए अमेजन ने एंड ऑफ फाइनेंशियल ईयर सेल इवेंट शुरू करने की घोषणा की है। यह आयोजन बी2बी ग्राहकों को अपने कारोबार के लिए आवश्यक चीजें खरीदने में मदद करेगा। साथ ही अधिक बचत करने के लिए ग्राहकों को इंक्रीमेंटल कैशबैक और छूट प्राप्त करने में सहायक होगा।व्यावसायिक ग्राहक इस सेल के जरिए कंप्यूटर एवं एक्सेसरीज, इलेक्ट्रॉनिक अप्लायंसेस, ऑफिस प्रोडक्ट, ऑफिस इंप्रूवमेंट प्रोडक्ट, ऑफिस किचन प्रोडक्ट, इंडस्ट्रियल एवं साइंटिफिक जैसी विभिन्न कैटेगरी में 10त्न तक अतिरिक्त कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं। पहली बार खरीदारी करने वाले ग्राहक चुनिंदा श्रेणियों में 25त्न तक कैशबैक का आनंद ले सकते हैं। ग्राहक लैपटॉप पर 30त्न तक की छूट और मॉनिटर, एसी और रेफ्रिजरेटर पर 40त्न तक की छूट के साथ 5000 से अधिक उत्पादों पर बिजनेस एक्सक्लूसिव प्राइस और बल्क डील का लाभ उठा सकते हैं।




## करमाटांड़ आवासीय विद्यालय में पेयजल का घोर संकट

**करमाटांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** करमाटांड़ प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत झारखंड आवासीय विद्यालय करमाटांड़ में नामांकित बच्चों की संख्या 298 है वही इन 298 बच्चों के लिए पानी की घोर अभाव रहने से बच्चे में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे गर्मी का मौसम भी आ गया और ईशा विद्यालय में एक भी चांपा नाल नहीं पहले से दो बोरिंग था एक बोरिंग धस जाने के बाद बताया और दूसरी मैं पानी ही नहीं वही विद्यालय के बच्चों से पूछे जाने पर छात्राओं ने कहा कि पानी तो हमारे यहां घोर अभाव है अपना यहां एक भी चापाकल नहीं है पानी के बगैर हम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पानी नहीं रहने से हम लोगों को पीने से लेकर बाथरूम स्नान करने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वर्षो से भी पानी की अभाव है । इस संकट में ना ही स्थानीय पदाधिकारी ध्यान दे रहे हैं और ना ही विधानसभा क्षेत्र के विधायक इस पर ध्यान देते हैं। बच्चियों की स्थिति को देखते हुए किसी भी व्यक्ति को या पंचायत से लेकर जिला परिषद एवं वरीय पदाधिकारी को इस झारखंड आवासीय विद्यालय मैं पानी की समस्या को लेकर सभी को अवगत कराया गया है ।

# जल, जंगल, जमीन से जुड़ा प्रकृति पर्व सरहुल धूमधाम से मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली लुपुंग पंचायत के सरना स्थल मे सरना समिति के द्वारा शुक्रवार को जल जंगल जमीन से जुड़ा सरहुल पर्व बहुत ही धुमधाम से मनाया गया। सरहुल पर्व आदिवासी प्रतीकात्मक रुप से नए साल का प्रतीक मानते है और इस पर्व को बड़े ही धुमधाम से मनाते है। सरहुल आदिवासियों का महापर्व है। आदिवासी समुदाय के लोग इस पर्व को बहुत ही महत्वपूर्ण मानते है,और अपने सारे शुभ काम की शुरुआत करते है। आदिवासियों की सरलता और प्रकृति के प्रति अनोखा प्रेम इसकी झलक और परंपरा देखने को मिलती है। आदिवासी को प्रकृति का पूजा कहा जाता है। आदिवासियों का त्यौहार सरहुल को लेकर गांव के पाहन विधीवत पूजा अनुष्ठान करते है, जिसमें ग्राम देवता की पूजा करते हैऔर कामना करते है की आने वाला साल अच्छा हो पाहन सरना स्थल मे मिट्टी के घड़े मे पानी रखते है इस पानी के स्तर से ही आने वाले साल मे बारिश का अनुमान लगाया जाता है। झारखंड मे सरहुल पर्व बहुत ही बड़े स्तर पर मनाया जाता है! जिसमें राज्य के क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में बसने वाले आदिवासी समाज के लोग बड़े ही उत्साह के साथ सरहुल पर्व मे भाग लेते है। इस दौरान पूजा समापन के बाद शोभायात्रा निकाला जाता है जो विभिन्न टोला, मोहल्ला, गांव की महिलाएं पुरुष नाचते झुमते नजर आते है। जिसमें आदिवासियों की सभ्यता और संस्कृति को झाकियों मे दर्शाया जाता है। इस सरहुल जुलुस के दौरान सिल्ली थाना मुरी ओपी का काफी सहयोग रहा किसी प्रकार की घटना ना हो इसको लेकर दिन भर प्रशासन मुस्तैद थे! एवं जुलुस मे शामिल सभी लोगों के लिए सिल्ली थाना प्रभारी आकाश दीप ने गुड़ चने और पानी की व्यवस्था की गई थी। इस मौके पर लुपुंग पंचायत मुखिया सीमा कुमारी, पुर्व प्रखण्ड प्रमुख कमलनाथ मांझी, सिल्ली पंचायत मुखिया भरत मुंडा,बांसारुली पंचायत मुखिया लालू राम उरांव, शंकर उरांव, अजय लोहरा, ललीन मुंडा, मंगला मुंडा, समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## रमजान महीने की विशेषता सभी महीनों से बेहतर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रमजान की खूबियां इतनी हैं कि इस महीने का मुकाबला कोई और महीना नहीं कर सकता। अगर आपको पता हो कि रमजान के महीने में क्या-क्या फायदे और बरकते हैं तो वह शख्स साल भर रमजान के महीने की दुआ करेगा। रमजान का महीना परहेज़गारी पर आधारित है। जिस घर की नींव कमजोर होती है वह घर कमजोर हो जाता है। जो मुसलमान रमजान के महत्व को नहीं जानता वह कमजोर है। अल्लाह ने तीन अशरा पर रमजान को तय किया है। पहला अशरा रहमत का। अल्लाह ने पहले दस दिनों को रहमत का बनाया। ताकि तुम अपने हिसाब से अल्लाह की रहमत को अपनी झोली में भर सको। नबी करीम ने फ़रमाया ऐ लोगो अपनी ज़िंदगी के हर पल दुआ किया करो कि रमज़ान आने से पहले अगर तुम्हारी मौत लिख दी गई है तो अल्लाह से दुआ करो कि तुम्हारी मौत रमज़ान के महीने में हो। मौलाना सैयद तहजिबुल हसन रिजवी, इमाम व खतीब मस्जिद जाफरिया रांची।

## विधायक शिल्पी नेहा तिर्की से मिलकर चीक बड़ाईक समाज ने जताया आभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** चीक बड़ाईक समाज का एक प्रतिनिधि मंडल समाज के केंद्रीय अध्यक्ष प्रभुदयाल बड़ाईक एवं केंद्रीय महासचिव सतीश बड़ाईक के संयुक्त नेतृत्व में मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की के पैतृक आवास बनहोरा जाकर उन्हें चीक बड़ाईक समाज के खतियानी त्रुटि को दूर करने से संबंधित मामला को विधानसभा के पटल पर जोरदार ढंग से उठाने के प्रति आभार जताया। एवं उन्हें चीक बड़ाईक समाज के द्वारा बुने अंग वस्त्र और बुके देकर सरहुल की बधाई एवं धन्यवाद दिया। इस मौके पर समाज के प्रतिनिधियों ने विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को उदाहरण स्वरुप बताया कि खतियानी त्रुटि लिपिकीय भुल के कारण हुआ है। कई ऐसे परिवार में अगर दो खतियान हैं तो दोनों में कौम अन्तर है। किसी भाई का चीक है तो किसी भाई का बड़ाईक। इस पर विधायक शिल्पी तिर्की ने ने कहा कि निश्चित रूप से यह खतियानी त्रुटि है।



## उप विकास आयुक्त ने अमृत सरोवर का निरीक्षण किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** शनिवार को चान्हो प्रखंड के बलसोकरा में अमृत सरोवर योजना के तहत चल रहे कार्य का राँची उप विकास आयुक्त दिनेश यादव द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया साथ में प्रखंड विकास पदाधिकारी,सुलेमान मुंडारी प्रोजेक्ट ऑफिसर मनीष कुमार,पंचायत के मुखिया व,प्रखंड के पदाधिकारियों कर्मी के साथ ग्रामीण उपस्थित थे ।अमृत सरोवर का निर्माण भूमि संरक्षण एवम जिला परिषद के द्वारा किया जा रहा है उपविकास आयुक्त के द्वारा जिला अभियंता मिथिलेश पांडे,व कनीय अभियंता जिला परिषद,बली उरांव एवं कनीय अभियता भूमि संरक्षण आलोक कुमार व लाभुक समिति के सदस्यो को सरोवर की संरचना,inlet outlet dressing कार्य में सुधार हेतु निर्देश दिया गया ।साथ ही सरोवर की उपयोगिता, जीविकोपार्जन से संबंधित जानकारी दी।

## प्रकृति पर्व सरहुल धूमधाम से संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** प्रकृति पर्व सरहुल बहुत हि भव्य तरिके से पुरना चतरा टाटीसिल्वे में मनाया गया। कार्यक्रम कि शुरुआत सरना कि पूजा एवम द्वीप प्रज्जवलित कर थाना प्रभारी महेद्र करमाली,उप प्रमुख नामकुम वीणा कुमारी,भीम आर्मी वरीय महासचिव मधु सुदं कुमार, समाजसेवी मुकेश कुमार, नगेश्वं मुंडा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खिजरी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि सरहुल पर्व आदिवासियों कि पहचान है। यह हमेसा से इसका संवर्धन एवम पूजा करते आई हैं। इस अवसर पर मुख्य रुप से राजेश कच्छप विधायक, विपिन टोप्पो जिला परिषद सदस्य, वीणा कुमारी उप प्रमुख नामकुम, जय पाल हजाम उप प्रमुख अंगडा,मधुसुदं कुमार, नूतन पाहन मुखिया सिल्वे, कविता देवी मुखिया हेसल, नेत्री आरती कुजुर, समाजसेवी मुकेश महतो, अमित मिश्रा, अजीत महतो, अशोक रवि इत्यादि गण मान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में बूगी बूगी ,लोक नृत्य, रेम्बो, समान्य ज्ञान इत्यादि से लोगो को थिरकने पर मजबूर कर दिया।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा**
सर्व शिक्षा अभियान — सब पढ़ें सब बढ़ें
नए समाहरणालय भवन, ब्लॉक–ए,द्वितीय तल्ला
दूरभाष: 06525–225835 फैक्स: 225836
E-mail:- ssasimdega@yahoo.co.in

पत्रांक : दिनांक:

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा के विज्ञापन संख्या–1937(समग्र) 2022 के आलोक में जिले के सभी कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में पूर्णकालिक शिक्षिका एवं पूर्णकालिक लेखापाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर के रिक्त पदों पर पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन किया जाना है। उक्त के क्रम में अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पर गठित जिला स्क्रूटनी समिति द्वारा आवेदनों की स्क्रूटनी के उपरान्त स्वीकृत आवेदनों के अनुसार अभ्यर्थियों की औपबंधिक मेधा सूची तैयार की गयी है। जिसे अवलोकन हेतु NIC Simdega के अधिकारिक बेवसाईट.in पर प्रकाशित किया जा रहा है। संबंधित अभ्यर्थी सूची में अंकित सूचना/डाटा का अवलोकन करते हुए दावा आपत्ति आवेदन साक्ष्य सहित दिनांक 29.03.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा के कार्यालय में आपत्ति दर्ज कर सकते है।

निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त किसी प्रकार का दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं होगा।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, सिमडेगा।

PR 293529 Primary Education (22-23)D

**कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा**
Email ID- nagarparishadlohardaga@gmail.com

**आम सूचना**

एतद् द्वारा नगर परिषद, लोहरदगा वासियों को सूचित किया जाता है कि पेयजलापूर्ति से संबंधित नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है। पेयजलापूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कार्यालय नगर परिषद कार्यालय में श्री सुशील कुमार मिंज, कनीय अभियंता, मो0नं0–9801555750, सुश्री प्रियंका शर्मा, मो0नं0 –8409213985 अथवा कार्यालय दूरभाष सं0– 06526358640 पर कार्यालय अवधि में संपर्क स्थापित कर शिकायत दर्ज करा सकते है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 293556Lohardaga(22-23)#D

**OFFICE OF EXECUTIVE OFFICER, NAGAR PARISHAD, CHAIBASA**
West Singhbhm (Jharkhand)

**CORRIGENDUM**

This is with reference to tender reference no. CNP/109/2022-23 published in daily new paper vide PR No. 292855(West Sighbhum)/22-23(D) The flowing corrections are being made-

Sl No. 4. Pre-bid meeting date, Time & Place – 28.03.2023 15:00 at Municipal Office Chaibasa

Sl No. 10. Cost of Bidding Document (Tender Fee) – 10000/- (Ten Thousand) none refundable

Rest all terms & conditions shall remain same.

Sd/-
Executive Officer,
Nagar Parishad, Chaibasa

PR 293582West Singhbhum(22-23)#D

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा

पत्रांक ................/ दिनांक ................/

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 45/2022–23

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमंडल, कोडरमा ।
2. परिमाण विपत्र की ब्रिकी की तिथि एवं समय :– 05.04.2023 को 1.00 बजे अपराहन् तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 06.04.2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 06.04.2023 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय। ख. अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल, हजारीबाग का कार्यालय ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय।
7. कार्य की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | अग्रधन राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Repair of schedule cast Hostel of Commerce Inter College,Karma, Jhumri Telaiya at Koderma Dist. | 12,59,000/- | 2500/- | 25500/- | 1 माह। |
| 2. | Repair of S.C. Hostel of Middle School, Jaipur Kanko of Chandwara Block, Koderma Dist. | 24,75,800/- | 5000/- | 50000/- | 2 माह। |
| 3. | Repair of S.C. Girls Hostel of High School Sihansh of Satgawa Block, Koderma District. | 8,79,450/- | 1250/- | 18000/- | 1 माह। |
| 4. | Construction of Boundary wall of Babu Jagjivan Ram Schedule Cast Girls Hostel of J.J. College Jhumri Tilaiya of Koderma Dist. | 19,39,100/- | 5000/- | 40000/- | 2 माह। |

निविदा की शर्तें को www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियन्ता
भवन प्रमण्डल, कोडरमा

PR 293551 Building (22-23)_D

**सैनिक कल्याण निदेशालय**
गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
झारखण्ड सरकार

**डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन-सह-सैनिक बाजार, मेन रोड राँची में सुरक्षा प्रहरी के लिये नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रण की सूचना**

सैनिक कल्याण निदेशालय, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड सरकार, झारखण्ड राज्य के इच्छुक पूर्व सैनिकों से डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद जवान भवन –सह–सैनिक बाजार, मेन रोड, राँची में एक सुरक्षा प्रहरी (Security Guard) के लिये आवेदन नियुक्ति हेतु आमंत्रित किया था जो कि PR. No.291610 Home(22-23):D द्वारा 02 मार्च 2023 के खबरों में प्रकाशित हुआ था जिसमें आवेदन प्रपत्र पहुँचने की अंतिम तिथि 20 मार्च 2023 था। अब आवेदन प्रपत्र पहुँचने की तिथि बढ़ाकर 31 मार्च 2023 तक कर दिया गया है एवं इच्छुक पूर्व सैनिकों से आवेदन प्रपत्र आमंत्रित करते हैं।

स्थान : राँची
दिनांक : 22 मार्च 2023

निदेशक के आदेशानुसार
ह/–
(सहायक निदेशक)
सैनिक कल्याण निदेशालय

PR 293549 Home (22-23)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा।**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा अन्तर्गत आमंत्रित ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-39/2022-23(2nd call) PR No. 292802 Lohardaga(22-23)#D द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से संशोधित किया जाता है।

| क्र | विवरण | पूर्व प्रकाषित तिथि/समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 20.03.2023 | 20.03.2023 |
| 2 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 27.03.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक | 03.04.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 3 | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, **Bank Credit Certificate** एवं **Affidavit (Section X)** जमा करने की तिथि एवं समय | 28.03.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक | 05.04.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक |
| 4 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 29.03.2023 अपराह्न 2:00 बजे | 06.04.2023 अपराह्न 2:00 बजे |

निविदा सूचना की शेष शर्त्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
लोहरदगा ।

PR 293546 Lohardaga(22-23)D

**कार्यालय गुमला नगर परिषद्, गुमला**

**आम–सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के तहत तीन सप्ताह का Women-Led स्वच्छता अभियान अंतर्गत Swachhotsav 2023 का आयोजन किया जा रहा है। अभियान की अवधि 08 मार्च से 30 मार्च 2023 तक है। इस अभियान के अंतर्गत "Women Icon Leading Swachhta (WINS) Awards 2023" हेतु आवेदन किया जा रहा है।

1. कौन आवेदन कर सकता है :– Category
   - व्यक्तिगत महिला उद्यमी, शहरी स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन का नेतृत्व करने वाले व्यक्ति (Individual Woman Entrepreneur and Changes Agent)
   - स्वयं सहायता समूह (Self Help Group)
   - सूक्ष्म उद्यम (Microenterprises) या स्टार्टअपस (Start&ups)
   - गैर सरकारी संगठन (NGOs)
2. आवेदन करने का विषयगत क्षेत्र :–
   - सामुदायिक/सार्वजनिक शौचालयों का प्रबंधन
   - सेप्टिक टैंक सफाई सेवाएँ
   - Treatment Facilities & Used Water Septage
   - म्युनिसिपल वेस्ट कलेक्शन और ट्रांसपोर्ट
   - MRF (Material Recovery Facilities) संचालन
   - वेस्ट टू वेल्थ उत्पाद
   - Treatment facilities – ठोस अपशिष्ट प्रबंधन
   - Information, Education, Communication, Training Capacity Building
   - Technology and Innovation
   - अन्य विषय (To be Specified)
3. आवेदन करने की प्रक्रिया :–
   - आवेदक अपनी विस्तृत आवेदन नगर परिषद्, गुमला के Email ID & nagarparishadgumla@ gmail.com पर कर सकते हैं।
   - आवेदक Email का विषय "Application for Women Icon Leading Swachhta (WINS) Awards 2023" ऐसे लिखेंगे।
   - आवेदक Email में अपना नाम, मोबाइल संख्या, उम्र, विषयगत क्षेत्र, आवेदन का Category एवं आवेदक द्वारा किये जा रहे कार्य का विवरण एवं दस्तावेज संलग्न कर सकते हैं।
   - केवल महिला ही WINS Award 2023 में भाग ले सकते हैं।
   - आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 मार्च 2023 तक है।
   - अधिक जानकारी के लिए कार्यालय नगर परिषद् में संपर्क कर सकते हैं।

कार्यपालक पदाधिकारी
गुमला नगर परिषद, गुमला

PR 293585District(22-23)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा**

**अतिअल्पकालीन ई–पुर्ननिविदा आमंत्रण**

अतिअल्पकालीन ई– पुर्ननिविदा सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-41/2022-23(2nd call)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोहरदगा जिलान्तर्गत सेन्हा प्रखण्ड के ग्राम कोराम्बे में स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण कार्य। | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10000.00 | 6 माह |
| 2 | लोहरदगा जिलान्तर्गत सेन्हा प्रखण्ड के ग्राम तुईमू में स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण कार्य। | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10000.00 | 6 माह |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | :- | 27.03.2023 |
| 3 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | :- | 03.04.2023 अपराह्न 5:00 बजे तक |
| 4 | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit (Section X) जमा करने की तिथि एवं समय | :- | 05.04.2023 अपराह्न 02:30 बजे तक |
| 5 | निविदा खोलने का स्थान | :- | ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा |
| 6 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :- | 06.04.2023 अपराह्न 2:00 बजे |
| 7 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | :- | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा। |
| 8 | ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 | :- | 9934523795 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर) |

9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लोहरदगा के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा

PR 293541 Lohardaga(22-23).D

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पूर्व, राँची**

**अति अल्पकालिन निविदा सूचना –31/2022–23**

1) विभाग का नाम :–पेयजल एवं स्वचछता विभाग, झारखण्ड, रॉंची ।
2) विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल,रॉंची पूर्व रॉंची ।
3) परिमाण विपत्र की बिकी की अंतिम तिथि एवं समय :– 01..04.2023 अपराह्न 5 बजे तक।
4) निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 03.04..2023 अपराहन 3:30 बजे तक।
5) निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 03.04.2023 अपराह्न 4 बजे।
6) परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची।
7) निविदा प्राप्ति का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।
8) कार्य विवरणी

| | कार्य का नाम | प्रा0 राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण वि0 का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Annual Repair and maintenance of Domestic/Commercial RO/Water Purifier with Cooler of different models installed at different location of High Court building, Judge Bungalow, Registrar's Quarter, Judge's Guest House & High Court Pool quarters etc. under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi for the yr.23-24. | 788595.00 | 15800.00 | 1250.00 | 12 Months |
| 2. | Annual Repair and Maintenance for different models of Geyser installed at different location of High Court building, Judge Bungalow, Registrar's Quarter, Judge's Guest House & High Court Staff quarters etc. under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi for the Yr.23-24. | 710537.00 | 14300.00 | 1250.00 | 12 Months |
| 3. | Repair and Maintenance of Iron cum Turbidity Removal filter plant, Carbon Filter plant with multiple valves and necessary water supply pipe and its allied work at Different location of High Court Bungalow and other high court pool Qtr. Doranda Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi for the Yr.23-24. | 608951.00 | 12200.00 | 1250.00 | 12 Months |
| 4. | Repair and Maintenance of Iron & Turbidity Removal filter plant with Alum pot, Oxidization Chamber Filter with multiple valves, and necessary water supply pipe and its allied work at Different location of High Court Bungalow and other high court pool Qtr. Doranda Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi for Yr.2023-24. | 781189.00 | 15700.00 | 1250.00 | 12 Months |
| 5. | Day by day maintenance of plumbing fixtures, cleaning of toilet and bathroom at Hon'ble Judges Bunglow and other Jharkhand High Court poo l quarters Doranda under D.W.&S .Division Ranchi East Ranchi.(Six Month ) | 2494201.00 | 49900.00 | 5000.00 | 06 Months |
| 6. | Annual maintenance work for gardening at Forest Bunglow No.-1, (Bunglow of Hon'ble Minister, D.W.& S. Department) of Jharkhand under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. (For year 2022-23) | 1190001.00 | 23900.00 | 2500.00 | 12 Months |
| 7. | Repair and Maintenance of Kent RO Water Purifier System, Geyser and Iron & Turbidity Removal filter plant with Alum pot, Oxidization Chamber Filt er with multiple valve, and necessary water supply pipe and its allied work at Different location of MLA Bungalow, Staff Quarters, and Other Govt. Residential Bungalow/Quarters Doranda Ranchi under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi for Yr. 23-24. | 973986.00 | 19500.00 | 1250.00 | 12 Months |
| 8. | Annual Repair and maintenance of Geyser of different models installed at Vidhyak Awas, Vidhan sabha Guest House & Vidhan Sabha Pool Quarters etc.under D.W. & S. Division, Ranchi East Ranchi for the Yr.-2023-24. | 730559.00 | 14700.00 | 1250.00 | 12 Months |

आवश्यक शर्तों के लिए देखें www.jharkhand.gov.in Email ID- eedwsd.ranchieast@gmail.com

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्व0 प्र0 रॉंची पूर्व रॉंची ।

PR.NO.293604 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस : जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बहादुरपुर स्थित सहयोगिनी संस्था के



सभागार में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कसमार प्रखंड के गर्री, पोंडा, सोनपुरा, कसमार समेत आसपास के कई पंचायतों से महिलाएं एवं किशोरियां उपस्थित थी। इस अवसर पर कसमार प्रखंड प्रमुख नियोति दे, संस्था सचिव कल्याणी सागर, मंजू देवी, कुमारी किरण, सूर्यमणी देवी, आंगनबाड़ी सेविका दीपबाला, हिना देवी, लक्ष्मी देवी, रीमा देवी, गीता देवी समेत अन्य अतिथियों ने दीप जलाकर कार्यक्रम का उदघाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कसमार प्रमुख नियोति दे ने कहा कि भले ही महिला दिवस के नाम पर साल में एक दिन का आयोजन हो, लेकिन महिलाओं का सम्मान तो 365 दिन होना चाहिए। जिस तरह हर रोज हम सभी देवी माता की पूजा करते हैं, उसी तरह हर रोज महिलाओं का सम्मान करना चाहिए। सचिव कल्याणी सागर ने कहा कि घर हो या बाहर, कहीं भी महिलाएं बेहिचक अपनी बातों को रख सके और समाज में अपनी वजूद के साथ अपनी पहचान स्थापित करे, इसके लिए समाज के सभी तबके को महिलाओं के प्रति सकारात्मक सोच रखना होगा। इस दौरान निदेशक गौतम सागर, रवि कुमार राय, शेखर, सिमरन कुमारी, निक्की कुमारी, अंजली कुमारी, पार्वती देवी व अन्य महिला एवं किशोरी उपस्थित थी। इस दौरान किशोरियों द्वारा बाल विवाह पर नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।

## अपार्टमेंट की छत पर जेनरेटर में लगी आग, मची अफरा तफरी

**धनबाद( प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के मटकुरिया में मंगलम अपार्टमेंट की छत पर रखे जेनरेटर में शुक्रवार की देर रात आग लगी की घटना घटी जिसे पूरे इलाके में अफरा तफरी मच गई। वही लोगों में हाजरा क्लीनिक और आशीर्वाद टावर आग लगी घटना की यादें ताजा हो गई। लेकिन समय पर आग लगी की घटना सामने आ जाने से स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी। इस दौरान अपार्टमेंट और आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया। वही अग्निशमन विभाग के आने पर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। लोगों का कहना है कि मटकुरिया स्थित मंगलम अपार्टमेंट की छत पर जेनरेटर लगा हुआ है जिसमें तकनीकी खराबी आने से आग लगी की घटना घट गई। घटनास्थल पर धनबाद विधायक राज सिन्हा और बैंक मोड़ थाना प्रभारी पीके सिंह सहित कई अन्य लोग भी पहुंच गए। हालांकि घटना में किसी तरह के जान माल की नुकसान की सूचना फिलहाल नहीं है।

## जरूरतमंद बच्चों के बीच पढ़ाई सामग्री का हुआ वितरण

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** "लक्ष्य- एक कदम साक्षरता की ओर"



आनंद मंगल, केयरिंग इंडिया पीपल्स फाउंडेशन और पवित्रम सेवा परिवार की ओर से धनबाद क्लब में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ऐसे बच्चे जो पढ़ाई के सामग्री को खरीदने में असमर्थ हैं उन बच्चों को इन संस्थाओं के द्वारा तमाम सामग्रियां वितरित की गई जिसमें किताबें, कॉपी, बैग आदि थे तथा साल भर में बच्चों की पढ़ाई मे जितने खर्च होंगे और जिन जिन चीज़ों की आवश्यक्ता होगी वह सारी चीजें संस्थाओं के द्वारा दिये जायेंगे। मौके पर शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## ओवरलोडेड मालवाहकों को एमवीआई ने किया जब्त

**सरिया( प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** मोटर यान निरीक्षक मुकेश कुमार ने शनिवार को ओवरलोडेड तीन मालवाहकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गाड़ियों को जब्त कर सरिया थाना को सौंप दिया है। इस बाबत इन्होंने बताया कि मोटर वाहन एक्ट के तहत इनलोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है, बताया कि तीनों वाहन चालकों को गाड़ी के तमाम कागजातों के साथ कार्यालय में उपस्थित होने की बात कही गयी है, गाड़ी और लोडेड माल से सम्बंधित सभी कागजातों के जांचोपरांत उनके खिलाफ जुर्माना राशि वसूलने के बाद उन्हें छोड़ा जाएगा।

## बेटी की शादी के लिये रखे पैसे सहित लाखो के सामान की हुआ चोरी

**सरिया( प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** सरिया थानाक्षेत्र के बागोडीह पंचायत अंतर्गत बिराजी गांव में शुक्रवार की रात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है ! चोरों ने घर मे रखे सोने चांदी के जेवरात एवं नकद सहित लगभग 5 लाख रुपये के सम्पत्ति की चोरी कर ली है। पीड़िता ने बताया कि बेटी की शादी के लिए सब तैयारी कर के रखे थे घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गयी है जिसके बाद से पुलिस भी मामले की छानबीन में जुट गयी है।

### बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रति जागरूकता लाने के लिए कार्यशाला का आयोजन

# बाल विवाह रोकने के लिए एनजीओ को निभानी चाहिए सहभागिता : विधायक

### लोग बाल विवाह को स्वतः रोके यही कार्यशाला का उद्देश्य : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** समाज में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को रोकने के लिए विभिन्न एनजीओ को अपनी सहभागिता निभानी चाहिए और समाज सुधार में आगे आना चाहिए। बाल विवाह जैसी कुप्रथा तभी रुकेगी जब जनप्रतिनिधि, आम लोग, एनजीओ मिलकर साझा प्रयास करेंगे। इससे समाज को नई दिशा मिलेगी और बाल विवाह जैसी कुप्रथा शून्य हो जाएगी। यह बातें माननीय विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो ने शनिवार को जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के प्रति जागरूकता लाने के लिए न्यू टाउन हॉल में आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला में कही। श्री महतो ने कहा कि जिले में सैंकड़ों एनजीओ सक्रिय है। उन्हें सामूहिक विवाह जैसे आयोजन में आगे आना चाहिए। साथ ही बताया कि राज्य सरकार द्वारा सामूहिक विवाह, अज्ञात शव का दाह संस्कार जैसे विभिन्न कार्यो के लिए सहायता प्रदान की जाती है। समाज में व्याप्त कुरीतियों को रोकने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है। सरकार ने पठन-पाठन की दिशा में व्यापक प्रगति की है।



इस मौके पर उपायुक्त संदीप सिंह ने कहा कि लोग स्वतः बाल विवाह को रोके यही इस कार्यशाला का उद्देश्य है। माननीय जनप्रतिनिधि, विभिन्न एनजीओ समाज के साथ नजदीकी से जुड़े हैं। उन्हें लोगों को जागरूक कर बताना चाहिए कि बाल विवाह से बच्ची का जीवन खतरे में पड़ जाता है। वह उचित शिक्षा से वंचित रह जाती है। मानसिक और बौद्धिक विकास रूक जाता है। घरेलू हिंसा व शोषण की शिकार हो जाती है। कम उम्र में विवाह होने से कुपोषित एवं कम वजन के बच्चे जन्म लेते हैं। कुप्रथा, अशिक्षा, सामाजिक दायित्व से जल्द मुक्त होने की इच्छा, लड़कियों को आर्थिक बोझ समझना, गरीबी, घटता लिंगानुपात बाल विवाह का कारण है। उन्होंने कहा बाल विवाह करना, बाल विवाह के लिए सहयोग करना या मध्यस्था करना कानूनी अपराध है। इसमें 2 साल की कैद और एक लाख रुपए का जुर्माना है। उन्होंने कार्यशाला में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों से कहा कि ऐसे मामले संज्ञान में आने पर बाल विवाह में सहयोग या मध्यस्था प्रदान करने वालों पर अनिवार्य रूप से कार्रवाई करें। कार्यशाला में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप ने बाल विवाह के दुष्परिणाम, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत कानून एवं दंड का प्रावधान सहित अन्य विषयों पर प्रकाश डाला। साथ ही कहा कि बाल विवाह की सूचना बाल विवाह निषेध पदाधिकारी, जो हर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी हैं, को दे सकते हैं। इसके अलावा 100 नंबर पर डायल कर या चाइल्ड लाइन के 1098 पर कॉल कर सूचना दे सकते हैं। इसके अलावा बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग के क्षेत्रीय पदाधिकारी या कर्मचारी को भी सूचना दे सकते हैं। कार्यशाला का शुभारंभ विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो, जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, उपायुक्त संदीप सिंह, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। पोषण अभियान 2022 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए बाघमारा एवं निरसा के प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## हम सब बलिदानी वीर सपूतों के वंशज हैं : सिंह



**दीपक पाण्डेय@प्रभात मंत्र**

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के कमारडीह गांव में 63 केवीए टांसफार्मर उद्घाटन समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे धनबाद कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा मोदी तो सवारकर का औलाद है और हम सभी कांग्रेसी वीर बलिदानी सपूत गांधी परिवार के वंशज हैं। प्राप्त समाचार के अनुसार टुंडी प्रखंड के कमारडीह नीचे टोला में टांसफार्मर नहीं रहने के कारण कई दिनों से ग्रामीण अंधकार में रहने को विवश थे।जब इसकी सूचना कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह को दिया गया तो फौरन विद्युत विभाग से टांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। इस समारोह के दौरान आजसू के ग्यास अंसारी अपने दर्जनों साथियों के साथ आजसू से कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। जिससे जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने सभी अतिथियों को माला पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। आज के समारोह के अध्यक्षता टुंडी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष आनंद मोदक ने किया जबकि संचालन असद कलीम के द्वारा संपन्न हुआ मौके पर कांग्रेस कमिटी के चिरकुंडा प्रभारी वकील बाउरी , पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष रमन कुमार मिश्रा, मोहम्मद ततवीर आलम, प्रवीण कुमार जायसवाल समेत सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जावेद रज़ा, नवनीत नीरज भी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## कौशल विकास के अभ्यर्थियों को दिया गया प्रमाण पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शहर के आईआईटी-आईएसएम में शनिवार को कौशल विकास केंद्र के द्वारा कौशल विकास के अभ्यर्थियों को सांसद पीएन सिंह व विधायक राज सिन्हा के द्वारा प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस दौरान सांसद पशुपतिनाथ सिंह एवं विधायक राज सिन्हा ने कहा कि अन्य जिलों की अपेक्षा धनबाद में अत्यधिक प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

इससे साफ पता चलता है कि यहां के लोग कौशल विकास को लेकर काफी जागरूक है।यह योजना कहीं ना कहीं युवाओं को लुभाने का काम कर रही है। डिग्री नहीं रहते हुए भी लोग कौशल विकास से जुड़ कर अनुभव प्राप्त कर रहे हैं और रोजगार की ओर अपने आप को आगे बढ़ा रहे हैं।

## मोदी सरकार का स्वरूप अंग्रेजी सरकार से भी खतरनाक : बिरेंद्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** कांग्रेस इंटक प्रदेश सचिव सह प्रवक्ता बिरेंद्र पासवान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी लिखा कि भाजपा के नेता पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी ने सत्य कहां था कि जहां विरोध और विरोधियों को गद्दार मानने का भाव है वहां लोक तंत्र समाप्त होता है और तानाशाही का उदय होता है। आज उनकी कहीं बातें सच साबित हो रही है। इस देश के लिए प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी ने बलिदान दिया, प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने बलिदान दिया और जब केन्द्र में भाजपा की सरकार आई तो आते ही सुरक्षा छीनी, स्क्ष संसद सदस्यता छीनी, संसद में आवाज छीनी, अब सरकारी आवास छीनेगें,



राहुल गांधी जान हथेली पर रख कर भारत जोड़ने निकले थे। देश के तीनों कुख्यात भगोड़े नीरव मोदी, ललित मोदी एवं मेहुल चौकसी में से कोई भी पिछड़ी जाति का नहीं है फिर भी भाजपा द्वारा पिछड़े की दोहाई देकर इन्हें बचाने का कुत्सित प्रयास एवं पिछड़ों को बदनाम व अपमानित करने की साजिश का मैं घोर निंदा करते हुए लिखा कि बहन प्रियंका गांधी ने सही कहा हमारी रगों में शहीदों का खून है, जो इस देश के लिए बहा है - हम डट कर लड़ेंगे, हम डरने वाले नहीं हैं। राहुल गांधी के अडानी - मोदी के संबंधों पर सरकार जवाब देना नहीं चाहती और उनके खिलाफ़ कार्यवाही उसी का नतीजा है। आप सभी देशवासियों को पता है कि राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्य से बर्खास्त कर दिया गया है। जिस तरह से उन्हें मानहानि केस में फसाकर मैक्सिमम सजा दी गई और 24 घंटे के अंदर उनकी लोकसभा की सदस्यता बर्खास्त कर दी गई, यह हमारे देश के लिए चिंता का विषय है हम न्यायपालिका का सम्मान करते हैं। लेकिन जो जजमेंट आया है हम उसका समर्थन नहीं करते हैं। जिस तरह से उनकी सदस्यता बर्खास्त की गई है वह एक कायराना हरकत है, वह एक डरी हुई सरकार की निशानी है लेकिन देश के लिए बुरा है। इसी को तो तानाशाही कहते हैं, पूरा देश यह देख रहा है मैं देशवासियों से अपील करना चाहता हूं यह भारत हम सबका है यह भारत 130 करोड़ लोगों का भारत है, हम सबने मिलकर के आजादी की लड़ाई लड़ी थी, हमारे पूर्वजों ने आजादी की लड़ाई लड़ी थी, भारत को आजाद कराने के लिए लेकिन आज की जो केंद्र में बैठी सरकार है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस सरकार का स्वरूप अंग्रेजों की सरकार से भी बहुत ज्यादा खौफनाक और खतरनाक है ।

## छः वर्षीय अबू अरजान ने पहला रोजा रखा, बुजुर्गों ने दीं दुआएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जामाडोबा :** आलमनगर का रहने वाले अबू बरकात (अरमान) का पुत्र अबू अरज़ान ने रमजान का पहला रोज़ा रखा। बुजुर्गों ने ढेर सारी दुआएं दी। माँ खुशबू फरहा ने बताया की वह पिछले साल से ही रोज़ा रखने के लिए जिद्द कर रहा था लेकिन कल जा कर उसकी जिद्द पूरी हुई। हमे डर लग रहा था के कही रोज़ा तोड़ ना दे लेकिन अल्लाह का शुक्र है की रोज़ा रख लिया। अल्लाह उसके रोज़ा को कबूल फरमाए। छः साल की उम्र मे पहला रोज़ा रखने पर घर वालों के



साथ साथ आस पड़ोस के लोगों ने भी अबू अरज़ान और उसके माता पिता को मुबारकबाद दी है। मौके पर काफी संख्या में बच्चे भी मौजूद थे।

## डी-नोबली स्कूल में इनोनिया मैगजीन का हुआ विमोचन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोमो :** डी-नोबली स्कूल में शनिवार को इनोनिया मैगजीन का विमोचन मुख्य अतिथि टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, स्कूल प्राचार्य फादर जेम्स, जीतपुर पंचायत मुखिया मो. जाबिर ने संयुक्त रूप से किया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा मुख्य अतिथि को सलामी, स्वागत गान तथा दीप प्रज्वलित कर की गई। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया तथा खूब तालियां बटोरी। वहीं स्कूल में परीक्षा के दौरान बेहतर परिणाम पाने वाले बच्चों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई।

### महिला व बाल अपराध को लेकर मानवाधिकार आयोग की बैठक

## जिला इकाई के बताये गये विषयों पर संगठन जल्द करेंगी विचार : सुभाष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग झारखण्ड के प्रदेश डायरेक्ट अनुप सिंह के निर्देशानुसार धनबाद जिला की महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष सुमन वसन की अध्यक्षता में बढ़ते बाल अपराध घरेलु हिंसा से उत्पन्न पारिवारिक विवाद, कलह एवं केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा पंचायतों को दिये गये महत्वकांक्षी योजनाओं में व्याप्त भ्रस्टाचार को लेकर धर्माबांध ओपी क्षेत्र स्थित बिलबेरा कार्यालय में एक बैठक रखा गया। बैठक को संबोधित करते हुये प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एक नीति



आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त सामाजिक संस्था हैं। जो की मानव अधिकार के लिए कार्य करती हैं। संस्था पिछले विगत कई वर्षो से पूरे देश में कार्य कर रही हैं। संस्था का मुख्य उद्देश्य दबे, कुचले, पिछड़े, शोषित एवं महिला उत्पीड़न और मानव अधिकार से संबंधित कार्य कर रही हैं। इसी कड़ी में धनबाद जिला इकाई द्वारा मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें कई विषयों पर व्यापक चर्चा की गई। उन विषयों पर प्रदेश कमिटी जल्द विचार करेंगी और उसे बेहतर तरीके से धरातल पर उतारने का काम करेंगी। मालूम हो कि संस्था के उत्कृष्ट कार्यो को देखते हुए धनबाद में 50 से अधिक सदस्य एवं कई अधिवक्ता, मीडिया के सदस्य सहित अवकाश प्राप्त पुलिस अधिकारी जुड़ चुके हैं। धनबाद जिला के जिला एडवोकेट अमित भगत एवं जिले के कई समाजसेवी, झारखण्ड पुलिस से अवकाश प्राप्त सब इंस्पेक्टर सुभाष वसन जैसे लोग सदा सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। जिन के सहयोग से पीड़ित को न्याय दिलाना संस्था के लिए बहुत आसान हो जाता हैं। मीटिंग में प्रदेश अध्यक्ष समिद खान, प्रदेश महासचिव सुभाष, धनबाद जिला महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष सुमन, रविंद्र, सावित्री, सरिता, नीलु, मोनी, बबिता, मुन्नी खातून, अफजल इदरीश सभी मौजूद थे।

# टीआरपी +2 उच्च विद्यालय लेदा में हुई प्रबंधन समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह सदर के अंतर्गत स्थित टी आर +2 उच्च विद्यालय लेदा में विद्यालय प्रबंधन समिति का बैठक हुई । जिसमें सत्र 2022 -23 का आय - व्यय का समीक्षा बैठक हुई । समीक्षा बैठक में विद्यालय के प्रधानाचार्य उपल एशियन हेरेंज एवम अध्यक्ष राजेश कुमार राम ने पूर्व में खर्च की गई आय - व्यय का लेखा - जोखा दिए । जिसमें विभिन्न मद में राशि खर्च की गई जैसे-विद्यालय की सीमांकन, रंग-रोगन, स्वच्छता, विद्यालय के मैदान को समतलीकरण, smc के बैठक में नास्ते इत्यादि खर्च पूरे पारदर्शी तरीके से अध्यक्ष के नेतृत्व में लिए गए । पुनः अगले बैठक में इस बैठक की समीक्षा ली जायेगी । इस बैठक में मुख्य रूप से प्रधानाचार्य , अध्यक्ष राजेश कुमार राम, नरेश कुमार साव, वार्ड सदस्य बाबुलाल प्रसाद वर्मा, मनोहर राम, विकास वर्मा, शिक्षक कृष्ण मुरारी नारायण, नीरज एवम अन्य सदस्य , शिक्षक शामिल थे।

## चार योजनाओं का विधायक ने किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** बड़की सरैया नगर पंचायत के अंतर्गत 4 विभिन्न योजनाओं का बगोदर विधायक विनोद सिंह ने शिलान्यास किया, जिसमे वार्ड नं003 चन्द्रमारनी में टेकलाल मुखिया के घर से झंडू मंडल के घर तक रोड व युगल महतो के घर से सरजू प्रसाद के घर तक रोड निर्माण , वार्ड न0 6 रांची मेडिकल से मुन्ना मोदी के घर तक रोड निर्माण और वार्ड नं0 10 में अजित तर्वे के घर से दुर्गा लाल मंडल के घर तक नाली निर्माण इस दौरान विधायक बिनोद सिंह ने बताया की नगर पंचायत अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यो को धरातल पर उतारने के लिए मै लगातार प्रयासरत हूं बड़की सरिया नगरपंचायत बनने के बाद लोगों को कोई सुविधा नहीं मिल पा रही थी सिर्फ टैक्स का ही भुगतान लोग कर रहे थे, लगातार प्रयासों के बाद विकास योजनाएं धरातल पर उतर रहीं हैं, पेयजल की समस्या नगरवासियों के पास है जिसका निराकरण भी जल्द ही कर लिया जाएगा,मौके पर सांसद प्रतिनिधि हेमलाल मंडल, भाकपा माले के प्रखंड सचिव भोला मंडल, नगर प्रबंधक विशाल सिन्हा, फागु पंडित, सोनू पाण्डेय, कुश कुशवाहा, पंकज मंडल, भरत राम, नरेश मंडल,, जिम्मी चौरसिया, कुश कुशवाहा, अमन पांडेय, राहुल मंडल, विशाल गंभीर, प्रमोद मंडल , आनंद मंडल, अंकित पांडेय, मुकेश मंडल,राहुल वर्मा, पंकज वर्मा, भूषण मंडल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## पानी की भारी किल्लत, नगर निगम है कई मामलों में फेल : राजेश सिन्हा

**गिरिडीह( प्रभात मंत्र संवाददाता ) :** गिरिडीह ज़िले में 28 मार्च को सुबह दस बजे से होगा नगरनिगम के गेट पर अपनी अपनी समस्याओं के निदान के लिए धरना होगा होगा आपसब आमंत्रित है। वार्ड 6 नंबर की जनता ने माले नेता राजेश सिन्हा को याद किए,सिन्हा ने तत्काल जा कर जायजा लिया,पता चला कि लगभग 300 घरों में पानी की असुविधा है,जबकि वार्ड 22 से ही आधे नगरनिगम में पानी जाता है,किंतु 22 की जनता को ही पानी नहीं मिलता है,वार्ड की जनता ने कहा की 20 साल साल से पानी की किल्लत है,पानी का पाईप लगाया गया था आज चार साल पहले किंतु आज तक घरों में पानी नहीं आया है,नगरनिगम में लगातार शिकायत करते रहने के बाद भी कोई फायदा नही हुआ है। सिन्हा ने कहा कि यह समस्या सिर्फ एक मुहल्ले का एक वार्ड का नहीं है यही मामला पचंबा में भी है किंतु जनता जागरूक नहीं है आंदोलन से दूर जाते है लोग जबकि माले बार बार नगरनिगम की जनता को आंदोलन की राह में ले जाना चाहता है,आंदोलन से संबंधित अधिकारी और कार्यालय जल्दी काम करते है,इसलिए 28 मार्च को दिन के 10 बजे जब नगरनिगम खुलता है उसी समय से नगरनिगम का गेट को जाम करने की जरूरत है,हरेक वार्ड की जनता 28 मार्च को नगरनिगम समय पर पहुंचे और आंदोलन के जरिए नगरनिगम के अधिकारियों को बताने का प्रयास करें।

**संक्षिप्त खबरे**

### भंडरा प्रखंड में रामनवमी व रमजान पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**भंडरा-लोहरदगा :** रामनवमी व रमजान पर्व को देखते हुए शनिवार को भंडरा थाना परिसर में बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में आपसी भाईचारगी के साथ त्योहार मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जिसमें रामनवमी के दौरान झांकी भ्रमण के लिए रूट-चार्ट, धार्मिक भावना को आहत करने वाले डीजे पर पाबंदी, मैट्रिक परीक्षा को देखते हुए डीजे साउंड पर नियंत्रण रखने सहित कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। मौके पर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि भंडरा प्रखंड की पहचान आपसी भाईचारगी के नाम से जाना जाता है। भंडरा प्रखंड में हर समुदाय के लोग त्योहार आपस में मिल जुलकर मनाते है।

## उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना को लेकर की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से संबंधित आवश्यक बैठक समाहरणालय सभागार में हुई। बैठक में भण्डरा प्रखण्ड में वित्तीय वर्ष 2022-23 के कुल 13 अनुसूचित जनजाति के लाभुकों की सूची को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। यह सूची प्रखण्ड स्तर से प्राप्त थी। यह दो गाय की योजना 75 प्रतिशत अनुदान पर है। बैठक में उप विकास आयुक्त समीरा0एस0, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, बिशुनपुर विधायक प्रतिनिधि बीरेंद्र उराँव, जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अनुप कुमार, जेएसएलपीएस डीपीएम प्रकाश रंजन समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## मारपीट व गोली कांड का आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** आराहांसा ग्राम में मारपीट एवं गोली कांड को अंजाम दे फरार चार आरोपी में से एक आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस भेजा जेल। सेन्हा थाना क्षेत्र के आराहंसा गांव में विगत दिनों मारपीट एवं गोली कांड घटना प्रकाश में आते ही वादी के लिखित बयान पर सेन्हा थाना में 6 नामजद आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस त्वरित कारवाई कर दो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि चार नामजद आरोपी फरार चल रहे थे। उसी क्रम में शनिवार को बदला गांव निवासी भागीरथी गोप के पूत्र आयुष यादव को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संदर्भ में अनुसंधान करता पुलिस पदाधिकारी स0आ0नि0 श्रीकांत दास ने कहा की विगत दिन आराहांसा गांव में मारपीट में युवक शामिल था जिसको शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताते हुए कहा कि इस कांड में आराहंसा के हरिचंद उरांव को 6 लोगो ने मारपीट किया था जिसमें पुर्व में दो को जेल भेजा गया है। जबकि एक व्यक्ति बदला के आयुष यादव को शनिवार को जेल भेजा गया है। इस कांड में तीन आरोपी अभी भी फरार चल रहें है। जिसे शीघ्र ही गिरफ्तार कर जेल भेजने की बात कही गई।

## अविराम ने नियमित्त रोजगार को लेकर ग्राम पंचायत पंडरा का किया सर्वेक्षण



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू, लोहरदगा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा गोद ली गई ग्राम पंचायत पंडरा में औपचारिक शिक्षा या नियमित रोजगार में नहीं रहने वाले युवाओं का सर्वेक्षण किया गया जिसमे सर्वे कर दिए गए प्रश्नों को 15 से 29 आयुवर्ष के ग्रामीणों से पूछ कर अंकित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ लाला राधे नाथ सहदेव, मुखिया अमर महली के द्वारा किया गया और देवानंद, उर्मी देवी, रुखसाना प्रवीण, फुलदेव उरांव समेत भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों को अनौपचारिक शिक्षा प्रदान करने और प्रौढ़ शिक्षा हेतु 50 से अधिक निशुल्क स्लेट, चॉक, किताब का वितरण उर्मी देवी, समशुद्दीन, लालदेव, शांति, सावित्री, रूलमणि देवी, फूलो देवी, इशरत जहां, माधवी देवी, अजमेरूल निशा, फूल देव उरांव, नूरजहां, सुमन, मोहम्मद पावरिया, रूबेदा खातून, संतोष महली आदि में किया गया और पढ़ना, लिखना सिखाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध, रेणुका महतो, पंकज कुमार भारती, शिवशंकर आदि उपस्थित थे। अनौपचारिक शिक्षा का कार्यक्रम अनवरत रूप से इस गांव में चलाया जायेगा तथा जागरूकता कार्यक्रम का संचालन भी किया जाता रहेगा।

## संजय पासवान की सड़क दुर्घटना में हुई मौत से भाजपा परिवार में शोक की लहर



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष संजय पासवान की सड़क दुर्घटना में हुई आकास्मिक निधन पर भाजपा परिवार लोहरदगा गहरी शोक प्रकट करती है। यह भाजपा के लिए बहुत बड़ी क्षति है।संजय पासवान एक राजनीति कार्यकर्ता के साथ साथ समाज और संस्कृति के लिए योद्धा के रूप में लोगों के बीच मजबूती से हमेशा खडे रहते थे। इनका यू आकस्मिक चले जाने से समाज को गहरा झटका लगा है। इस संकट की घड़ी में ईश्वर से पुण्य आत्मा की शांति व परिवारजनों के दुखद पल को सहने की शक्ति प्रदान करे ऐसी प्रार्थना करती है। आकास्मिक निधन पर क्षेत्रीय सांसद श्री सुदर्शन भगत ने कहा हमने समाज के लिए सदैव संघर्ष करने वाला एक युवा सिपाही को खोया है।

## कुटुंगिया पल्ली में शहीद फादर हेरमन रास्कर्ट की 59 वीं पुण्य तिथि मनाया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जलडेगा :** प्रखंड के कुटुंगिया पल्ली में शुक्रवार को शहादत दिवस मनाया गया। मौके पर विभिन्न स्थानों से पुरोहित गण और धर्म बहने उपस्थित रहे। मिस्सा पूजा का अनुष्ठाता खूंटी धर्मप्रान्त के भी. जी.फ़ादर बिसु बेंजामिन आइन्द ने की। मुख्य उपदेशक एस. जे. प्रोविंस रांची के फ़ादर अशोक शांडिल थे। उन्होंने कहा फ़ादर हेरमन रास्कर्ट का बलिदान आपसी भाईचारे, प्रेम, शान्ति को और अधिक मजबूत करने के लिए हुआ है। हमें भी फ़ादर हेरमन रास्कर्ट की तरह ही दूसरों की भलाई करनी चाहिए। बेल्जियम से आये फ़ादर ओरल ब्राइस ने कहा फादर हेरमन के खून से यह धरती पवित्र हो चुका है। अतिथियों का स्वागत कुटुंगिया पल्ली के पल्ली पुरोहित फ़ादर जॉर्ज भलेन्टाइन केरकेट्टा ने किया भाषण के द्वारा किया। फ़ादर हेरमन रास्कर्ट की जीवनी सर संजय टोप्पो के द्वारा बतलाया गया। मिस्सा पूजा गीत तीनों विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका और बच्चों ने संचालन किया। हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। मंच का संचालन फादर राजेश ने किया। धन्यवाद ज्ञापन पल्ली पुरोहित फ़ादर जॉर्ज भलेन्टाइन केरकेट्टा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में फ़ादर अनूप टोप्पो, फ़ादर राजेश, सिस्टर निर्मला, फ़ादर जेलस कुल्लू, काथलिक सभा, महिला संघ, शहीद दिवस समिति संघ ने मुख्य भूमिका निभायी।

## युवा सद्भावना मंच ने सद्भावना क्रिकेट मैच का किया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** युवा सद्भावना मंच के द्वारा आज शनिवार को सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन समाहरणालय मैदान में किया गया। मैच में जिला प्रशासन इलेवन ने सद्भावना मंच इलेवन को 25 रनों से हराया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि क्रिकेट को कॅरियर के रूप में अपनाने के लिए युवाओं को जो आवश्यकता होगी जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किया जाएगा। उपायुक्त ने दोनों टीमों को खेल भावना के तहत क्रिकेट मैच खेलने के लिए सराहना की। इससे पहले मैच की शुरुआत पुलिस अधीक्षक आर0 रामकुमार द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। जिला प्रशासन की टीम ने 15 ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट खोकर 107 रन बनाये। टीम की ओर से सन्नी कुमार ने सर्वाधिक 32, रघुवंश ने 21 और मिथलेश ने 19 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में सद्भावना इलेवन के गेंदबाज शिवा 5, दानिश और शुभम ने 2-2 विकेट प्राप्त किया। जवाबी पारी खेलने उतरी सद्भावना इलेवन की टीम 82 रनों पर सिमट गई। टीम की ओर से हिमांशु सर्वाधिक 18, आर्यन ने 17 व शेरबहादुर ने 15 रन बनाए। गेंदबाजी में प्रशासन इलेवन की ओर से गेंदबाज राजकुमार ने 3, संतोष ने 2, समर्पण ने 2, जिशान मलिक ने 1 व रघुवंश ने 1 विकेट प्राप्त किया। मैच के आयोजन में क्रिकेट कोच अमित कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उपायुक्त, लोहरदगा द्वारा विजेता और उपविजेता टीम को पुरुस्कृत किया गया।

## प्रखंड मुख्यालय पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन, स्टाल लगाकर किया गया स्वास्थ्य जांच



**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 25 मार्च शनिवार को लोहरदगा स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रखंड मुख्यालय स्वास्थ्य उप-केन्द्र कैरो के समीप किया गया स्वास्थ्य मेला का आयोजन। उक्त मेला का विधिवत उदघाटन कैरो प्रखंड प्रमुख श्री राम उराँव,उप-प्रमुख मधुलिका रानी,प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो,प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डा0 सुनामी होरो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर मेला का कीया उद्घाटन। उद्घाटन के पाश्चात्य सभी उपरोक्त अतिथियों ने मेला मे लगे विभिन्न विभाग के स्टाल का निरिक्षण किया। वही मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने कहा कि सरकार के द्वारा आयोजित नि- शुल्क स्वास्थ्य मेला मे विभिन्न प्रकार के जाँच व स्वास्थ्य सुविधाओं का आप लोग अधिक से अधिक उठायें लाभ। मेले मे जरूरतमन्द लोगो को स्वास्थ्य परामर्श, जाँच व परीक्षण कर उन्हे दी भी गई आवश्यक औषधियाँ। उक्त मेला मे स्वास्थ्य परामर्श समान्य चिकित्सा मे -172 लोगो परामर्श, कोविड में-23 लोगों का जाँच, मलेरिया मे -25 जाँच, लेप्रोसी-2, मातृत्व स्वास्थ्य-15, बाल स्वास्थ्य जाँच-06 व टीकाकरण-24, आयुष्मान भारत यूडी आई पीएमजेएवाई कार्ड वितरण-34, टीबी जाँच-0, अंधापन नेत्र एवं सीडी जाँच-16, होमियोपैथिक ओपीडी-07, यूनानी ओपीडी-0, आयुर्वेद ओपीडी-06, दंत चिकित्सा-13,पोषण एवं परिवार नियोजन-20, अनिमिया मे-87 लोगो का जाँच विभाग द्वारा लगाये स्टाल मे किये गये। मौके पर मेले मे उपरोक्त लोगों के अलावा चिकित्सक डा0 निरुपमा, डा0 ज्ञानचंद, डा0 ज्योति सिन्हा, डा0 दीपमेश्वर चौधरी, डा0 आफताब आलम, बीपीएम सरोजनी केरकेट्टा,एएनएम रीना सुनीता बारला, उर्सिला तिर्की, राजमणि कुमारी, जीएनएम नेहा तिर्की,ज्योति कुजूर, अर्चना टोप्पो, अनिता कुमारी, आशा कुमारी के अलावा स्वास्थय सहिया जयफलिता लक्ड़ा, सरोज उराँव, जुबेर नाज प्रवीण, के अलावा मेला मे स्वास्थ्य जाँच व परामर्श के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## शांति, सौहार्द और भाईचारा के साथ मनाये रामनवमी : बीडीओ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र में आगामी रामनवमी एवं रमजान माह को देखते हुए सेन्हा थाना परिसर में शांति समिति सदस्यों के साथ प्रखंड प्रशासन की बैठक सम्पन्न हुआ। आयोजित शांति समिति के बैठक में जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की प्रमुख फुलझरी उराव 20 सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम पूर्व जिला परिषद सदस्य रामलखन प्रसाद सहित पंचायत जनप्रतिनिधि एवं रामनवमी कमिटी के पदेन कार्यकर्ता के अलावे थाना क्षेत्र के अलग अलग पंचायत ग्राम से राम भक्त एवं विशेष समुदाय के लोग शामिल थे। शांति समिति बैठक के दौरान पर्व मनाने को लेकर जुलूस निकालने तथा रूट चाट सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। बैठक समापन के पूर्व शांति समिति सदस्यों द्वारा 107 धारा के तहत विद्यार्थियों व्यवसायिक एवं बुजुर्ग पर लगाए जाने का कारण भी पूछा गया। जिसपर अंचलाधिकारी विजय कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा एवं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने बारी बारी से उपस्थित सदस्यों एवं ग्रामीणों को धारा 107 को लेकर स्पष्ट करते हुए कहा कि प्रखंड प्रशासन के ऊपर जो दायित्व है उसके अनुसार ही कार्य किया जा रहा है।

## दो परीक्षा केंद्र में 975 छात्र छात्राओं ने दिया गणित का परीक्षा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** झारखंड अविविद्य परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा के अन्तर्गत शनिवार को गणित विषय का परीक्षा सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के दो केंद्रों में 975 छात्र छात्राओं ने परीक्षा दिया। झारखण्ड अविविद्य परिषद द्वारा मैट्रिक की परीक्षा के लिये प्रखंड के दो विद्यालय नन्दलाल प्लस टू उच्च विद्यालय अरु तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसमें नन्दलाल प्लस टू उच्च विद्यालय अरु में 645 में से 634 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिया। 11 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। तथा कन्या मध्य विद्यालय सेन्हा में 342 में से 341 छात्र छात्रओं ने परीक्षा लिखा जिसमें एक छात्र अनुपस्थित रहा। परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से कदाचार मुक्त सम्पन्न हो जिसके लिये प्रखंड कृषि पदाधिकारी रघुनन्दन वैद्य और प्रखंड पशुपालन पदादिकारी डॉ मनोज कुमार को दंडाधिकारी नियुक्त किया गया है। इस दौरान परीक्षा केन्द्राधिक्षक सीमा नैन्सी लकड़ा और अभिषेक गौरव ने बताया कि परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से कदाचारमुक्त सम्पन्न हुआ। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावे ए एस आई आयता खेस, जमशेद खान दल बल के साथ मौजूद थे।

## लोक आस्था के महापर्व छठ का नहाय खाय के साथ हुआ शुभारंभ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदग :** चैत महीना शुरू होते ही पर्व और त्योहारों तैयारियां जोरों से शुरू हो जाती है क्योंकि चैत महीना में चैती दुर्गा पूजा चैती छठ पूजा रामनवमी और इस बार चैत में ही रमजान महीना प्रारंभ हो गया वही चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ शनिवार से प्रारंभ हो गया। छठ व्रतियों ने नहाय खाय के साथ छठ पूजा का उद्घोष किया वैसे तो कार्तिक महीने की छठ पूजा को लोग विशेष महत्व देते हैं परंतु चैती छठ पूजा का एक अपना अलग ही महत्व है बहुत से लोग चैती छठ पूजा को कष्टि पूजा के रूप में करते हैं जिससे लोगों की आर्थिक मानसिक शारीरिक समस्याओं से निदान पाने के लिए चैती छठ पूजा करना उचित माना गया है। इस महापर्व को श्रद्धालु बड़े श्रद्धाभाव के साथ करते हैं तथा अपने जीवन में सुख समृद्धि की कामना भी करते है, वहीं जिले भर के विभिन्न क्षेत्रों छठ व्रतियों ने पूजा सामग्री की खरीदारी को लेकर भी काफी उत्साहित हैं। सूप दौरा नारियल फल सहित अन्य सामग्रियों की दुकानें शहर में सजने लगी हरछठ घाटों की साफ-सफाई एवं रास्ते की साफ सफाई में श्रद्धालु जुट गए हैं वही भीड़भाड़ वाले जगहों पर विशेष व्यवस्था बनाए जा रहे हैं।

## बोलबा के वनदुर्गा मंदिर परिसर में हुआ नवरात्र महोत्सव का आयोजन

**बोलबा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बोलबा प्रखंड के मालसाड़ा पंचायत अंतर्गत मां वनदुर्गा के पावन धरती पर श्री वनदुर्गा वासंतिक नवरात्र महोत्सव का आयोजन किया गया है। वनदुर्गा के पावन धरती पर इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मुख्य रूप से 26 मार्च से 28 मार्च तक विशेष कार्यक्रम का आयोजन होगी। 26 मार्च 2023 की संध्या 6:30 बजे महा आरती का आयोजन किया गया है एवं महाप्रसाद की वितरण की जाएगी। वही 27 मार्च 2023 दिन सोमवार को रंगारंग सांस्कृतिक एवं नागपुरिया कार्यक्रम रखा गया है। मुख्य रूप से यहां कई प्रकार के दुकान प्रतिष्ठान लगाई जाएगी । बताया गया कि यहां हजारों की संख्या में भीड़ होती है इस बार और भी ज्यादा भीड़ होने की उम्मीद है । मेला समिति के सचिव ने बताया की मेला की पूर्ण तैयारी की जा रही है।

## लैंगिक असमानता व नशापान को समाप्त करने का लिया संकल्प



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** किस्को प्रखंड के 10 गांव-जनवल पतगछा, कोचा, अरेया, नाथपुर, हुटाप, चरहु, बोंगा, बानपुर, बगरू के ग्राम सभा के आयोजन में किशोर समूह के बालको के द्वारा समाज कल्याण विभाग एवं सेन्टर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के सहयोग और मार्गदर्शन से महिला- पुरुष समानता और नशापान के विषय पर ग्रामीणों के बीच जागरूकता लाने हेतु नुकड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस आयोजन की शुरुआत में पियर एजूकेटर द्वारा ग्रामीणों का स्वागत किया गया एवं कार्यक्रम की रुपरेखा और उद्देश्य के विषय पर जानकारी देते हुए बतलाया गया कि आज हम किशोर समूह के सदस्य महिला पुरुष समानता, नशापान के विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर रहे है जिससे समाज में व्यापत इन मुद्दों पर जागरूकता आएगी। तत्पश्चात बैठक में महिला पुरुष समानता पर समानता विषय पर जागरूकता लाने हेतु प्रथम नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया,जिसमे यह दिखलाया गया कि किस तरह एक महिला बाहर के काम के साथ घर का भी सारा कार्य करती है और एक पुरुष हमेशा यही सोचता है कि घर के काम में हाथ बटाना हम पुरुष के प्रतिष्ठा के विरुद्ध है पर बेटी के समझाने पर पिता को यह एहसास होता है कि पुरुष को भी घर के काम में हाथ बटाना चाहिए। वहीं दूसरे नाटक मंचन में किशोरों द्वारा दिखलाया गया कि किस तरह नशा पान की गलत लत एक परिवार पर बहुत सारे मुसीबत लेकर लाती है। एक परिवार पूरी तरह बिखर जाता है उस परिवार की आर्थिक स्थिति पूरी तरह कमजोर हो जाती है अत्यधिक नशा पान के कारण हमेशा कलह होती रहती है,पिता की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो जाती है पुत्री का विवाह कम उम्र में ही हो जाता है और पुत्र को भी नशे की लत लग जाती है। कार्यक्रम के उपरांत मौके पर उपस्थित मुखिया ने कहा कि किशोर समूह के सदस्यों द्वारा यह एक बहुत ही सराहनीय पहल है। किशोरों के द्वारा नाटक मंचन ने हमारे दिलो दिमाग पर गहरा प्रभाव डाला है और हमे यह संदेश देता है कि महिला पुरुष में व्याप्त भेदभाव को हमे दूर करना है। इसमे पुरुषों को आगे आना होगा। उन्होने यह भी कहा कि इस तरह के आयोजन हमारे गावों में होते रहना चाहिए जिससे समाज में व्याप्त ऐसे मुद्दों पर जागरूकता आएगी और हमारा समाज जागरूक होगा। आंगनबाड़ी सेविका ने कहा कि महिला पुरुष असमानता दूर करने के लिए महिलाओं को आगे आना होगा खुद के हक़ के लिए खड़ा होना होगा तब ही हम कन्धा से कन्धा मिलाकर चल पायेंगे और बराबरी वाला समाज का निर्माण कर पायेंगे। कार्यक्रम के अंत में दोनों गांवों के सभी ग्रामीणों ने संकल्प लेते हुए कहा कि अब हम घर के कार्यों में मदद करेंगे जिससे हमारे घर की महिलाओं एवं लड़कियों को भी शिक्षा, मनोरंजन,एवं आराम का समय मिल पायेगा और समाज में बराबरी आएगी।

## सरकार बताए उर्दू-संस्कृत के अभ्यर्थियों से क्या दुश्मनी निकाल रही है : खुर्शीद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो :** स्वंय सेवी संस्था मौलाना आजाद वेल्फेयर सोसायटी कैरो के सदस्यों ने शनिवार को हाई स्कूल शिक्षक बहाली में उर्दू/संस्कृत के अभ्यर्थियों से एम. ए. डिग्री की मांग किये जाने के खिलाफ चांदनी चौक कैरो में विरोध प्रदर्शन किया। सोसायटी के सदस्य हाथों में उर्दू/संस्कृत विरोधी सरकार-होश में आओ, अभ्यर्थियों को परेशान करना-बंद करो,शिक्षा विभाग-हाय-हाय इत्यादि लिखी तख्तियां लेकर और नारे लगाते हुए विरोध कर रहे थे।प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए सोसायटी के महासचिव खुर्शीद अंसारी ने कहा कि झारखंड की मौजूदा सरकार पढ़े-लिखे नौजवानों को परेशान करने पर अड़ी रहती है।बिना जरूरत नये-नये हथकंडे अपना कर राज्य के युवाओं का मनोबल तोड़ना ही इस सरकार का काम रह गया है। 2016 से चली आ रही हाई स्कूल शिक्षक नियुक्ति की बहाली में उर्दू और संस्कृत विषय के अभ्यर्थियों से स्नातकोत्तर की डिग्री की मांग कर कई योग्य और शिक्षा के लिए समर्पित युवक-युवतियों को बहाली प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया है। सबको पता है कि हाई स्कूल में शिक्षकों की बहाली की योग्यता स्नातक और बी. एड. होती है। इसी 2016 की बहाली में सभी विषयों के शिक्षकों की बहाली इसी योग्यता पर की जा चुकी है। उर्दू और संस्कृत के भी सैकड़ों शिक्षकों की बहाली स्नातक योग्यता पर हो चुकी है।मौके पर सोसायटी के मीडिया प्रभारी सोनू रजा ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट में 11-13 जिलों की नियोजन नीति का मामला जाने के बाद बहाली स्थगित थी।अब सुप्रीम कोर्ट के बहाली पूरी करने के निर्णय आने के बाद जेएसएससी द्वारा एम ए डिग्री मांगने कानया नौटंकी शुरू कर दिया है।आश्चर्य की बात यह है कि इस पर सरकार के मंत्री या विधायक कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं। सरकार को बताना चाहिए कि किसी भी नियुक्ति के लिए प्रक्रिया के बीच में नियमावली में बदलाव किया दाता है क्या? यही योग्यता चाहिए तो फिर जो सैंकड़ों शिक्षक बहाल हो चुके हैं उनका क्या होगा? सरकार और शिक्षा विभाग के इस बेतुके फरमान से कितने युवाओं के सपने मिट्टी में मिल रहे ,राज्य के मुखिया को इसकी खबर भी नहीं होगी। जाहिर है सरकार का यह कदम राज्य के युवाओं को पढ़ाई की तरफ उर्जा और क्षमता लगाने से रोकने वाला है।

## जलडेगा में नवरात्रि के मौके पर नौ दिवसीय देवी भागवत पुराण कथा का आयोजन



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शैलपुत्री मां दुर्गा मंदिर परिसर में चैत्र नवरात्र एवं रामनवमी महोत्सव को लेकर दुर्गा पूजा आयोजन समिति एवं नवयुवक संघ जलडेगा के तत्वावधान में आयोजित नौ दिवसीय देवी भागवत पुराण कथा के दुसरे दिन कथा वाचक ब्यास भागवताचार्य श्री दिनेशानंद मृदुल जी ने कहा मां भगवती के द्वारा प्रकृति रूपी संरक्षण कैसे होती है। कहा भगवान का अवतार एवं मां का प्राकथ्य धर्म की स्थापना करने के लिए होता है। पुराण कथा का वर्णन करते हुए कहा किस प्रकार भगवान विष्णु प्राचीन समय में हायग्रीव का वध करने के लिए हायग्रीव भगवान का अवतार हुआ और मधू कैटब नामक दैत्य का वध करते हैं धर्म की रक्षा किया। श्रोता मंत्रमुग्ध मुद्रा में कथा का श्रवण किए। मां शैलपुत्री दुर्गा मंदिर में ब्रह्मचारिणी रूपी मां भगवती की पुजा अर्चना की गई। कथा पुर्व समिति सदस्य बसंत साहू द्वारा ब्यास भागवताचार्य श्री दिनेशानंद मृदुल जी की एवं ब्यास पीठ की पुजन के बाद कथा प्रवचन का शुभारंभ किया गया। भजन गायक मण्डली गायक अरविंद अनमोल द्वारा भजनों की प्रस्तुति की गई। ढोलक में मुकेश ढोलकिया, आटो पैड में मनिष कुमार, सहयोगी आचार्य अमित तिवारी, दुर्गेश शुक्ला ने साथ दिया। मौके पर काफी संख्या श्रोता उपस्थित थे।

चलते चलते एक नजर

## नामकुम में निकलेगी 30 अखड़ा और झांकियां

**रांची :** रामनवमी को लेकर नामकुम से 30 अखड़ा और झांकियां निकलेगी। श्री महावीर मण्डल केंद्रीय समिति नामकुम बाजार के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह बताया कि अखड़ाधारियों और झांकियों से अपील किया कि शांतिपूर्ण ढंग अपने-अपने गणतव्य से निर्धारित समय पर पहुंचे और अस्त्र-शस्त्र का प्रर्दशन करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृष्ण कुमार, बबलू सिंह, मंटू राय, बिरसा पाहन, अनिल कुमार सहित अन्य लोग जुटे हुए हैं।

## रामनवमी और रमजान को लेकर सोशल मीडिया पर पुलिस की नजर

**रांची:** रामनवमी और रमजान को लेकर रांची जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। दोनों त्योहारों को लेकर पुलिस की नजर सोशल मीडिया सहित कई चीजों पर बनी हुई है। ऐसे में रांची पुलिस ने लोगों के लिए गाइडलाइन जारी किया है। जारी दिशा-निर्देश में रांची पुलिस ने लोगों से अपील की है कि इन त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने में सहयोग करें और किसी की धार्मिक भावना आहत ना हो इसका भी ध्यान रखें। साथ ही पुलिस ने अपील किया है कि ऐसे किसी भी गाने का प्रयोग का ना करें, जिससे किसी धर्म, संप्रदाय या लोगों की धार्मिक भावना आहत हो। सामाजिक सौहार्द बिगड़ने वाली किसी भी तरह का फोटो, वीडियो या पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर नहीं करना है। पुलिस की तरफ से हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए है। किसी भी अप्रिय घटना, कोशिश या असामाजिक गतिविधि देखे जाने पर पुलिस ने व्हाट्सअप नंबर 6299423768 संपर्क करने या 100 नंबर डायल करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही ऐसी घटना की जानकारी रांची पुलिस के ट्विटर पर या फेसबुक पेज पर भी दिए जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि रांची में रामनवमी का जुलूस 30 मार्च को निकाला जाना है। बीते शुक्रवार से रमजान का महीना भी शुरू हुआ है।

## राजनीति में शीर्ष पदों पर बैठे व्यक्तियों को शुचिता बनाए रखनी चाहिए : आजसू

**रांची :** आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि राजनीति में शीर्ष पदों पर बैठे व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों को शुचिता बनाए रखनी चाहिए। वह शनिवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उम्मीद की जाती है कि वे सामाजिक रूप से ऐसी टिप्पणी ना करें, जिससे किसी वर्ग-समाज की भावना आहत हो। न्यायालय के निर्णय का सम्मान करना हर नागरिक का मूल कर्तव्य है और यह कोई पहला केस नहीं है ,जहां किसी सांसद या विधायक की सदस्यता गई है। हमारे विधायक एवं झारखंड आंदोलनकारी स्व. कमलकिशोर भगत को भी अपनी सदस्यता गंवानी पड़ी थी,जो निर्णय आया है, वे वैधानिक हैं। इसे स्वीकार करना होगा। उन्होंने कहा कि नियम-कानून, संविधान के दायरे में आम नागरिक और जनप्रतिनिधि भी आते हैं। ऐसे में इस मामले में राजनीतिकरण करने की बजाए इस फैसले को मानना होगा। वैसे भी अपने शासनकाल में बनाए कानून से ही राहुल गांधी की सदस्यता पर यह हालात उत्पन्न हुए हैं।

# तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जामताड़ा :** जिला में मुंबई और स्थानीय साइबर क्राइम थाना पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। महाराष्ट्र हाई कोर्ट के न्यायाधीश की बहू अधिवक्ता दीप्ति धागे के खाते से 99999 की ठगी करने के मामले में तीन साइबर आरोपियों को महाराष्ट्र पुलिस ने करमाटांड़ थाना क्षेत्र के हेठ करमाटांड़ से गिरफ्तार किया है। वही गुप्त सूचना के आधार पर जामताड़ा साइबर थाना पुलिस ने करमाटांड़ थाना क्षेत्र के लोहारबंधा गांव से दो साइबर आरोपी इमरान अंसारी और शब्बीर अंसारी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पहले मामले में जस्टिस की बहू अधिवक्ता दीप्ति को बीते 1 मार्च को केवाईसी अपडेट करने के नाम



पर साइबर आरोपियों ने एचडीएफसी बैंक के अधिकारी बताते हुए कॉल किया। लिंक से उनके खाते से 99999 की अवैध निकासी हो गई। मुंबई नौपाड़ा थाने की पुलिस ने पप्पू मुसद्दी, टिंकू मंडल और लक्ष्मी ट्रेडर्स के मालिक मिक्कू शाह को महाराष्ट्र पुलिस ने गिरफ्तार किया है ।आरोपियों को मेडिकल जांच कराकर देर शाम जामताड़ा कोर्ट में पेश किया जहां से ट्रांजिट रिमांड पर महाराष्ट्र पुलिस अपने साथ ले गए। वहीं दूसरे मामले में गिरफ्तार इमरान अंसारी और शब्बीर अंसारी लोगों को पे फोन में कैशबैक का लालच देकर ऑफर भेजता था और उस ऑफर के जरिए सामने वाले व्यक्ति को पेमेंट करने को कहता था और इस माध्यम से लोगों को झांसे में लेकर साइबर ठगों की घटना को अंजाम देता था पुलिस ने उसके पास से पांच मोबाइल 10 सिम कार्ड बरामद किया है इमरान और शबीर ने बताया कि वह लोगों को मात्र 1000 कैशबैक के नाम पर तय करने का ऑफर देता था. शनिवार को दोनों को मेडिकल कराकर कोर्ट में पेश किया गया जहां से न्यायिक अभिरक्षा में मंडल कारा जामताड़ा भेज दिया गया है। इधर यूपी के रिटायर्ड पुलिस के खाते से 25 लाख से अधिक ठगी करने वाला साईबर अपराधी को गिरफ्तार किया है।

# कोयला लोड पिकअप वाहन लूटने वाला अपराधी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मांडर थाना पुलिस ने मारपीट कर पिकअप वाहन लूटने के मामले में अबुतालिब मल्लिक को गिरफ्तार किया है। वह मूल रुप से बेड़ो थाना क्षेत्र के चचकोपी का रहने वाला है। इसके पास से घटना में प्रयोग किया गया बाइक, लूटा गया पिकअप वाहन और मोबाईल फोन बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि 24 मार्च को चान्हो निवासी साबीर अंसारी ने थाने में एफआइआर दर्ज कराया था कि उसका पिकअप वाहन पर दो टन कोयला लोड था। वह मैक्लुस्कीगंज से कोयला लोड कर मांडर स्थित सरना ईट भट्ठा की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में मांडर-बेड़ो



मार्ग में नारी जंगल के पास दो बाइक पर सवार चार अपराधियों वाहन को रोककर लाठी-डंडा और जान से मारने का भय दिखाते हुए गाड़ी से नीचे उतारकर वाहन लेकर भाग गये। मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने अनुसंधान के क्रम में एक अपराधी को गिरफ्तार किया। लूटा गया वाहन और कोयला बरामद किया।

# राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होने के विरोध में कांग्रेस का सत्याग्रह 26 को



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द होने के विरोध में पूरे देश में कांग्रेस ने सड़कों पर उतरकर आन्दोलन करने की रूपरेखा तैयार की है। इसी कड़ी में रविवार को प्रदेश कांग्रेस के तत्वावधान में मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष सत्याग्रह किया जायेगा। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने इस बाबत राज्य के तमाम जिलाध्यक्षों को भी अपने-अपने जिले में सत्याग्रह कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया है। साथ ही रांची में आयोजित सत्याग्रह कार्यक्रम के लिए भी रांची महानगर एवं रांची ग्रामीण कांग्रेस को निर्देश दिया है। सत्याग्रह में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने को कहा गया है। ठाकुर ने कहा है कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक नफरत, महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ जनता का अपार समर्थन के साथ राहुल गांधी की ओर से तय की गई लगभग 4000 किलोमीटर की लंबी भारत जोड़ो यात्रा तथा संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अडानी के रिश्ते पर सवाल खड़ा करने के बाद मोदी सरकार पूरी तरह से बौखला गई है। सदन में भी राहुल गांधी की आवाज को लगातार दबाया गया। देश के राजनैतिक इतिहास में पहली घटना घटी कि सत्ताधारी भाजपा के द्वारा ही लगातार सदन की कार्यवाही को बाधित किया गया, लेकिन हम इससे भी घबराने वाले नहीं है। कांग्रेस देश की जनता की आवाज के लिए हमेशा लड़ेगी।

# स्वास्थ्य मंत्री रिम्स में अमृत फार्मेसी स्टोर का 26 मार्च को करेंगे उद्घाटन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची:** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता रविवार को रिम्स में दिल्ली के एम्स की तर्ज पर अमृत फार्मेसी स्टोर का उद्घाटन करेंगे।

यहां से रिम्स में इलाज कराने आने वाले मरीजों को भारी डिस्काउंट पर जेनरिक और ब्रांडेड दवाएं मिलेगी। इतना ही नहीं इंप्लांट, स्टेंट, नी रिप्लेसमेंट और हिप रिप्लेसमेंट भी सरकार द्वारा निर्धारित दर पर उपलब्ध होगा, जिसका सीधा लाभ रिम्स में इलाज के लिए आने वाले ढाई हजार मरीजों को मिलेगा। अमृत फार्मेसी स्टोर का संचालन एचएलएच लाइफ केयर लिमिटेड करेगी।




रिम्स के पुराने इमरजेंसी के बगल में जन औषधि केंद्र से सटे जगह पर स्टोर बनकर तैयार है। अमृत फार्मेसी स्टोर के खुलने से मरीजों को ब्रांडेड दवाइयां लगभग 30 प्रतिशत छूट व जेनेरिक एमआरपी 0 से लगभग 70 से 80 प्रतिशत छूट के साथ उपलब्ध हो सकेगी। इससे पहले एम्स पटना,देवघर, कल्याणी, भुवनेश्वर, पीजीआई चंडीगढ़ में अमृत फार्मेसी स्टोर चल रहा है। इसी को देखते हुए रिम्स में भी फार्मेसी स्टोर खोलने की योजना बनाई गई थी।

# झारखंड का सबसे बड़ा भूमि घोटाला पूर्व अध्यक्ष के परिवार ने किया है : महापौर

**अतिक्रमण के नाम पर व्यवसाई भाइयों की दुकाने नहीं टूटने दूंगी**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** महापौर अरुणा शंकर ने शनिवार को एक बार फिर 66 साल राज करने वाले एक ही परिवार की पूर्व अध्यक्षा की पीड़ा का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि आपने सही कहा महोदया, पानी का कनेक्शन आप के कार्यकाल में ही लगा। जिसका इंटक वेल बनते के साथ ही फेल हो गया। फलस्वरूप पाइप लाइन लगने के बाद भी आज तक कई मोहल्ले में पानी नहीं मिला। कहीं पानी मिला भी तो घटिया कार्य के चलते लोग नाली का पानी पीने को मजबूर हैं। यह आपकी सबसे बड़ी और पहली उपलब्धि है। आपने दूसरी बड़ी उपलब्धि में हजारों लोगों को बसाने की बात कही है।



तो महोदया जिन हजारों लोगों को आपके परिवार द्वारा पैर से नाप कर और पूरी रकम लेने के बाद बसाई गई है। वह आज भी। बेचारे केवाला के अभाव में 25-25 वर्षो से आप सबों के घर का चक्कर काट रहे हैं। आज वे लोग उस भूमि पर केवाला के अभाव में प्रधानमंत्री आवास तक नहीं बना सकते। ना ही उन्हें अपने बच्चों के नौकरी के लिए स्थानीयता प्रमाण पत्र मिल सकती है। आज वे भूमि रहते हुए भूमिहिन की तरह बसे हैं हैं। यह झारखंड का सबसे बड़ा भूमि घोटाला है। तीसरी आपने बार-बार शहर को अतिक्रमण मुक्त कराने की बात छेड़ी है। तो मैं आपको स्पष्ट कर देना चाहती हूं कि यह आपकी सामंतवादी मानसिकता को दर्शाता है। मैं आपकी बातों को समझ रही हूं। आप क्यों बार-बार बड़ा तालाब और गांधी मैदान को अतिक्रमण मुक्त कराने की बात कह रही हैं। आपने कभी सोचा है कि बड़ा तालाब या गांधी मैदान को एंक्रोचमेंट मुक्त कराने के बाद उन छोटे छोटे व्यवसायियों का क्या होगा, जो वर्षो से अपने उसी दुकानों के बदौलत परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। मैं आपको स्पष्ट कर देना चाहती कि मैं पहले एंक्रोचमेंट के नाम पर किसी व्यवसायियों को नहीं हटाई हूं। भविष्य में किसी व्यवसायियों को एंक्रोचमेंट के नाम पर तब तक नहीं हटाया जाएगा, जब तक कि उन्हें उचित स्थान पर सुव्यवस्थित कर बसा नहीं दिया जाए। खैर आप कुछ भी सोच सकती हैं। जब आप शहर के प्रतिष्ठित व्यवसाइ केडिया के दुकान पर बुलडोजर चलवा कर शौचालय बनवा सकती हैं तो आप कुछ भी कर सकती हैं। लेकिन अब समय बदल गया है। मेरे रहते किसी व्यवसाय भाइयों पर कोई उंगली भी नहीं उठा सकता।

## कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी की उम्मीदवारों की पहली सूची

**नई दिल्ली:** कांग्रेस ने शनिवार को कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए 124 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की है। इस सूची में पूर्व सीएम सिद्धारमैय का नाम भी शामिल है। कांग्रेस ने कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार को भी उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक को भी कांग्रेस ने मैदान में उतारा है। वह चितापुर से चुनाव लड़ेंगे। वहीं पूर्व केन्द्रीय मंत्री केएच मुनियप्पा को देवनहल्ली से कांग्रेस ने टिकट दिया है। उल्लेखनीय है कि कर्नाटक में इसी वर्ष विधानसभा चुनाव होना है। राज्य में इस समय राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार को केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी कर्नाटक दौरे पर थे।

# लातेहार : चार अंतर्राजीय वाहन लुटेरा गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**लातेहार :** लातेहार पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापामारी अभियान चलाकर वाहन लूट कर भाग रहे चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। वही अपराधियों के द्वारा अगवा किए गए वाहन के चालक और खलासी को भी सकुशल मुक्त करा लिया गया। इस संबंध में प्रेस वार्ता करते हुए पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि उड़िसा एवं झारखण्ड के सीमावर्ती क्षेत्र से 6 चक्का कंटेनर की लूट कर अज्ञात अपराधी राँची कुड़ू, होते हुए चन्दवा की ओर आ रहा है। इस सूचना पर चंदवा के थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित छापामारी दल के द्वारा चन्दवा थानान्तर्गत देवनद नदी के पास वाहन



चेकिंग प्रारंभ किया गया। वाहन चेकिंग के क्रम में लूटा गया कंटेनर को बरामद किया गया। साथ ही लूट में शामिल एक व्यक्ति राहुल यादव जो गाड़ी लेकर भाग रहा था की गिरफ्तारी की गयी।

राहुल यादव से पूछताछ के क्रम में ज्ञात हुआ कि इस कंटेनर की लूट अदक उडिसा के पास की गयी है। एवम् उक्त वाहन के ड्राइवर एवं खलासी को अपहरण कर भवानी पटना उड़िसा ले जाया गया है। लूट में शामिल अन्य अभियुक्त चन्दवा की ओर आने वाले है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक लातेहार के द्वारा पुनः अन्य अभियुक्तो की गिरफ्तारी एवं अपहृत व्यक्तियों की बरामदगी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, लातेहार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम के द्वारा लूट कांड में शामिल तीन अन्य अन्तरराज्यीय अभियुक्तों की गिरफ्तारी चंदवा से की गयी तथा अपहृत दोनों व्यक्तियों को भवानी पटना उड़िसा से सकुशल बरामद कर लिया गया है।

# हर माह दो लाख लाभार्थियों से योजनाओं का फीडबेक लेगी भाजपा : धनखड़



एजेंसी

**हिसार।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा है कि केन्द्र व प्रदेश सरकार ने अपने लगभग नौ वर्ष के शासनकाल में जनकल्याण की अनेक योजनाएं शुरू की है, जिससे हर नागरिक लाभान्वित हुआ है। भारतीय जनता पार्टी हर माह दो लाख लाभार्थियों से संपर्क करके योजनाओं बारे उनसे फीडबेक लेगी और उस फीडबेक को केन्द्र व राज्य सरकार से सांझा करके योजनाओं को बेहतरी की तरफ लेकर जाएंगे। वे शनिवार को गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के चौ. रणबीर सिंह ऑडिटोरियम में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। वे यहां पर पार्टी के चार लोकसभा क्षेत्रों के शक्ति केन्द्र संगम कार्यक्रम में पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि हिसार एक ऊर्जावान शहर है और हमारे लिए किसी भी सकारात्मक पहल के लिए सबसे अच्छी जगह है। पत्रकारों सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने फसल बीमा योजना का प्रारूप मेरे कार्यकाल में केन्द्र सरकार को भेजा था, जिसे आज पूरे देश में लागू किया जा रहा है। हमने अब तक फसल बीमा योजना और आपदा प्रबंधन के तहत 8800 करोड़ का मुआवजा किसानों को देकर उनकी चिंता को दूर किया है। राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भारत की सामाजिक व्यवस्था में उपनाम का बहुत महत्व है, कोलार में दिए उनके भाषण पर अदालत ने उन्हें खेद व्यक्त करने का मौका भी दिया था, लेकिन उनका अहंकार बड़ा है, इसीलिए आज उन्हें यह दिन देखना पड़ा। उनकी सदस्यता रद्द होना राजनीतिक ना होकर कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा है। कहा कि चार देशों की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ 1.5 प्रतिशत है जबकि हम 6 प्रतिशत की रफ्तार से आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे में सरकार को हर पहलू को ध्यान रखते हुए नीतियां बनानी पड़ती है।

## पिस्टल के साथ अपराधी गिरफ्तार

**रांची :** खलारी थाना पुलिस ने देशी पिस्टल के साथ ब्रजेश सिंह उर्फ राजा सिंह को गिरफ्तार किया है। वह खलारी के महावीर नगर का रहने वाला है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने शनिवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सरहुल जुलूस में शामिल एक व्यक्ति अपने कमर में पिस्टल खोसकर जुलूस के साथ घूम रहा है। जो किसी घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना के बाद थाना प्रभारी फरीद आलम के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते उक्त स्थान पर पहुंचकर जांच के दौरान एक व्यक्ति को पकड़ा। पूछताछ के क्रम में ब्रजेश सिंह ने बताया कि वह अन्य साथियों के साथ मिलकर लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले थे। लेकिन वह पकड़ा गया। उसके अन्य साथी भाग गये। पुलिस उसके साथियों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। इसके खिलाफ पूर्व से खलारी, मैक्लुस्कीगंज और चान्हो में मामला दर्ज है।

# झारखंड के नौ जिलों के 45 लाख से अधिक बच्चों के लिए विशेष टीकाकरण अभियान 12 अप्रैल से

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड सरकार ने खसरा से बचाव के लिए विशेष टीकाकरण अभियान की शुरूआत की है। खसरा से प्रभावित राज्य के नौ जिलों में 12 अप्रैल से इसका शुभारंभ किया जाएगा। इस विशेष अभियान में 09 महीने से लेकर 15 वर्ष तक के 45.5 लाख से अधिक बच्चों को टीका लगाया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग ने प्रभावित नौ जिलों में विशेष टीकाकरण अभियान की घोषणा की है। राज्य के नौ जिलों कोडरमा, धनबाद, गिरिडीह, पाकुड़, गोड्डा, जामताड़ा, देवघर, दुमका, साहिबगंज में 12 अप्रैल से विशेष टीकाकरण अभियान चलेगा।

15 दिनों तक चलने वाले इस विशेष मिजल्स रूबेला वैक्सीनेशन अभियान में नौ महीने से लेकर 15 वर्ष तक के 45.5 लाख से अधिक बच्चों को खसरा का टीका लगाया



जाएगा। यह वैक्सीन उन बच्चों को भी लगाया जाएगा, जो पहले वैक्सीन का डोज पूरा कर चुके हैं। इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विद्यालयों में भी कैम्प लगाए जायेंगे।

इस अभियान के तहत खसरा के टीके के साथ-साथ रूबेला का वैक्सीन भी दिया जाएगा, ताकि जन्म के साथ होने वाले विकारों से नवजात को बचाया जा सके। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार खसरा (मिजल्स) काफी तेजी से फैलने वाला वायरल संक्रामक बीमारी है। विशेषज्ञ चिकित्सकों के अनुसार संक्रामक बीमारी खसरा के बाद न्यूमोनिया होने पर सीवियर एक्यूट रेस्पाइरेट्री समस्या खतरनाक रूप ले लेता है। एक बार खसरा हो जाने के बाद बच्चा अपने पूरे जीवन में कई तरह की स्वास्थ्य समस्या से भी जूझता है।

ऐसे में इससे बचाव के लिए सबसे ज्यादा जरूरी बच्चों का टीकाकरण है। शरीर पर चकत्ते, बुखार, खांसी खसरा के लक्षण हैं। इस तरह के लक्षण होने पर पीड़ित बच्चे को तुरंत डॉक्टर से दिखाया जाना चाहिए और उनकी सलाह अनुसार इलाज शुरू कर देना चाहिए।

गर्भवती महिलाओं को रुबेला का वैक्सीन देने से नवजात की जीवन रक्षा होती है। रुबेला के वैक्सीन नहीं लेने से स्टील बर्थ (मरे हुए बच्चे जन्म लेना) का खतरा बढ़ जाता है तो वहीं, कंजेनाइटल रुबेला सिंड्रोम, जिसमें दिल की समस्या, अंधापन जैसी समस्या होती है, इसका खतरा भी बढ़ जाता है।